

■ पश्चिम एशिया : उड़ानों में जोखिम के साथ बढ़ी लागत भी - 12



■ तेल की आपूर्ति पर दबाव कम करने के लिए लागू करें वर्क फ्रॉम होम हवाई यात्रा घटाएं - 12



■ भारत से जुड़ी कोई गुप्त गतिविधि अथवा कार्रवाई अब कनाडा में नहीं - 13



■ हर्षित राणा आईपीएल 2026 के पूरे टूर्नामेंट से बाहर - 14


आज का मौसम
27.0⁰ अधिकतम तापमान
17.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.12
सूर्यास्त 06.20

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

|कानपुर नगर|

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया 11:56 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 21 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 209, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# युद्ध से महंगा हुआ तेल...औद्योगिक डीजल 22 और प्रीमियम पेट्रोल दो रुपये लीटर बढ़ा

## वैश्विक तेल कीमतों में आए उछाल के बीच हुई वृद्धि, सामान्य तेल की कीमतों में बदलाव नहीं

- दिल्ली में प्रीमियम पेट्रोल अब 101.89 रुपये, औद्योगिक डीजल 109.59 रुपये हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रीमियम या उच्च श्रेणी के पेट्रोल की कीमत में शुक्रवार को दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई, जबकि औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को बेचे जाने वाला थोक डीजल लगभग 22 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। यह वृद्धि पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक तेल कीमतों में आए उछाल के बीच हुई है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रीमियम 95-ऑक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 101.89 रुपये कर दी गई है। इसके साथ ही, दिल्ली में थोक या औद्योगिक डीजल की कीमतें 87.67 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 109.59 रुपये कर दी गई हैं।

ईरान युद्ध तेज होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय तेल की कीमतें गुरुवार को 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, जो बाद में घटकर करीब 108 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं। दिल्ली में एक लीटर सामान्य पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये बनी हुई है, जबकि इसी श्रेणी का डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। सामान्य पेट्रोल की ऑक्टेन रेटिंग आमतौर पर 91-92 होती है और यह मानक इंजनों के लिए उपयुक्त है। यह रोजमर्रा की जरूरतों के लिए सही है। दूसरी ओर, प्रीमियम पेट्रोल की ऑक्टेन रेटिंग 95-98 होती है, जो इसे अधिक बेहतर इंजनों के लिए आदर्श बनाती है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। प्रीमियम श्रेणी में कुछ वृद्धि की सूचना मिली है, जो (देश में बेचे जाने वाले) कुल पेट्रोल का मुश्किल से 2 से 4 प्रतिशत हिस्सा है। आम आदमी के लिए कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है।



### 64 पैसे टूटा रुपया, सबसे निचले स्तर 93.53 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 64 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 93 .53 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल से घरेलू मुद्रा दबाव में है। मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से रुपये में करीब एक प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने साथ ही कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बढ़ते जोखिम ऊर्जा लागत को बढ़ा रहे हैं, जिससे व्यापार घाटा बढ़ सकता है और मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 92 .92 पर खुला। कारोबार के दौरान गिरता हुआ यह 93 के स्तर से नीचे चला गया। अंत तक इसमें गिरावट जारी रही और यह 93 .53 (अस्थायी) प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 64 पैसे की गिरावट है।

### जोमैटो ने बढ़ाया फूड डिलीवरी शुल्क, 14.90 रुपये प्रति ऑर्डर किया




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाले मंच जोमैटो ने उपयोगकर्ताओं से लिए जाने वाले मंच शुल्क में 2 .40 रुपये की बढ़ोतरी कर इसे 14 .90 रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। यह पहले 12 .50 रुपये था। उसकी प्रतिद्वंद्वी स्विगी अपने उपयोगकर्ताओं से जीएसटी सहित 14 .99 रुपये मंच शुल्क ले रही है। जानकारों के मुताबिक शुल्क में यह बढ़ोतरी अखिल भारतीय स्तर पर उन सभी बाजारों में की गई है, जहां जोमैटो परिचालन करता है। इसने पिछली बार सितंबर 2026 में मंच शुल्क बढ़ाया था। इस बीच, तीसरी सबसे बड़ी फूड डिलीवरी कंपनी मैजिकपिन ने फिलहाल मंच शुल्क में बढ़ोतरी से इनकार किया है।

# हवाई हमलों में ईरानी सेना के प्रवक्ता जनरल अली मोहम्मद नैनी की मौत

- ईरान ने कुवैती तेल रिफाइनरी पर हमला किया, इजराइल ने तेहरान पर की बमबारी

तेहरान/दुबई, एजेंसी

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने शुक्रवार तड़के अमेरिकी-इजराइली हवाई हमलों में अपने प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी के मारे जाने की पुष्टि की है। यह हमला उनके उस बयान के कुछ ही मिनटों बाद हुआ जिसमें उन्होंने चल रहे युद्ध के बावजूद मिसाइल उत्पादन जारी रहने की बात कही थी। गत 28 फरवरी को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद से ईरान के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ चल रहे अभियानों की श्रृंखला में यह एक और बड़ी घटना है।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिकी और इजराइली यह समझने में असमर्थ हैं कि ईरान के पास स्थापित राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संस्थानों के साथ एक मजबूत ढांचा है। ईरान ने शुक्रवार तड़के कुवैत की तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमला किया और इजराइल में हमलों की चेतावनी के रूप में सायरन बजने लगे। वहीं, फारसी नववर्ष के अवसर पर तेहरान में इजराइली हमलों से भयावह विस्फोटों की आवाज सुनाई दी। कुवैत ने कहा, मीना अल-अहमदी तेल रिफाइनरी पर दो बार ड्रोन हमलों के कारण आग लग गई। यह रिफाइनरी ईरान के एक अन्य हमले में पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिसकी क्षमता प्रतिदिन 7,30,000 बैरल तेल शोधित करने की है।



### अमेरिका तीन अतिरिक्त युद्धपोत व 2500 मरीन सैनिक कर रहा तैनात

**दुबई।** अमेरिकी सेना पश्चिम एशिया में तीन अतिरिक्त युद्धपोत और 2,500 अतिरिक्त मरीन सैनिकों की तैनाती कर रही है। एक अधिकारी ने पुष्टि की कि यूएसएस बॉक्सर और दो अन्य पोतों के साथ ही 11वीं 'मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट' के लगभग 2,500 मरीन सैनिक अपने गृह बंदरगाह सैन डिएगो से रवाना हो चुके हैं और पश्चिम एशिया की ओर जा रहे हैं। दो अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने जहाजों की तैनाती किए जाने की पुष्टि की। तीनों अधिकारियों ने संवेदनशील सैन्य अभियानों पर चर्चा करने के लिए नाम उजागर न करने की शर्त पर बात की।

### ईरान की विश्व के पर्यटन क्षेत्रों पर हमले की धमकी

**दुबई।** ईरान ने विश्व भर में मनोरंजन और पर्यटन स्थलों को निशाना बनाने की धमकी दी और इस बात पर जोर दिया कि वह अब भी मिसाइलें बना रहा है। शीर्ष ईरानी सैन्य प्रवक्ता ने शुक्रवार को धमकी दी कि दुनिया भर के पार्क, मनोरंजन क्षेत्र और पर्यटन स्थल तेहरान के दुश्मनों के लिए सुरक्षित नहीं रहेंगे। जनरल अबोलफजल शेखरची की धमकी ने इस चिंता को फिर से बढ़ा दिया है कि ईरान दबाव बनाने की रणनीति के रूप में पश्चिम एशिया से बाहर आतंकवादी हमलों का इस्तेमाल फिर से शुरू कर सकता है।

### युद्ध क्षेत्र में अब तक छह भारतीयों की गई जान

**नई दिल्ली।** बढ़ते संघर्ष के बीच विभिन्न घटनाओं में छह भारतीय नागरिकों की जान चली गई, जबकि एक अब भी लापता है। विदेश मंत्रालय के अपर सचिव (खाड़ी) असीम आर महाजन ने कहा, हमें 18 मार्च को रियाद में हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु की कल देर रात सूचना मिली।

## ब्रीफ न्यूज

### धोखाधड़ी : सीबीआई ने अनिल अंबानी से दूसरे दिन भी पूछताछ की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एसबीआई की शिकायत पर शुक्रवार को आरकॉम और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज 2,929 करोड़ के धोखाधड़ी मामले के संबंध में लगातार दूसरे दिन भी पूछताछ की। अंबानी सुबह करीब 10 बजे एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे। सीबीआई ने बैंक द्वारा कंपनी को जारी की गई ऋण निधि में धन के कथित हेरफेर, गबन और अन्य अनियमितताओं के संबंध में बृहस्पतिवार को उद्योगपति से जवाब मांगा था। शिकायत के अनुसार, कंपनी पर विभिन्न ऋणदाताओं का 40,000 करोड़ से अधिक का बकाया था, जिसमें अकेले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को 2018 के आंकड़ों के अनुसार 2,929 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

### ईशा फाउंडेशन के खिलाफ मानहानिकारक सामग्री हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक तमिल मीडिया प्रतिष्ठान को सद्गुरु जगदीश वासुदेव के ईशा फाउंडेशन के खिलाफ प्रकाशित कुछ मानहानिकारक सामग्री को हटाने का निर्देश दिया है। फाउंडेशन ने 2024 में पत्रिका नक्कीरन और उसके संपादक के खिलाफ मानहानि के आरोप में याचिका दायर की थी जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने 19 मार्च को अंतरिम आदेश पारित किया। अदालत ने पत्रिका की इस स्तर पर ही मुकदमे को खारिज करने की याचिका को भी अस्वीकार कर दिया।

# आंधी-बारिश व ओलावृष्टि का कहर, वज्रपात से पांच की मौत



- लखनऊ समेत कई जिलों में फसलों की तबाही, सीएम ने दिए राहत के निर्देश
- 50 जिलों में 80 किमी प्रति घंटा तक चली हवा, राजधानी में भी गिरे ओले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पश्चिमी विक्षोभ के असर से उप्र में मौसम ने अचानक विकराल रूप ले लिया। तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। इस दौरान वज्रपात से पांच लोगों की मौत हो गई। लखनऊ, अयोध्या, बाराबंकी और कानपुर समेत कई जिलों में ओले गिरने से खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल को बड़ा नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को मौके पर जाकर नुकसान का सर्वे और किसानों को राहत देने के निर्देश दिए हैं।

सबसे दर्दनाक घटनाएं ग्रामीण इलाकों में सामने आईं। बहराइच के हरदी क्षेत्र के बदनपुरवा गांव में किसान मुनऊं (पुत्र जलील) सरसों की फसल देखने जाते समय वज्रपात की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रयागराज के सोरांव में राम बहादुर (50) की बिजली गिरने से जान चली गई, जबकि बहादुरपुर क्षेत्र में किसान संग्राम यादव (60) की मौत हो गई और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल है, दो गायों की भी मौत हुई। बलरामपुर के धुसाह गांव में तीरथराम वर्मा (32) और मिर्जापुर के पड़री क्षेत्र में हरिशंकर (70) की भी वज्रपात से मौत हो गई। वहीं उन्नाव, सुल्तानपुर और अन्य जिलों में कई लोग झुलसे, जिनका इलाज चल रहा है। राजधानी लखनऊ में भी हालात बिगड़े रहे। तेज हवा व ओलावृष्टि से शहर के कई हिस्सों में बिजली व्यवस्था ठप हो गई। गोमतीनगर, चिनहट, आशियाना, बीकेटी समेत कई इलाकों में हजारों उपभोक्ता 1 से 4 घंटे तक बिजली संकट से जूझते रहे।

### लखनऊ में ओलावृष्टि

- राजधानी में भी ओलावृष्टि, सुबह नौ बजे अंधेरा
- छह हजार से ज्यादा उपभोक्ता बिजली संकट से प्रभावित
- कई इलाकों में एक से चार घंटे तक बिजली गुल
- तेज हवा से पोल और तार क्षतिग्रस्त

### अगले 24 घंटे का पूर्वानुमान

- गरज-चमक के साथ बारिश जारी रहने की संभावना
- 40-70 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवा
- कई स्थानों पर ओलावृष्टि और वज्रपात का खतरा
- तापमान में 2-3C और गिरावट संभव
- 24-48 घंटे बाद मौसम सामान्य होने के आसार

# सरल आयकर कानून के लिए नियम अधिसूचित, एक अप्रैल से होंगे प्रभावी

- इसमें वेतनभोगियों के लिए मकान किराया भत्ते पर बढ़े हुए कर लाभ का प्रावधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शुक्रवार को आयकर अधिनियम, 2025 के लिए नियमों को अधिसूचित कर दिया। इसमें वेतनभोगियों के लिए मकान किराया भत्ते पर बढ़े हुए कर लाभ का प्रावधान है, लेकिन मकान मालिक-किरायेदार के संबंधों का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया गया है। आयकर नियम, 2026 उस सरल प्रत्यक्ष कर कानून को लागू करेंगे, जिसे पिछले साल संसद ने मंजूरी दी थी। यह एक अप्रैल से प्रभावी होगा।

राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा गया, इन नियमों को आयकर नियम, 2026 कहा जा सकता है। संसद ने 12 अगस्त, 2025 को छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को बदलने के लिए एक नया आयकर विधेयक पारित किया था। यह कोई नई कर दर लागू नहीं करता है, बल्कि केवल भाषा को सरल बनाता है। इस अधिनियम ने अनावश्यक प्रावधानों और पुरानी भाषा को हटा दिया है और आयकर अधिनियम, 1961 की 819 धाराओं को घटाकर 536 और अध्यायों की संख्या 47 से घटाकर 23 कर दी है।

## संत की शरण में मुर्मू



वृंदावन में ब्रज प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संत प्रेमानंद जी महाराज से राधा केली कुंज आश्रम में 27 मिनट तक बातचीत की। इस दौरान आध्यात्म और समाज से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। प्रेमानंद महाराज ने उन्हें नाम जप को जीवन का मार्ग बताया।

# एक ही मामले में पर्ल्स ग्रुप की सर्वाधिक 22,000 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने चंडीगढ़ स्थित पीएसीएल (पर्ल्स ग्रुप) के खिलाफ धनशोधन की जांच के दौरान जब्ती की नई कार्रवाई की है और इस मामले में कुल 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। यह आंकड़ा एजेंसी द्वारा एक ही मामले में अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। पीएसीएल पर 48,000 करोड़ रुपये की पोंजी योजना में गड़बड़ी का आरोप है। ये 126 अचल संपत्तियां पंजाब और दिल्ली में स्थित हैं। ईडी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया गया है।

# नव संवत्सर पर बदला राममंदिर का धर्म ध्वज



- 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा हुआ था ध्वजारोहण वर्ष में दो बार बदला जाएगा ध्वज

**अयोध्या।** नव संवत्सर पर राममंदिर के 201 फिट ऊंचे स्थापित धर्म ध्वज को पहली बार बदलते हुए वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नवीन ध्वज आरोहित किया गया। विवाह पंचमी के मुहूर्त पर 25 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा राम मंदिर के शिखर पर रेशम के धागे से बने ध्वज का आरोहण किया गया था।

ध्वज को खासतौर पर अहमदाबाद में बनाया गया था। इस केसरिया रंग के ध्वज में कोविदार वृक्ष, सूर्य और ॐ अंकित किया गया है। राम मंदिर ट्रस्ट के आमंत्रित सदस्य व धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल जी राव ने शुक्रवार को बताया कि पहली बार जिस तरह 25 नवंबर को सेना के जवानों ने आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए ध्वज को चढ़ाने का कार्य किया था। उसे पूरी दुनिया देखा था। इसी तरह नव संवत्सर के शुभ मुहूर्त पर नए ध्वज को आरोहित किया गया है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा ने कहा कि राम मंदिर के इस ध्वज की मर्यादा और व्यवस्था को देखते हुए वर्ष में दो बार बदले जाने का निर्णय लिया गया है।

# 43 पुलिस उपाधीक्षक बने अपर पुलिस अधीक्षक

- गृह विभाग ने जारी किया प्रोन्नति का आदेश और सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) के 43 पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) को पदोन्नत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के पद पर प्रोन्नति प्रदान कर दी है।

गृह विभाग (अनुभाग-1) की ओर से जारी शासनादेश के तहत यह निर्णय लिया गया। शासनादेश के अनुसार, वेतनमान 15,600-39,100 ग्रेड पे 6,600 से वेतनमान 67,700-2,08,700 (लेवल-11) में पदोन्नति दी गई है। यह प्रोन्नति चयन वर्ष 2025-26 की रिक्तियों के सापेक्ष प्रदान की गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से वास्तविक प्रोन्नति का लाभ मिलेगा, जबकि वित्तीय लाभ नियमों के अनुसार देय होगा। सूची में राजेश कुमार तिवारी, अवनीश चंद्र श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कृष्ण, धर्मेंद्र कुमार यादव सहित कुल 43 अधिकारियों के नाम शामिल हैं। सरकार ने निर्देश दिया है कि सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यभार ग्रहण कर इसकी सूचना पुलिस मुख्यालय और शासन को उपलब्ध करानी होगी।

# केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को मिली जान से मारने की धमकी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद उनकी सुरक्षा की समीक्षा की गई। इस मामले में दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि फोन करने वाले का पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में पता चला है। कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी को 18 मार्च को सुबह करीब 11 बजे एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा फोन आया।

**संबोधन** संघ प्रमुख ने कहा- धार्मिक असहिष्णुता, जबरन धर्म परिवर्तन और श्रेष्ठता एवं हीनता के विचार अब भी मौजूद

# स्वार्थ और वर्चस्व की चाह दुनिया में संघर्षों की जड़ : भागवत

- नागपुर में एक सभा में बोले- स्थायी शांति एकता, अनुशासन व धर्म के पालन से ही प्राप्त की जा सकती


नागपुर, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में संघर्षों की जड़ स्वार्थ एवं वर्चस्व की चाह है तथा स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही प्राप्त की जा सकती है।

भागवत ने नागपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया 2,000 वर्षों से संघर्षों के समाधान के लिए विभिन्न विचारों के साथ प्रयोग करती रही है लेकिन उसे खास सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि धार्मिक असहिष्णुता, जबरन धर्म परिवर्तन और श्रेष्ठता एवं हीनता के विचार अब भी मौजूद हैं।

आरएसएस प्रमुख ने शहर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के विदर्भ प्रांत कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद इस सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का प्राचीन ज्ञान सिखाता है कि सभी जुड़े हुए हैं और एक हैं। उन्होंने संघर्ष से सौहार्द और सहयोग की ओर बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान भी धीरे-धीरे इसी समझ की ओर बढ़ रहा है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि दुनिया में संघर्षों की जड़ स्वार्थ एवं वर्चस्व की चाह है और स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही हासिल की जा सकती है।

भागवत ने आचरण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि धर्म केवल शास्त्रों तक सीमित नहीं रह सकता बल्कि यह लोगों के व्यवहार में भी दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के पालन के लिए निरंतर अभ्यास की जरूरत होती है और इसमें अक्सर व्यक्तिगत कठिनाई भी झेलनी पड़ती हैं।



### भारत का विश्वास मानवता में

भागवत ने कहा कि भारत मानवता में विश्वास करता है जबकि अन्य देश अस्तित्व के लिए संघर्ष और ताकतवर के टिके रहने के सिद्धांत को मानते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया को संघर्ष नहीं, बल्कि सौहार्द की जरूरत है। भागवत ने कहा कि जारी संघर्षों के बीच दुनिया भर से आवाजें उठ रही हैं कि केवल भारत ही युद्धों को समाप्त कर सकता है क्योंकि यह देश का स्वभाव है। उन्होंने कहा कि लड़खड़ाती दुनिया को धर्म की बुनियाद देकर उसमें संतुलन बहाल करना भारत की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, भारत के लोग मानवता के नियम का पालन करते हैं, लेकिन बाकी दुनिया जंगल के नियम का पालन करती है। लड़खड़ाती दुनिया को धर्म की बुनियाद देकर उसमें संतुलन बहाल करना हमारा काम है।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी ईद की शुभकामनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। ईद पर जारी अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि रमज़ान माह के उपरांत मनाया जाने वाला यह पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी को परोपकार, सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति और अधिक प्रेरित करे। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों से अपील की कि इस अवसर पर सभी सामाजिक समरसता और सद्भाव को और सुदृढ़ करने का संकल्प लें तथा एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना को बढ़ाएं।

### कानपुर मेट्रो परियोजना अगले वर्ष होगी पूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कानपुर मेट्रो परियोजना तेजी से अपने विस्तार की ओर बढ़ रही है। कॉरिडोर-1 के शेष हिस्से में जल्द यात्री सेवाएं शुरू होने की तैयारी है, जबकि कॉरिडोर-2 का निर्माण कार्य भी तेज गति से जारी है, जिसे मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। आईआईटी कानपुर से कानपुर सेंट्रल तक मेट्रो सेवा पहले से संचालित है। कॉरिडोर-1 के बारादेवी से नौबस्ता तक पांच एलिवेटेड स्टेशनों पर ट्रायल रन जारी है और जल्द ही यहां यात्री सेवाएं शुरू होने की उम्मीद है। कुल 23 किमी लंबे इस कॉरिडोर में 15.4 किमी सेक्शन चालू है, जबकि शेष हिस्से में अंडरग्राउंड व एलिवेटेड निर्माण अंतिम चरण में है। कॉरिडोर-2 के तहत सीएसए यूनिवर्सिटी से बर्रा तक 8.6 किमी लंबे रूट पर निर्माण तेजी से चल रहा है। रावतपुर से डबल पुलिया तक भूमिगत स्टेशन और टीबीएम सुरंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जबकि एलिवेटेड सेक्शन पर भी तेजी से काम जारी है।

### मिशन शक्ति जागरूकता अभियान आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर योगी सरकार का 'मिशन शक्ति 5.0' दूसरे चरण में पहुंच गया है। इसके तहत शनिवार को प्रदेशभर में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महिला कल्याण विभाग द्वारा नवरात्र के अवसर पर ग्राम, ब्लॉक और जनपद स्तर पर एक साथ मोबाइल वैन, कैंप और स्टॉल के जरिए महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। यह अभियान 20 अप्रैल तक प्रतिदिन संचालित होगा। निदेशक डॉ. वंदना वर्मा के अनुसार, अभियान के तहत गांव-गांव तक पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

### कृषि क्षेत्रीय सम्मेलन 17 को लखनऊ में

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन लखनऊ में 17 अप्रैल को किया जाएगा। इस आयोजन में यूपी के मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के साथ ही हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू- कश्मीर और लद्दाख राज्यों के कृषि मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। कृषि विभाग ने इसकी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि केन्द्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के साथ ही महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा भी होगी। सम्मेलन का स्थान जल्द ही तय किया जाएगा।



ईद-उल-फितर के अवसर पर सुरक्षा को लेकर पुराने लखनऊ के नक्खास क्षेत्र में मार्च करती पुलिस टीम। अमृत विचार

# ईद को लेकर प्रदेश में हाई अलर्ट

## सड़कों पर नहीं होगी नमाज, डीजीपी रखेंगे सीधे लखनऊ से नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ड्रोन से होगी निगरानी, पुलिस रस्सा लेकर निकाय कर्मियों के साथ रोकेगी जानवर

**अमृत विचार:** ईद-उल-फितर के पर्व को देखते हुए प्रदेश भर में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस ने धार्मिक स्थलों के आसपास शुक्रवार की देर रात से ही गश्त तेज कर दी गई, वहीं सुरक्षा एजेंसियों को चौकन्ना कर दिया गया। शनिवार को नमाज के दौरान प्रदेश के सभी जिलों में ड्रोन से निगरानी की होगी। उधर, लखनऊ से डीजीपी और अन्य आला अफसर प्रदेश भर की कानून व्यवस्था पर सीधे नजर रखेंगे।

शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व है। इस दौरान सुबह ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। इसके लिए डीजीपी राजीव कृष्ण की ओर से पहले ही साफ कर दिया गया था कि जिलों के पुलिस अधिकारी धार्मिक नेताओं के साथ बात कर तय कर लें कि सड़कों पर नमाज नहीं होगी। धार्मिक स्थलों के पास रात को ही पुलिस तैनात कर दी जाएगी। नमाज के दौरान कोई भी जानवर व्यवधान पैदा नहीं कर पाए, इसके लिए पुलिस नगर निगम के कर्मियों के साथ रस्सा लेकर रहेगी। हालांकि सभी पालकों को पहले ही हिदायत दे दी गई है कि वह शनिवार को नमाज के दौरान जानवरों को बाड़ों में बंद रखें।

### मंदिरों पर भी होगी कड़ी सुरक्षा

ईद के साथ ही नवरात्र भी चल रहे हैं। ऐसे में साफ तौर पर निर्देश हैं कि मंदिरों पर भी कड़ी सुरक्षा रखी जाए। नवरात्र की पूजा अर्चना में कोई भी रुकावट नहीं आनी चाहिए। कोई भी असामाजिक तत्व गलत फायदा उठाने का प्रयास नहीं करे। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मिली मंजूरी

## 19 इकाइयों को 35 करोड़ सब्सिडी, जिलों में लगेंगी इकाइयां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को नई रफ्तार, किसानों को सीधा लाभ

**अमृत विचार:** प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को गति देने के लिए कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय एम्पावर्ड कमेटी (एसएलईसी) की शुक्रवार को हुई 17वीं बैठक में करीब 300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में 19 परियोजनाओं के लिए 35 करोड़ रुपये की सब्सिडी स्वीकृत की गई, जिससे प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

बैठक में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि अब तक स्वीकृत 600 करोड़ रुपये में से 318.64 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। कुल 353 निवेशकों को अनुदान हस्तांतरित किया गया है, जिनमें 100 इकाइयों को दूसरी और 253 इकाइयों को पहली किस्त जारी की गई है। चालू वित्तीय वर्ष में 300 करोड़ रुपये के बजट के सापेक्ष 19 जनवरी 2026 तक 168.66 करोड़ रुपये (56.22%) का भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष भुगतान प्रक्रिया में है।



बैठक में अमरोहा, मेरठ, कानपुर नगर, गोरखपुर, अयोध्या, लखीमपुर खीरी, बुलंदशहर, एटा, कौशांबी और रामपुर समेत कई जिलों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। रेडी-टू-ईट उत्पाद, हेल्दी स्नैक्स, पैकेज्ड फूड और कृषि आधारित इकाइयों की स्थापना से स्थानीय किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

बैठक में थर्ड पार्टी निरीक्षण एजेंसी के प्रतिनिधि एनएल साहू (वाइस प्रेसिडेंट), राजमिथिलेश कुमार (वरिष्ठ सलाहकार) और ई. श्याम कटारे (मैकेनिकल इंजीनियर) उपस्थित रहे। उत्कृष्ट सत्यापन कार्य के लिए इन्हें सम्मानित भी किया गया। झांसी में पीनट प्रोसेसिंग यूनिट को बढ़ावा देने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### इन जिलों को फायदा

अमरोहा, मेरठ, कानपुर नगर, गोरखपुर, अयोध्या, लखीमपुर खीरी, बुलंदशहर, एटा, कौशांबी, रामपुर

### ये होगा असर

- * किसानों को उत्पाद का बेहतर दाम
- * फूड प्रोसेसिंग से वैल्यू एडिशन
- * रोजगार के अवसर
- * प्रदेश बनेगा टेक्सटाइल/फूड हब की दिशा में मजबूत

# एसआईआर : 99.7 फीसदी सुनवाई पूरी

## 27 मार्च तक पूरी हो जाएगी आवेदनों पर लंबित दावों की सुनवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 अप्रैल को प्रकाशित की जाएगी अंतिम मतदाता सूची

**अमृत विचार:** प्रदेश भर में मतदाता सूची को लेकर एसआईआर के तहत 99.70 फीसदी दावों की सुनवाई पूरी हो चुकी है। शेष जो भी दावे बचे हैं, उनके लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा गया है कि वह 27 मार्च तक सुनवाई कर उनका निस्तारण कर दें। 10 अप्रैल को फाइनल मतदाता सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के मुताबिक, यदि किसी कारणवश नाम मतदाता सूची में छूट गया है, तो वह फॉर्म-6 भरकर स्वयं को मतदाता के रूप में पंजीकृत करा सकते हैं। 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद सभी लोग अपना नाम अवश्य जांच लें। मतदाता सूची अब डिजिटल माध्यमों पर आसानी से उपलब्ध है, जिसे मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से देखा जा सकता है। यदि किसी मतदाता के नाम, आयु, फोटो या अन्य विवरण में त्रुटि हो, तो उसे फॉर्म-8 के माध्यम से ठीक कराया जा सकता है।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा

### पहचान पत्र मिलेगा 15 दिनों के अंदर

निर्वाचन आयोग के मुताबिक, अब नए मतदाताओं का नाम सूची में शामिल होने के 15 दिनों के भीतर ही मतदाता पहचान पत्र डाक के माध्यम से उनके पते पर भेज दिए जाएंगे। नागरिकों से कहा गया है कि आवेदन करते समय अपना नाम हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों में सही दर्ज करें तथा पूरा पता व पिन कोड स्पष्ट रूप से भरें, जिससे किसी प्रकार की त्रुटि या विलंब न हो।

### 6 मार्च के बाद मिले आवेदन भी जुड़ेंगे सूची में

मतदाता सूची को लेकर एसआईआर का कार्य 6 मार्च तक ही होना था। लेकिन मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जो लोग छह मार्च तक नाम बढ़ाने के लिए आवेदन नहीं दे पाए हैं, वह परेशान न हों। 6 मार्च के बाद जो भी आवेदन प्राप्त होंगे, उनके नामों को भी परीक्षण के बाद मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा।

# यूपी-टीईटी का कार्यक्रम घोषित, आवेदन 27 से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग ने यूपी शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी-टीईटी) 2026 का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। आयोग की ओर से जारी विज्ञापन 25 मार्च से आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा, जबकि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 27 मार्च से शुरू होगी।

आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह के अनुसार, इस बार अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) अनिवार्य किया गया है। अभ्यर्थियों को पहले ओटीआर पूरा करना होगा, उसके बाद ही वे आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा प्राथमिक (कक्षा 1-5) और उच्च प्राथमिक (कक्षा 6-8) स्तर के लिए आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि आवेदन से पहले विस्तृत विज्ञापन व दिशा-निर्देश ध्यान से पढ़ लें।

### महत्वपूर्ण तिथियां

- *आवेदन व शुल्क जमा करने की प्रक्रिया 27 मार्च से शुरू
- *अंतिम तिथि : 26 अप्रैल 2026
- *संशोधन की अंतिम तिथि : 1 मई 2026
- * परीक्षा : 2, 3 और 4 जुलाई 2026

# 1,228 नर्सिंग अधिकारियों को कल मिलेंगे नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए योगी सरकार 22 मार्च को 1,228 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 492 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे, जबकि 736 अभ्यर्थियों को प्रदेश के 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज और 2 संस्थानों में जनप्रतिनिधियों द्वारा लाइव कार्यक्रम के दौरान पत्र सौंपे जाएंगे।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष के अनुसार, चिकित्सा शिक्षा विभाग में रिक्त पदों को भरने के लिए यह भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई है। लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा चयनित इन अभ्यर्थियों की तैनाती आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, कन्नौज, आजमगढ़, जालौन, सहारनपुर, बांदा और बदायूं के मेडिकल कॉलेजों के साथ जेके कैंसर संस्थान व हृदय रोग संस्थान, कानपुर में की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग की सचिव एवं महानिदेशक डॉ. सारिका मोहन ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों में 1,097 महिलाएं और 131 पुरुष शामिल हैं।

## राज्य की प्रगति का पैमाना लोगों का बेहतर स्वास्थ्य : राज्यपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि किसी भी राज्य की प्रगति उसके नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन सुरक्षा से आंकी जाती है। स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। राज्यपाल ने शुक्रवार को वृंदावन धाम स्थित रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम चैरिटेबल अस्पताल के कैंसर ब्लाक के लोकार्पण कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के आदर्श को रामकृष्ण मिशन ने 118 वर्षों से साकार किया है। एक छोटे से सेवा केंद्र से 400 बेड के बहु-विशेषता वाले अस्पताल तक की यात्रा सेवा एक विराट स्वरूप की झलक है।



# मालिनी बनीं प्रोफेसर सिखाएंगी सुरों का जादू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीसीएसयू में 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' पद पर नियुक्ति



**अमृत विचार:** पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) मेरठ में 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' के पद पर नियुक्त किया गया है। विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जिसके तहत उन्हें एक वर्ष के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक लोककला और संगीत को अकादमिक पाठ्यक्रम से जोड़ना है, ताकि छात्र केवल सैद्धांतिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी हासिल कर सकें। विश्वविद्यालय ने इसी क्रम में शैलेंद्र जायसवाल को भी इसी पद पर नियुक्त किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, नई शिक्षा नीति (एनइपी) के तहत 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' की अवधारणा को लागू किया जा रहा है, जिसमें अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ सीधे छात्रों को प्रशिक्षण देते हैं। मालिनी अवस्थी अब छात्रों को लोकसंगीत, ठुमरी, कजरी और पूर्वांचल की गायकी की बारीकियां सिखाएंगी।

## एडेड विद्यालयों के शिक्षकों को ओपीएस का विकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का विकल्प देने का निर्णय लागू कर दिया गया है। यह फैसला वित्त विभाग के 28 जून 2024 के शासनादेश के तहत लिया गया है। विशेष सचिव उमेश चन्द्र ने निर्देश जारी कर कहा है कि शिक्षक अब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के स्थान पर ओपीएस चुन सकेंगे। आगे की प्रक्रिया वित्त विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी। लंबे समय से मांग कर रहे शिक्षकों के लिए यह निर्णय राहत भरा है, जिससे सेवानिवृत्ति के बाद सुरक्षित पेंशन लाभ मिल सकेगा।

# एकमुश्त समाधान योजना लागू बकायेदारों को मिलेगी राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आवासीय, व्यावसायिक और संस्थागत सभी संपत्तियों पर लागू
- एकमुश्त भुगतान पर तीन फीसदी छूट, किस्तों में भी आसान विकल्प

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने आवास एवं विकास परिषद, विकास प्राधिकरणों और विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों के बकायेदारों को राहत देते हुए 'एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस)-2026' लागू कर दी है। यह प्रस्ताव हाल ही में कैबिनेट से मंजूर हुआ था, जिसके बाद शुक्रवार को प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद की ओर से शासनादेश जारी होते ही योजना प्रभावी कर दी गई।

शासनादेश के अनुसार, यह योजना आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत संपत्तियों, सहकारी समितियों और मानचित्र स्वीकृति से जुड़े मामलों पर लागू होगी। लंबे समय से बकाया जमा न कर पाने वाले डिफॉल्टर आवंटियों को अब राहतपूर्ण अवसर दिया गया है। योजना की खास बात यह है कि डिफॉल्टरों से दंडात्मक ब्याज नहीं लिया जाएगा, बल्कि केवल साधारण ब्याज पर बकाया निपटान का विकल्प मिलेगा। इससे हजारों आवंटियों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।

आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से होगी, जिसके लिए तीन माह की समय-सीमा तय की गई है। आवेदन के साथ निर्धारित प्रोसेसिंग फीस और प्रारंभिक धनराशि जमा करनी होगी। भुगतान व्यवस्था को भी सरल बनाया गया है। 50 लाख रुपये तक के बकाये पर एक-तिहाई राशि 30 दिन में जमा करनी होगी, जबकि शेष राशि तीन माह में किस्तों में देनी होगी। 50 लाख से अधिक बकाये पर सात माह तक का समय मिलेगा। वहीं, 30 दिन के भीतर पूरा भुगतान करने पर 3 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि समयसीमा के भीतर भुगतान न करने पर भू-राजस्व की तरह सख्त वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

## कृषि व किसान कल्याण को वित्तीय मंजूरी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए कृषि विकास और किसानों की आय बढ़ाने हेतु विभिन्न योजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृतियां जारी की हैं। प्राकृतिक खेती, खाद्य सुरक्षा, कृषि प्रसार और बीज उत्पादन पर धन खर्च होगा।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए 48.89 करोड़, कृषि एक्सटेंशन हेतु 36.19 करोड़ और प्राकृतिक खेती के लिए 19.68 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा ऑयल सीड, फूड सिक्योरिटी, आलू केंद्र और प्रशासनिक कार्यों के लिए भी बजट आवंटित किया गया है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने इसे किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम बताया।

**बदलती तस्वीर** | पिछली चार जीबीसी में 15 लाख करोड़ रुपये जमीन पर, अब नए निवेश की बारी

# 7.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई देने के लिए योगी सरकार 7.5 लाख करोड़ की परियोजनाओं के साथ पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) की तैयारी में जुटी है। इससे पहले चार जीबीसी के जरिए करीब 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं धरातल पर उतारी जा चुकी हैं, जो प्रदेश की बदलती निवेश तस्वीर का संकेत है।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मॉडल ने प्रदेश को निवेश के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित किया है। 2017 के बाद सरकार ने सबसे पहले सिस्टम में सुधार (रिफॉर्म) किया, फिर नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन (परफॉर्म) पर जोर दिया और अंततः प्रदेश की छवि में व्यापक बदलाव (ट्रांसफॉर्म) लाया। निवेश प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत 13 अधिनियमों में 99% छोटे आपराधिक प्रावधान समाप्त किए गए। साथ ही एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं के जरिए उद्योगों के लिए मजबूत आधार तैयार किया गया।

प्रदेश को अब तक 50 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। सेक्टर आधारित विकास के तहत फिल्म सिटी, टॉय पार्क, फार्मा पार्क, मेगा टेक्सटाइल पार्क, परफ्यूम पार्क और विभिन्न औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। सरकार का फोकस अब एआई, डेटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत विनिर्माण जैसे हाईटेक क्षेत्रों पर है, जिससे रोजगार और निवेश दोनों को गति मिल रही है। योगी सरकार की रणनीति ने उत्तर प्रदेश को सबसे आकर्षक निवेश गंतव्यों में भी शामिल कर दिया है।

## नंदिनी कृषक समृद्धि योजना से डेयरी सेक्टर को मिली रफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार की 'नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना' प्रदेश में डेयरी क्षेत्र को मजबूती दे रही है। तीन वर्षों में 204 डेयरी इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार, योजना के प्रभावी संचालन के लिए बैंक ऋण और अनुदान प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। वर्ष 2023-24 में 50 इकाइयों के लक्ष्य के सापेक्ष अधिकांश मामलों में स्वीकृति अंतिम चरण में है, जबकि 2024-25 में 40 इकाइयों पर काम तेजी से चल रहा है। वर्ष 2025-26 में 57 जनपदों में 114 नई इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# बढ़े मानदेय से वंचित हो सकते विद्युत विभाग के संविदा कर्मी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


- पावर कारपोरेशन के एमडी ने मानदेय नहीं बढ़ाने के लिए सरकार को भेजा है पत्र

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार जहां विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों का मानदेय 8 से 10 हजार रुपये तक बढ़ाने की दिशा में कदम उठा रही है, वहीं पावर कॉरपोरेशन के करीब 80 हजार संविदा कर्मियों को इस लाभ से वंचित रहना पड़ सकता है। इसकी वजह कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार द्वारा सरकार को लिखा गया पत्र माना जा रहा है।

दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिसंबर में आउटसोर्स कर्मियों के लिए सेवा निगम बनाने की घोषणा की थी, जिससे उन्हें बेहतर वेतन और सुविधाएं मिल सकें। लेकिन पावर कॉरपोरेशन के एमडी ने प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन को पत्र भेजकर कंपनी एक्ट के तहत गठित पब्लिक कंपनी होने का हवाला देते हुए कॉरपोरेशन को आउटसोर्स सेवा निगम की व्यवस्था से बाहर रखने की मांग की।

पत्र में कहा गया है कि विद्युत विभाग में तैनात आउटसोर्स कर्मियों की नियुक्ति जेम पोर्टल के जरिए सेवा प्रदाता कंपनियों द्वारा की जाती है और प्रदेश के 149 वितरण मंडलों में स्थानीय स्तर पर इनका चयन होता है। ऐसे में निगम के प्रावधान लागू करना व्यावहारिक नहीं होगा।

उधर, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने इसे कर्मियों के साथ अन्याय करार दिया है। उनका कहना है कि यदि यह प्रस्ताव लागू हुआ तो हजारों संविदा कर्मचारी बढ़े मानदेय से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर सभी आउटसोर्स कर्मियों को निगम के दायरे में लाने और बढ़ा मानदेय सुनिश्चित करने की मांग की है।




## न्यूज ब्रीफ

### शांतिपूर्ण ढंग से संपंन हुई अलविदा की नमाज

**घाटमपुर ।** शुक्रवार को पतारा कस्बे में नूरी मस्जिद व मदीना मस्जिद में पुन: अलविदा जुमा की नमाज अदा कराई गई। अलविदा जुमा की नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी और अमन चैन और देश की तरक्की के लिए दुआएं मांगी। पतारा नूरी मस्जिद में मौलाना मंजूर मुशाहिदी ने नमाज अदा कराई वहीं जहांगीराबाद की मदीना मस्जिद में पेश इमाम तौसीफ रजा ने नमाज अदा कराई। अलविदा नमाज़ के मद्देनजर पतारा चौकी इंचार्ज ललित शर्मा, एसआई नरेंद्र प्रताप सिंह, एसआई हंसराम, एस आई वीरेंद्र सिंह एवं हेड कांस्टेबल मानू सतर्क रहे।

### महिला से छेड़छाड़ पर रिपोर्ट दर्ज

**हमीरपुर।** थानाक्षेत्र के एक गांव में युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ छेड़खानी की। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव निवासी पीड़िता ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को 8 बजे गांव निवासी गोधन उर्फ छोटू घर में घुस आया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा वहीं शोर मचाने पर भाग निकला, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के मवई जार गांव निवासी प्रमोद पुत्र बच्चा कुशवाहा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 15 वर्षीय पुत्री गांव के प्राथमिक विद्यालय में सातवीं कक्षा की छात्रा है। गुरुवार की रात 9:00 बजे करीब पुत्री को अज्ञात युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुत्री बिना जानकारी दिए हुए घर से 5000 रुपये व मोबाइल फोन अपने साथ लेकर मकान के पीछे के दरवाजा से चली गई। पुत्री को गायब पाकर रिश्तेदारों में तलाश किए जाने पर सुराग नहीं लग रहा। पिता ने पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की अज्ञात युवक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दो ग्राम पंचायतों में लगी चौपाल

**हमीरपुर ।** विकासखंड क्षेत्र के गिमुहा व मिश्रीपुर मे ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मौके पर आई 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिश्रीपुर में सचिव जमाल अहमद की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के राजू ने पीएम किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत की। जिस पर मौके पर केवाईसी कराया गया। छुट्टन ने नाली निर्माण की शिकायत की। रामजीवन ने वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत की। जिनकी केवाईसी कराई गई। गिमुहा गांव में सचिव विपिन कुमार की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल में तीन शिकायतें आई। जहां ऊषा ने शौचालय न मिलने, नीलम ने परिवार रजिस्टर की नकल न मिलने व शिव नारायण ने आवास की मांग की।

# बंसठी झील का होगा कायाकल्प बनेगी लोगों के आकर्षण का केंद्र

## झील के सौंदर्यीकरण के लिए जिला प्रशासन ने दी 20 लाख रुपये की सौगात

शैलेश शुक्ला , चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बंसठी गांव स्थित झील का जल्द ही कायाकल्प होगा। झील को विकसित करने के लिए जिला प्रशासन ने 20 लाख रुपये की सौगात देकर ब्लॉक प्रमुख से इसमें जल्द कार्य शुरू कराए जाने की बात कही है। झील को भव्य व आकर्षक बनाने के लिए क्षेत्र पंचायत से भी लगभग इतना ही पैसा लगाए जाने की योजना है। ऐसे में अब यह झील स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगी।

विकास खंड क्षेत्र के बंसठी गांव में लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में फैली विशाल झील में सारस समेत सर्दी के दिनों में विभिन्न प्रकर के पक्षियों का कलरव सुनाई देता है। झील में विकास की तमाम संभावनाओं को लेकर बीते वर्ष ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला ने इसका सौंदर्यीकरण कराये जाने के लिए जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह से इसका निरीक्षण कराया था। विस्तृत क्षेत्र में फैली यह झील निकली गंग नहर से सीधा जुड़ी है। सारस समेत कई प्रजाति के पक्षियों के प्रजनन की जानकारी पर लघु सिंचाई विभाग द्वारा यहां सारस प्रजनन केंद्र भी बनवाया गया है। झील को देखकर डीएम बेहद प्रभावित हुए थे और इसके सुंदरीकरण का आश्वासन ब्लॉक प्रमुख को दिया था। प्राचीन झील को विकसित कर इसे नया व आकर्षक रूप देने के लिए ब्लॉक प्रमुख द्वारा किया गया प्रयास आखिर रंग लाया। बकौल ब्लॉक प्रमुख झील के सुंदरीकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा 20 लाख रुपये की स्वीकृत मिली है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र पंचायत से भी इतनी ही रकम झील के कायाकल्प पर खर्च किये जायेंगे।

● क्षेत्र पंचायत भी झील को संवारने में 20 लाख रुपये का देगा योगदान



इसी बंसठी झील का होगा कायाकल्प।

### वैज्ञानिकों की टीम भी कर चुकी है झील का सर्वे

**चौबेपुर।** बंसठी झील का वातावरण पक्षी प्रवास के अनुकूल है। क्षेत्र में पक्षी प्रवास की बेहतर संभावना को देखते हुए करीब दो वर्ष पहले आगरा से डॉ के पी सिंह की अगुवाई में चार सदस्यीय वैज्ञानिकों की टीम ने भी इसका सर्वे कर ग्रामीणों से पक्षियों के बाबत जानकारी हासिल की थी। तब पूर्व प्रधान मनीष त्रिपाठी ने टीम को बताया था कि सारस तो प्राय: हर मौसम में मौजूद रहते हैं। सर्दी के दिनों में कई तरह के देशी विदेशी पक्षियों का जमावड़ा झील के आसपास रहता है। निकट ही नहर मौजूद होने से झील में पानी की कमी किसी भी मौसम में नहीं रहती। झील में हमेशा पानी उपलब्ध रहने से पशु पक्षियों की प्यास बुझती है। वैज्ञानिक टीम ने पक्षियों के प्रवास के लिए यहां का वातावरण पूरी तरह से अनुकूल बताया था। टीम ने वन विभाग के अधिकारियों को अपनी सर्वे रिपोर्ट दिए जाने के पश्चात शासन को रिपोर्ट भेजने की बात कही थी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# बिल्हौर में लायर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ग्रहण की शपथ

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार ।** तहसील सभागार में शुक्रवार को लायर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ।

मुख्य अतिथि बार काउंसिल सदस्य एडवोकेट अंकज मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अंकज मिश्रा, विशिष्ट अतिथि एसडीएम डॉ. संजीव कुमार दीक्षित एवं एसीपी मंजय सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। शपथ लेने वालों में अध्यक्ष जनार्दन यादव, महामंत्री कुशल पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऋषिनारायण गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव कुमार शर्मा, मंत्री अमरेश कुमार, कोषाध्यक्ष रीतेश गुप्ता, अंकेक्षक गौरव शर्मा, संयुक्त मंत्री प्रकाशन रमाकांत राठौर, संयुक्त मंत्री प्रशासन अनिरुद्ध शुक्ला, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय कामयाब हुसैन शामिल रहे।इसके अलावा वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोज सक्सेना, नीरज राठौर, दीपक सिंह व दीपक जैसवाल तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सूरज तिवारी, सुनील कुमार, विकास कुमार और अरविंद कुमार ने भी शपथ ली। समारोह के दौरान अतिथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनसे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करने और न्यायिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष ब्रजेश कटियार, महामंत्री सौरभ कटियार, एकीकृत बार एसोसिएशन अध्यक्ष विनीत गुप्ता, महामंत्री अनुराग द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष आलोक मिश्रा बोधराज भदौरिया, राजकुमार भदौरिया, महामंत्री महेंद्र कुशवाह, राजीव कटियार, अनिल अग्निहोत्री, जगत यादव, सुबोध यादव, अमित मिश्रा, शीलू अग्निहोत्री, अमित तिवारी, योगेन्द्र शुक्ला आदि रहे।




शपथ ग्रहण के दौरान मौजूद पदाधिकारी और अतिथि। अमृत विचार

# भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर मांगी सुख और समृद्धि

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान के साथ की गई। सुबह होते ही देवी मंदिरों के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भक्तों ने माता के दर्शन कर उनकी पूजा पाठ कर सुख व समृद्धि मांगी।

कस्बा क्षेत्र के मां कूष्मांडा देवी मंदिर सहित प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की आवाजाही बनी रही। जय माता दी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजते रहें। महिलाओं ने विशेष रूप से माता ब्रह्मचारिणी को फूल, फल और प्रसाद अर्पित कर पूजा की। कई श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास रखकर माता की भक्ति में समय बिताया।



माता के दर्शन को जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी के स्वरूप की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन माता की आराधना करने से तप, त्याग और संयम की शक्ति प्राप्त होती है। कस्बा क्षेत्र के भदरस भद्रकाली मंदिर, परास मोड़ दुर्गा मंदिर, बिरहर भद्रकाली मंदिर,नागेलिन नगेली माता मंदिर सहित आदि देवी मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों जमवाड़ा लगा रहा। महिलाओं ने मंदिरों में ढोलक मंजीरा के साथ देवी गीत गाए। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# कथा के दूसरे दिन श्रीराम का जन्म होते ही गूंजा जय श्रीराम

**बिल्हौर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ककवन कस्बे के ऐतिहासिक एवं प्राचीन सिद्धपीठ दुर्गा मंदिर परिसर में भक्ति की अविरल धारा बह रही है। मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य आलोक कुमार पांडे ने प्रभु श्री राम के जन्म प्रसंग का अत्यंत मनोहारी और विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कथा के दौरान पूरा मंदिर परिसर 'जय श्री राम' के उद्घोष से गुंजायमान रहा। श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस की कथा का शुभारंभ करते हुए आचार्य आलोक कुमार पांडे ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान मानवीय रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। उन्होंने राजा दशरथ के यहां पुत्रेष्टि यज्ञ और उसके उपरांत भगवान राम के प्राकट्य की कथा को इतने सजीव ढंग से सुनाया कि उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

# निर्माण कार्य में विरोध पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के मुस्ता गांव निवासी अशोक तिवारी पुत्र स्व सुखनंदन लाल ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 18 मार्च को वह अपनी जमीन पर निर्माण कार्य करा रहे थे।

शाम के समय गांव निवासी जो कि वर्तमान समय में नवाबगंज कानपुर में रहते हैं। यहां पर गौरव दीक्षित व शिवम पुत्रगण विजय कुमार अपने दो साथियों के साथ आए व गाली गलौज करने लगे। साथ ही अशोक तिवारी के साथ मारपीट की व निर्माण की गई दीवार को गिरा दिया। साथ ही वहां पर रखा भूसा गेहूं व अन्य सामग्री में इन लोगों ने आग लगा दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस जाचं कर रही है।

### डाई पीने से युवक की हालत गंभीर

**हमीरपुर ।** महोबा जनपद के एक गांव में डाई पीने के बाद एक युवक को गंभीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महोबा जनपद के ग्राम चमर खन्ना निवासी बुद्धू (45) पुत्र कंधी लाल ने गुरुवार की देर रात अज्ञात कारणों अपने घर में डाई पी ली जिस पर उसकी हालत बिगड़ते देख उसके परिजनों ने उसे आनन फानन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।




**आयोजन**

विद्यार्थियों को गौरैया के बारे में जानकारी देने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

# विश्व गौरैया दिवस पर दिलाई संरक्षण की शपथ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विकास खंड उमर्दा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय किनौरा में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों को गौरैया के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रा मानसी प्रथम, मोहिनी द्वितीय व प्रांशी तृतीय स्थान पर आई।

सहायक अध्यापक वैभव राजपूत ने बताया कि विश्व गौरैया दिवस प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य शहरीकरण, प्रदूषण व कटते पेड़ों की वजह से विलुप्त हो रही गौरैया का संरक्षण करना है। गौरैया पारिस्थितिक संतुलन और जैव विविधता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो अब घरों से गायब हो चुकी है। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने गौरैया बचाने की शपथ ली। साथ ही कक्षा आठ के विद्यार्थियों मानसी, प्रांशी, काजल, पलक, मोहिनी, नीलम, राखी, रश्मि, अमन, अंकित, सृष्टि ने भी चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। दूसरी ओर डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ ने बताया कि कार्यालय कर्मियों को घोसला का वितरण किया गया। साथ ही जागरूकता अभियान चला। 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस पर सदर ब्लॉक क्षेत्र के हरदोई मार्ग पर स्थित राजकीय नर्सरी में कार्यक्रम का आयोजन होगा।




कंपोजिट स्कूल किनौरा के विद्यार्थी पेंटिंग दिखाते हुए। अमृत विचार

● उमर्दा के कंपोजिट विद्यालय किनौरा की छात्रा मानसी प्रथम, मोहिनी द्वितीय व प्रांशी तृतीय स्थान पर रहीं

## न्यूज ब्रीफ

### आर्म्स एक्ट के दोषी को एक हजार का अर्थदंड

**कानपुर देहात।** अवैध असलहे और कारतूस के साथ पकड़े गए युवक को पंद्रह साल बाद सजा मिली। भोगनीपुर ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने आरोपी को दोष सिद्ध किया। इसके बाद कोर्ट ने आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई। साथ ही एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। बताया गया कि सट्टी निवासी भारत रैदास पुत्र नाथूराम को 14 नवंबर 2010 को अवैध असलहा और कारतूस के साथ पकड़ा गया था। उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। कोर्ट ने कहा, अर्थदंड अदा नहीं करने पर आरोपी को 15 दिनों का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### ई-रिक्शा की टक्कर से युवक घायल

**रसूलाबाद।** कस्बे में रसूलाबाद कानपुर रोड पर आरपीएस इंटर कॉलेज के समीप ई रिक्शा की टक्कर से पैदल जा रहा एक युवक सड़क पर गिर गया और घायल हो गया। उसे सीएचसी रसूलाबाद ले जाया गया है जहां उसकी गंभीर के साथ चलते हुए से हैलट कानपुर रेफर किया गया है। पैदल जा रहे साधुवेश धारी एक युवक के ई रिक्शा ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस पर उसे सीएचसी रसूलाबाद में जाया गया जहां डॉक्टर बृजेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर दशा के चलते हैं उसे हैलट कानपुर रेफर किया है। गंभीर रूप से घायल होने के कारण वह कुछ बता नहीं सका है इसके चलते उसकी अभी पहचान नहीं हो सकी है। उसके हाथ पर गोदने से कमल गिरी नाम लिखा हुआ है। कमल गिरी बाबा के गले में कई मालाएं और हाथ में एक कमंडल व एक डंडा था।

### 31 तक जमा कर सकते बिजली बकाया

**शिवली।** अवर अभियंता मैथा पुनीत शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के अंतर्गत जिन उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लेने हेतु पंजीकरण धनराशि जमा की थी, परंतु किन्हीं कारणों से शेष बकाया धनराशि जमा नहीं कर पाए है। सरकार ने ऐसे उपभोक्ताओं को राहत देते हुए शेष बकाया धनराशि जमा करने के लिए अंतिम अवसर 31 मार्च 2026 निर्धारित किया है। उपभोक्ता इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। किसी भी समस्या या जानकारी के लिए उनसे अथवा उपखंड कार्यालय शिवली मैथा से संपर्क किया जा सकता है।

### स्कूल को मिली सीबीएसई बोर्ड की मान्यता

**रनियां।** मालवर रोड स्थित आरएस एजुकेशन सेंटर को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त हो गई है। यह रनियां नगर पंचायत क्षेत्र का पहला स्कूल है। स्कूल की स्थापना वर्ष 2017 में हुई थी। अभी तक यूपी बोर्ड की मान्यता से संचालित इस स्कूल को अब सीबीएसई की मान्यता मिली है। इससे क्षेत्रवासियों में हर्ष है। विद्यालय के प्रबंधक ब्रजेश सिंह चौहान ने बताया कि स्कूल में छोटे बच्चों के लिए पहले से ही प्ले ग्रुप से कक्षा 8 तक विद्यालय का संचालन हो रहा था। अब केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं की मान्यता प्रदान करने से अभिभावकों को अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए क्षेत्र से दूर नहीं भेजना पड़ेगा।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव को टीकाकरण की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** शुक्रवार को डीएम कपिल सिंह ने जिला महिला चिकित्सालय अकबरपुर में 14वां जन्मदिन पूर्ण करने वाली बालिकाओं को ह्यूमन पैपीलोमा वायरस (एचपीवी) की वैक्सीन लगाकर टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी द्वारा लोगों को एचपीवी वैक्सीन के संबन्ध में जागरूक किया गया।

बताया गया कि जनपद कानपुर देहात में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है। कार्यक्रम के माध्यम से जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील है कि जिला महिला चिकित्सालय अकबरपुर में सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक प्रतिदिन अपने परिवार की 14 वर्ष आयु की बालिकाएं (जिनका 14वां जन्मदिन पूरा हो चुका है तथा 15वां जन्मदिन अभी पूरा नहीं हुआ हैं) ऐसी बालिकाओं को प्रतिरक्षित अवश्य कराएं।



बालिका को टीकाकरण के बाद प्रमाणपत्र देते डीएम। अमृत विचार

शुभारंभ के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दुष्यंत मौर्य, मेडिकल कॉलेज अकबरपुर के प्रधानाचार्य डा हरप्रीत सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा वंदना सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसएल वर्मा आदि उपस्थित रहे। जिला महिला चिकित्सालय अकबरपुर में टीकाकरण सत्र पर तैनात एएनएम संगीता तथा आशा दीपा ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

### डीएम की अध्यक्षता में 24 को होगी आधार अनुश्रवण की बैठक

कानपुर देहात। अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी प्रतिभा सिंह ने बताया कि भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के निर्देशानुसार आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में 24 मार्च कलेक्ट्रेट सभागार, माती में होगी। इसमें जनपद स्तरीय आधार नामांकन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के नोडल अधिकारी आशुतोष सिंह द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा, जो आधार सेवाओं के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान करेंगे। बैठक के एजेंडे के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में आधार सत्यापन एवं अद्यतन की प्रगति की समीक्षा, लाभार्थीपरक योजनाओं में आधार प्रमाणीकरण की स्थिति, तथा आधार से वंचित परिवारों के चिन्हांकन एवं अद्यतन की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### डीएम ने सुनीं शिकायतें, कराया निस्तारण

**कानपुर देहात।** शुक्रवार को डीएम कपिल सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्रत्येक प्रकरण के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे जनसामान्य का प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से जनपद स्तर के समस्त अधिकारी, उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (जूम) के माध्यम से जुड़े रहे। जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई एवं आईजीआरएस से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत प्रदान की जाए।

# फांसी लगाकर इंटर के छात्र ने की खुदकुशी, मचा हड़कंप

## एक लड़की से दोस्ती की रही चर्चा, गजनेर थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर नागिन की घटना

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार :** गजनेर थाना क्षेत्र के जलालपुर नागिन गांव में एक इंटर के छात्र ने शुक्रवार की दोपहर घर के अंदर कमरे में छत में लगे पंखे के कुंडे में चादर से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



आशीष।



मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

घटना के पीछे लड़की से दोस्ती को वजह बताया जा रहा है। जलालपुर नागिन गांव निवासी जीवनलाल सोनकर राजमिस्त्री हैं। परिवार में उसकी पत्नी रानी सोनकर, पुत्र अवनीश व आशीष तथा पुत्रियां रोली तथा संध्या हैं। बड़ा बेटा अवनीश सूरत गुजरात में नौकरी करता है तथा छोटा बेटा आशीष ने इस साल इंटर की परीक्षा दी थी। साथ ही अपने खर्चे के लिए शटरिंग लगाता था। शुक्रवार की सुबह पिता जीवनलाल काम पर चले गए और मां राजरानी खेतों में लाही कटवाने। इस दौरान दोपहर को कहीं से घूम फिर कर घर वापस लौटे आशीष ने घर में ताला लगा देखा तो खेतों पर पहुंच कर वहां से चाबी लाकर घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। खेतों से घर लौटी मां ने कमरे का दरवाजा खोला तो उसकी चीख निकल पड़ी। शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ग्रोथ सेंटर कुलदीप सिंह व फोरेंसिक टीम ने आवश्यक कार्रवाई के बाद पंचनामा भर शव को पीएम के लिए भिजवाया। पुलिस को मृतक के कमरें में एक एंड्राइड मोबाइल फोन मिला है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक की किसी लड़की से गहरी दोस्ती थी और उसके चक्कर में ही कुछ बात बिगड़ी और जान दे दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष गजनेर शिव प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों ने कुछ भी नहीं बताया है। मोबाइल फोन मिला है। व्हाट्सएप चैट और काल डिटेल की गहराई से जांच की जाएगी।

- **पुलिस ने मोबाइल कब्जे में लेकर शुरू की जांच-पड़ताल**

# रोजगार मेले में पहुंचीं 37 कंपनियां एक हजार से ज्यादा का किया चयन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा शुक्रवार को अकबरपुर डिग्री कॉलेज में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने किया। जिलाधिकारी कपिल सिंह भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान संबोधन में राज्य मंत्री ने प्रदेश सरकार के विगत 9 वर्षों की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी कपिल सिंह ने अपने संबोधन में उपस्थित अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी साझा की तथा युवाओं से अपील की कि वे ऐसे आयोजनों का अधिकाधिक लाभ उठाकर अपने भविष्य को सशक्त बनाएं।



चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर सौंपतीं राज्यमंत्री। अमृत विचार

**02** हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 37 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। साथ ही बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, समाज कल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग, आरसेटी, उद्योग विभाग, एनआरएलएम आदि विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए, जहां अभ्यर्थियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

मेले में कुल 2167 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग करते हुए विभिन्न कंपनियों में साक्षात्कार दिया, जिनमें से 1009 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की बीसी सखियों, सिलाई एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा 14 चयनित अभ्यर्थियों को मंत्री द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सीडीओ विधान जायसवाल, एडीएम अमित कुमार, एडीएम दुष्यंत कुमार मौर्य, उपायुक्त स्वतः रोजगार आदि रहे।

## शराब, भांग की दुकानों का आवंटन

**कानपुर देहात।** शुक्रवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में देशी मदिरा, मॉडल शाप व कंपोजिट दुकानों का ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया। आबकारी नीति वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जनपद की 20 देशी शराब व कंपोजिट शॉप और मॉडल शॉप, भांग की फुटकर दुकानों का ई-लाटरी हेतु पंजीकरण 10 मार्च से आरंभ हुआ था।

इसकी अंतिम तिथि 17 मार्च थी। मदिरा की 20 दुकानों में से 18 दुकानों पर कुल 234 आवेदन प्राप्त हुए। परीक्षणोपरांत समस्त 234 आवेदन ठीक पाए गए, जिन पर शुक्रवार को वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण की ई-लाटरी जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। उक्त दुकानों से प्रोसेसिंग फीस के रूप में 13360000 प्राप्त हुआ तथा इन दुकानों के व्यवस्थापन में लाइसेंस फीस 10680000 बेसिक लाइसेंस फीस 18955000 एवं मदिरापान शुल्क 600000 का राजस्व प्राप्त होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय, जिला आबकारी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आवेदक उपस्थित रहे।

### कारागार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**कानपुर देहात।** जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को विधिक रूप से जागरूक करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएलएसए की सचिव नूपुर श्रीवास्तव द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने किशोर, वयस्क पुरुष एवं महिला बंदियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों को सुना। उन्होंने बंदियों को उनके अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता एवं न्यायिक प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की तथा उन्हें आश्वस्त किया कि विधिक सेवा प्राधिकरण उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# रसूलाबाद व आसपास के क्षेत्र में हजारों लोगों ने अदा की नमाज

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** गुरुवार को चांद न दिखने के कारण जहां ईद अब शनिवार को मनाई जाएगी। वहीं पवित्र रमजान महीने का 30वां रोजा शुक्रवार जुमा को पड़ने के कारण अलविदा जुमे की नमाज भी शुक्रवार को अदा कराई गई। नगर सहित आसपास के अन्य कस्बों की जामा मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई गई। अलविदा जुमे की नमाज में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय को लोग नमाज अदा करने जामा मस्जिदों में पहुंचे।

पवित्र रमजान का महीना चल रहा है 30 दिन के इस महीने में 30वें रोजे को आखिरी जुमा पड़ा तो बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विभिन्न जामा मस्जिदों में जाकर अलविदा जुमे की नमाज अदा की। रसूलाबाद कस्बे की प्राचीन जामा मस्जिद में पेश इमाम हाजी अब्दुल रऊफ खान बकाई ने अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई जबकि पठान मोहाल में मौलाना नायाब खान अजहरी ने अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई। मौलाना नायाब खान अजहरी ने बताया कि शनिवार को सुबह 9 बजे ईद की नमाज ईदगाह रसूलाबाद में अदा कराई जाएगी। यह त्योहार खुशियों का है और इस मौके में अपने या पराए हो किसी भी मजहब के मानने वाले हों कोशिश यह करें कि आपकी जात से किसी को कोई तकलीफ न हो आप मोहब्बत से पेश आएं। दूसरों को मुबारकबाद दें। अपने आस पड़ोस खानदान परिवार इन सब से मोहब्बत से पेश आएं। जो भी गिले शिकवे बुराइयां हों उन सबको भुलाकर आपस में मोहब्बत और इत्तिहाद का पैगाम देते रहें और मोहब्बतें बढ़ाते रहें। वही अलविदा जुमे के मौके पर रसूलाबाद क्षेत्र के ग्रामीण अंचल की जामा मस्जिदों में भी नमाज अदा कराई गई।



अलविदा की नमाज अदा करते रोजदार। अमृत विचार


- **अलविदा की नमाज के लिए जुटी भीड़, एक-दूसरे को दी मुबारकबाद**

# आरटीसी कोर्स की परीक्षा का एसपी ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** पुलिस बल की कार्यकुशलता और अनुशासन को और मजबूत करने के उद्देश्य से एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में जारी आरटीसी (रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर) कोर्स की इंडोर परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा की पारदर्शिता, अनुशासन और व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा निष्पक्ष और सुचारु रूप से संपन्न कराई जाए, किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही प्रशिक्षुओं को भी ईमानदारी और अनुशासन के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी संजय सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने भी परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि आरटीसी कोर्स पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे उनकी कार्यक्षमता और जिम्मेदारी का स्तर तय होता है। ऐसे में परीक्षा की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखना बेहद जरूरी है। निरीक्षण के दौरान समूचा पुलिस स्टाफ सतर्क नजर आया।



परीक्षा का जायजा लेतीं एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय। अमृत विचार

समस्या | नगरीय उपभोक्ताओं को 25 दिन में एलपीजी सिलेंडर दिए जाने की मांग

# डीएम से मिले व्यापारी नेता, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा जनपद के नगरीय क्षेत्रों को ग्रामीण क्षेत्र के रूप में लिस्टेड किए जाने से एलपीजी सिलेंडर का वेटिंग पीरियड बढ़ा है। लोगों के यहां गैस खत्म होने को है मगर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। ऑन लाइन बुकिंग कराने पर 25 दिन की जगह 45 दिन बाद सिलेंडर की आपूर्ति किए जाने की सूचना मिल रही। इसे लेकर जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को डीएम से भेंट की। उन्हें ज्ञापन सौंप कर वेटिंग पीरियड 45 दिन की जगह 25 दिन कराए जाने की मांग कीं

इजरायल-ईरान युद्ध के कारण घरेलू गैस मिलने में दिक्कत आ रही। लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे। इस बीच नगरीय क्षेत्र के उपभोक्ताओं द्वारा ऑन लाइन बुकिंग कराने पर उधर से संदेश आ रहा कि सिलेंडर 45 दिन बाद मुहैया हो सकेगा।



जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता के नेतृत्व में डीएम से मिले व्यापारी। अमृत विचार

डेढ़ महीने बाद सिलेंडर दिए जाने की सूचना पर कुछ लोगों ने एजेंसियों पर संपर्क किया तो बताया गया कि अकबरपुर, रूरा, पुखरायां, झींझक आदि क्षेत्र भले ही नगरीय हैं मगर उन्हें ग्रामीण क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इस कारण इन क्षेत्रों में 25 दिन में नहीं, 45 दिन में सिलेंडर की डिलीवरी संभव होगी।

प्रकरण को लेकर जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कपिल सिंह से भेंट की। उन्हें तकनीकी और व्यवहारिक परेशानी के बारे में बताया और ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई कर रहे जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता मोनू और वरिष्ठ महामंत्री पीयूष कौशल ने डीएम को बताया कि नगरीय क्षेत्र के निवासी वह सभी अर्हताएं पूरी करते हैं, जो कि शहरी क्षेत्र के मानक हैं। यहां लोग शहरी क्षेत्र की दरों पर गृहकर, जलकर एवं विद्युत बिल की अदायगी करते हैं। आईडी भी नगर पंचायत क्षेत्र की है तो उन्हें ग्रामीण क्षेत्र का मान कर सिलेंडर की डिलीवरी 45 दिनों में करने का प्रावधान कैसे है। व्यापारी नेताओं ने डीएम से संबन्धित विभाग से पत्राचार कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

- **पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में लिस्टिंग किए जाने से बढ़ी है डिलीवरी की मियाद**

## ईद की छुट्टी के कारण सोमवार को होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**कानपुर देहात।** ईद-उल-फितर के सार्वजनिक अवकाश के कारण संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 23 मार्च को होगा।

जिलास्तरीय आयोजन तहसील सिकंदरा में होगा। इसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी कपिल सिंह करेंगे। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा तहसील कार्यालय सिकंदरा का निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद ग्राम उमरपुर, विकास खंड राजपुर में चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में समस्त जनपद स्तरीय एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह ग्राम उमरपुर में आयोजित चौपाल में अपने-अपने विभाग से संबंधित विकास कार्यों का विवरण एवं आवश्यक सूचनाओं सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

# बाइक रैली से दिया सुरक्षा, स्वावलंबन संवेदनशीलता व सम्मान का संदेश

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** महिला सशक्तिकरण को लेकर शुक्रवार को महिलाओं की बाइक रैली का आयोजन हुआ। एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने रिजर्व पुलिस लाइंस से महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एसपी ने बताया कि रैली का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता, सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके सम्मान को सुरक्षित करना है। यह कानपुर देहात पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन के निर्देशानुसार गुरूवार से शुरू हुए 30 दिवसीय विशेष अभियान के क्रम में आयोजित इस रैली का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी सिकंदरा व पुलिस लाइन सुश्री प्रिया सिंह ने किया। महिला पुलिस कर्मियों का यह जत्था पुलिस लाइंस से शुरू होकर अकबरपुर पुल तक गया। वहां से पुनः वापस लौटकर माती आया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना ही इस मिशन का असली लक्ष्य है। एसपी ने छात्राओं और महिलाओं को वूमेन पावर लाइन-1090 यूपी-112 और अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है ताकि वह किसी भी विषम परिस्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर पुलिस विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे जिन्होंने इस मुहिम को सफल बनाने का संकल्प लिया।



रिजर्व पुलिस लाइंस में एसपी ने बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी। अमृत विचार




### राजस्व वसूली की हालत से नगर आयुक्त परेशान, सभी जोनल अफसरों का मार्च माह का रोका वेतन

# साल भर में सिर्फ 50 फीसदी वसूली कर पाया नगर निगम

अमृत विचार EXCLUSIVE

विकास कुमार, कानपुर



| जोन संख्या | लक्ष्य (लाख में) | 15 मार्च तक वसूली |
|---|---|---|
| 1. | 9816.01 | 54.92 फीसदी |
| 2. | 10526.51 | 52.35 फीसदी |
| 3. | 7816.31 | 64.90 फीसदी |
| 4. | 9587.34 | 57.35 फीसदी |
| 5. | 14515.40 | 49.47 फीसदी |
| 6. | 12479.11 | 53.02 फीसदी |

- जोन-3 सबसे ज्यादा करीब 65 फीसदी राजस्व की हुई वसूली
- नगर आयुक्त ने पत्र जारी कर अफसरों से जताई नाराजगी

**15** मार्च तक की समीक्षा में वसूली की हालत खराब

**10** दिन में लक्ष्य की वसूली कर पाना संभव नहीं

### अब लक्ष्य पूरा हो पाना नामुमकिन



- नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने सभी जोनल अधिकारियों को पत्र जारी कर स्पष्ट रूप से वसूली की इस हालत पर असंतोष जताया है और कहा है कि चालू वित्तीय वर्ष में अब सिर्फ 10 दिन ही शेष बचे हैं, ऐसे में लक्ष्य के अनुरूप वसूली हो पाना नामुमकिन है। उन्होंने कहा कि इससे साफ जाहिर होता है कि जोनल अधिकारियों द्वारा वसूली में रुचि नहीं ली गई। इसी कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई, जबकि शासन की ओर से शत-प्रतिशत वसूली के निर्देश जारी किए गए हैं। राजस्व वसूली में अधिकारियों की ओर से बरती गई लापरवाही उनके कार्यों में सवालिया निशान उठा रहे हैं।

**अमृत विचार।** नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्य के प्रति बरती गई उदासीनता व लापरवाही के कारण इस चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व कर वसूली लगभग 50 फीसदी ही हो सकी है। यह हालत तब है, जब चालू वित्तीय वर्ष के सिर्फ 10 दिन ही शेष बचे हैं। लक्ष्य के सापेक्ष वसूली नहीं होने पर नगर आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों का वेतन रोक दिया है।

यह हालत तब है, जब पूरे साल महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय पूरे साल सभी जोन के जोनल व राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक कर कर वसूली के निर्देश देते रहे। नगर निगम मुख्य रूप से संपत्ति कर यानी हाउस टैक्स लेता है, जो आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों पर लगाया जाता है। इसके अलावा जल कर, सीवर कर और कूड़ा संग्रह जैसे उपकर भी लगाता है।

इन राजस्व करों की वसूली के लिए नगर निगम ने चालू वित्तीय वर्ष में कई बार सभी जोन के जोनल अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए और कुछ जगहों पर वसूली के लिए कैंप भी आयोजित किए थे, इसके बावजूद नगर निगम 15 मार्च तक लगभग 50 फीसदी ही राजस्व की वसूली कर सका है। सिर्फ जोन 3 में ही करीब 65 फीसदी राजस्व की वसूली हुई है। बाकी 50 फीसदी के आसपास हैं।

नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने 15 मार्च तक कर एवं करेत्तर वसूली पर गहनता से नजर दौड़ाई तो यह हकीकत सामने आने के बाद सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों द्वारा वार्षिक निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अत्यंत कम वसूली मिलने पर नाराजगी जाहिर की है। नगर आयुक्त ने इस शिथिलता पर कड़ा रुख अपनाते हुए सभी जोनल अधिकारियों का मार्च 2026 का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया है।

### हाउस टैक्स बकाया होने पर डीआईओएस कार्यालय सील

कानपुर। हाउस टैक्स बकाया होने पर शुक्रवार को नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय को सील कर दिया। कार्यालय के बाहर 58.62 लाख रुपये बकाया होने का नोटिस भी चस्पा कर दिया गया। दिलचस्प बात यह रही कि नोटिस में संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) कार्यालय का हाउस टैक्स बकाया होने का उल्लेख किया गया है, जबकि सील डीआईओएस कार्यालय को किया गया। इस कार्रवाई से डीआईओएस कार्यालय का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। सुबह करीब नौ बजे जब कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो दफ्तर पर लगी सील देखकर हैरान रह गए। इसके बाद डीआईओएस समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी पास ही जीआईसी परिसर में स्थित संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक (जेडी) कार्यालय पहुंचे और वहीं बैठकर काम निपटाना शुरू किया। कार्यालय सील होने के कारण डीआईओएस से जुड़े कई प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो गए। मामले को लेकर डीआईओएस संतोष कुमार राय ने नगर निगम से फोन पर सील खोलने का अनुरोध किया। जिसके बाद दोपहर में डीआईओएस कार्यालय का सील हटा दी गई। डीआईओएस कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अशोक मिश्रा ने बताया कि नगर निगम ने हाउस टैक्स बकाया बताकर कार्यालय सील किया है, जबकि नोटिस में संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय का जिक्र किया गया है।



सरसैया घाट के नवीन सभागार में संयुक्त समिति की बैठक हुई। अमृत विचार

# जल जीवन मिशन के कार्यों की होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति की बैठक में जल जीवन मिशन परियोजनाओं की जांच के निर्देश दिए गए। चेकिंग के दौरान बिजली विजिलेंस टीम को बॉडी वॉर्न कैमरों का प्रयोग करने को कहा गया है।

सरसैया घाट नवीन सभागार में सभापति सभाकुंवर कुशवाहा की अध्यक्षता एवं सदस्य विनय प्रकाश गोड़ की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में हथकरघा, पर्यटन, एमएसएमई, कृषि, लोक निर्माण, नगर विकास, सहकारिता, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ, परिवहन, स्वास्थ्य, पंचायती राज सहित कुल 27 विभागों से जुड़े सार्वजनिक उपक्रमों एवं निगमों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण ने बताया कि जनपद में 78 परियोजनाएं पूर्ण हैं और नल से जल की आपूर्ति की जा रही है। इस पर समिति ने सभी परियोजनाओं की जांच कराने के निर्देश दिए और सड़कों की पूर्व स्थिति में बहाली की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। सभापति ने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंचे और कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न रहे, इस पर विशेष बल दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, डीसीपी दिनेश त्रिपाठी, अपर नगर आयुक्त आवेश खान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रवर्तन दल बॉडी वार्न कैमरों से लैस रहेंगे

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि अब प्रवर्तन दल बॉडी वॉर्न कैमरों से लैस रहेगा। जांच की प्रत्येक गतिविधि की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी और पांच दिन सुरक्षित रखा जाएगा। विजिलेंस टीमों को उपकेंद्रवार दिवस आवंटित किए जाएंगे।

### तृतीय चंद्रघंटा



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा- आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघण्टा की पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।

बीज मंत्र...

**माँ चन्द्रघंटा: ऐं श्रीं शक्तयै नम:**

### शहर में आज



- **उद्घाटन** : शताब्दी नगर रामगंगा इन्क्लेव फेस-3 में स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल का उद्घाटन दोपहर 12:30 बजे।
- **कार्यशाला** : इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन कानपुर चैप्टर द्वारा आईआईए भवन में कार्यशाला शाम 4 बजे।

### सिटी ब्रीफ

#### शिकायत का उसी दिन हो निस्तारण

कानपुर। नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने आईजीआरएस कार्यालय का निरीक्षण किया। प्रत्येक पटल पर आवंटित कार्य देखे। असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं की सूची देखकर निर्देश दिए कि आईजीआरएस में जिस दिन शिकायतें अपलोड होती है, उसी दिन शिकायतकर्ता से वार्ता करते हुए उसकी शिकायत का निराकरण समय से पहले किया जाए। वहीं, नगर आयुक्त को देहली सुजानपुर मुख्य मार्ग पर कूड़े में आग लगी देखकर वार्ड-47 के सफाई पर्यवेक्षक अनिल को कारण बताओ नोटिस व सफाई कर्मचारी रामकिशन का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

#### होटल में युवती से दुष्कर्म का प्रयास

कानपुर। नजीराबाद में जीटी रोड स्थित होटल प्रिस्टिन में काम करने वाली युवती ने दुष्कर्म के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूलरूप से असम की रहने वाली युवती ने तहरीर में बताया कि गुरुवार शाम वह होलट में नहाकर जैसे ही बाहर निकली, बल्ली नामक युवक ने उससे छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। वह बचकर भागी और शोर मचाया तो आरोपी भाग निकला। थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# डिजाइन बदलने से सीओडी नाले की वॉल का काम रुका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रिटेनिंग वॉल के निर्माण की वजह से रोका गया है सीओडी नाले का बहाव

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में नगर वासियों को जलभराव की वजह से समस्या का सामना न करना पड़े, इसलिए सीओडी नाले पर रिटनिंग वॉल का निर्माण किया जाना है, लेकिन आईआईटी की डिजाइन में बदलाव होने की वजह से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। जबकि सीडीओ नाले का बहाव पहले ही रोक दिया गया है। ऐसे में नगर आयुक्त ने संबंधित जोनल अभियंता को बरसात से पहले निर्माण कार्य पूरा कराने के सख्त निर्देश दिए है, ताकि क्षेत्र के लोगों को दिक्कत न हो सके।

सीओडी नाला किदवई नगर बाईपास से होकर हमीरपुर मुख्य मार्ग व मेट्रो स्टेशन से होते हुए पांडु नदी में गिरता है। 26 वार्डों के (आंशिक) पानी की निकासी नाले से है। कई जगह कच्चा होने और चोक होने से बरसात में पानी भर जाता है। इसलिए सीओडी नाले के पानी के बहाव को सुव्यवस्थित करने और किनारे की जमीनों को कटाव से बचाने के लिए रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जाना है। शुक्रवार को नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय यशोदा नगर सीओडी नाले का निरीक्षण करने पहुंचे।

पार्षद अभिनव शुक्ला ने बताया कि 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सीओडी नाले पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण काफी समय पहले से शुरू किया जाना था, जिसके लिए सीओडी नाले के बहाव को भी रोक दिया गया है, लेकिन अभी तक कार्य पूरा न होने के कारण बरसात में काफी दिक्कतें उत्पन्न होने की सम्भावना है। इस मामले में जोनल अभियंता ने बताया कि आईआईटी की डिजाइन में बदलाव होने के कारण कार्य में विलम्ब हुआ है। कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। जानकारी पर नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि कार्य को जल्द ही शुरू कराया जाए और बरसात से पहले ही कार्य को समाप्त किया जाये, जिससे बरसात में जल निकासी बिना किसी अवरोध के होती रहे।

**नाले के साथ पांच जगह सीएंडडी वेस्ट मिला :** नगर आयुक्त को शुक्रवार किदवई नगर वाई में चार जगहों पर और सीओडी नाले के पास काफी मात्रा में सीएंडडी वेस्ट मिला, जिस पर उन्होंने जोनल अभियंता-2 को निर्देश दिया कि तत्काल सीएंडडी वेस्ट को उठाकर पनकी स्थित प्लांट भेजा जाए और सम्बन्धित से यूजर चार्ज की वसूली भी सुनिश्चित की जाए। वहीं, उन्होंने कृष्णा नगर वार्ड-24 में डोर-टू-डोर लगे वाहन में टोल फ्री नम्बर पर कॉल की तो कॉल करने पर फोन रिसीव नहीं किया गया। इसपर नगर आयुक्त ने टोल-फ्री नंबर रिसीव न होने पर मे. जेटीएन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

**कवायद** 18 काश्तकारों को 4.46 करोड़ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट वितरित किया गया

# न्यू कानपुर सिटी के लिए खरीदी जमीन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** कानपुर विकास प्राधिकरण मैनावती मार्ग से सिंहपुर और सिंहपुर से कल्याणपुर के बीच में न्यू कानपुर सिटी योजना ला रहा है। योजना को विकसित करने के लिए केडीए ने शुक्रवार को अपने पक्ष में 18 काश्तकारों से करीब 0.6491 हेक्टेयर भूमि खरीद ली है। इन काश्तकारों का केडीए ने सर्किल दर से चार गुना धनराशि 4 करोड़ 46 लाख 54 हजार 791 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट भी वितरित किया है।

न्यू कानपुर सिटी योजना अब जल्द ही जमीन पर उतरती नजर आ रही है। यह योजना मैनावती मार्ग से सिंहपुर और सिंहपुर से कल्याणपुर के बीच में 151.31 हेक्टेयर में विकसित की जाएगी, जिसपर केडीए ने जमीनी स्तर पर कार्य शुरू कर दिया है। केडीए के विशेष कार्याधिकारी व उपजिलाधिकारी डॉ. रवि प्रताप सिंह के मुताबिक न्यू कानपुर सिटी योजना के लिए 18 काश्तकार अनुज कुमार कनौजिया, अतुल कुमार कनौजिया, अजय कुमार कनौजिया, सुभाष चन्द्र, दिनेश, राकेश, राजेन्द्र शुक्ला, कल्पना एवं विलास, मनु एवं अमर नाथ, प्रमोद कुमार, अमन जायसवाल, सौरभ कुमार शुक्ला, अनुज कुमार, राजा, सविता शुक्ला व विजय कुमार शुक्ला व अन्य से वार्ता की, जिनके बाद इन काश्तकारों से लगभग 0.6491 हेक्टेयर भूमि को केडीए के पक्ष में क्रय किया गया और सर्किल दर के चार गुना 4 करोड़ 46 लाख की धनराशि का डिमांड ड्राफ्ट भी वितरित किया गया। डिमांड ड्राफ्ट प्राप्त करने के बाद काश्तकारों ने प्रक्रिया सरलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने पर प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रशंसा भी की। इस कार्यवाही के क्रियान्वयन में भूमि बैंक अनुभाग का स्टाफ एवं प्राधिकरण द्वारा नामित अधिवक्ता धीरज सैनी आदि उपस्थित रहें। बता दें कि यह योजना तीन फेज में लायी जा रही है। पहला फेज 55 हेक्टेयर का है। योजना में आधुनिक सभी सुविधाओं के लिए भी व्यवस्था की जाएगी। इसमें स्कूल, कालेज, होटल, नर्सिंग होम, कन्वेंशन सेंटर, कूड़ाघर, सबस्टेशन, मल्टीलेवल पार्किंग, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पार्क, ग्रुप हाउसिंग के भूखंड आदि की व्यवस्था की गयी है।

## हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

### नवरात्रि का तीसरा दिन



मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा को समर्पित है, जो साहस, शक्ति और निडरता की प्रतीक हैं। इस दिन पूजा से मणिपुर चक्र जागृत होता है और नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है। माता को लाल/पीले फूल और दूध से बनी मिठाई का भोग लगाकर 'ॐ देवी चंद्रघंटायै नम:' मंत्र का जाप करें।

**मां चंद्रघंटा पूजा विशेष विवरण :** स्वरूप : मां के मस्तक पर अर्धचंद्र (घंटी के आकार का) सुशोभित है, जिससे उनका नाम चंद्रघंटा पड़ा। वे सिंह पर सवार हैं और दस हाथों में अस्त्र धारण करती हैं।

**पूजा विधि :** सुबह स्नान के बाद लाल या पीले वस्त्र पहनें। माता की मूर्ति स्थापित कर पूजा स्थल पर गंगाजल छिड़कें। उन्हें रोली, अक्षत, सिंदूर और चमेली के फूल अर्पित करें।

**भोग :** मां चंद्रघंटा को दूध या दूध से बनी मिठाई (खीर, पेड़ा) और शहद का भोग लगाना अत्यंत शुभ माना जाता है। **मंत्र :** 'ॐ देवी चंद्रघंटायै नम:' मंत्र का 108 बार जाप करें।

**महत्व :** इनकी पूजा से भय से मुक्ति, आत्मविश्वास में वृद्धि और साहस प्राप्त होता है। यह मंगल दोष के निवारण के लिए भी विशेष फलदायी है।

**रंग :** इस दिन ग्रे (धूसर) या भूरे रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है।














## सिटी ब्रीफ

### घर में घुसकर पीटा अश्लील हरकत की

**कल्याणपुर।** पनकी में घर के बाहर गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर विधवा को बेरहमी से पीट दिया और अश्लील हरकतें की। पनकी के गंगागंज निवासी एक विधवा महिला के अनुसार छह मार्च की सुबह वह अपने दो बच्चों के साथ घर पर थी। तभी पड़ोस में रहने वाले रामलाल के बेटे मनोज, जितेंद्र, राहुल व सुशील घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर महिला को लात घुसों से बेरहमी के साथ पीट दिया। साथ ही इस दौरान दबंगों ने महिला के साथ अश्लील हरकतें भी की। इतना ही नहीं पड़ोसियों के हस्तक्षेप करने पर दबंग भाइयों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि महिला का मेडिकल करा तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### शिक्षिका ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**कल्याणपुर।** पनकी में एक शिक्षिका ने ससुरालयों पर दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पनकी निवासी महिला प्राइमरी विद्यालय में शिक्षिका है। महिला के मुताबिक फरवरी 2025 को उनका विवाह असिस्टेंट लोको पायलट के पद पर कार्यरत रेलवे कर्मी के साथ हुआ था। शादी की पहली रात पति ने उनके साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाएं। साथ ही इसकी आदत डाल लेने की बात भी कही। वहीं, कुछ दिन बाद ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में प्लॉट की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। इस दौरान सास ने लाकर में रखने के नाम पर उसके सारे गहनें ले लिए। जिसके बाद गत चार जून को मारपीट कर ससुरालियों ने उसे घर से निकाल दिया। तब से वह अपने मायके में रह रही है। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### हिस्ट्रीशीटर व उसके साथी पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर में चाकू के बल पर ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी हिस्ट्रीशीटर व उसके साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आवास विकास एक निवासी राहुल सिंह के मुताबिक बुधवार की रात इलाके के दबंग हिस्ट्रीशीटर पिंटू ठाकुर व उसके साथी आशीष ने उसे रोककर शराब के लिए रुपयों की मांग की। लेकिन कैश न होने पर दबंगों ने चाकू दिखाकर उससे ऑनलाइन 800 रुपए ले लिए थे। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 26.52 लाख हड़पे

**कानपुर।** काकादेव में ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर मुनाफे का लालच देकर साइबर ठगों ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए 26 .52 लाख रुपये हड़प लिए। शातिरों ने 10 दिन में 18 ट्रांजेक्शन कराकर महिला से रकम ठगी। मॉडल टाउन निवासी संजना ओबेराय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल के जरिए एक्स ट्रेड नामक कंपनी के एक व्यक्ति ने संपर्क किया। उसने शेयर बाजार में निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच दिया। भरोसा जीतने के लिए फर्जी दस्तावेज व आकर्षक योजनाएं दिखाईं। झांसे में आकर छह से 16 फरवरी के बीच कुल 18 ट्रांजेक्शन किए। रकम एचडीएफसी बैंक व बैंक ऑफ बड़ौदा खातों से डेबिट व क्रेडिट कार्ड के जरिए ट्रांसफर की। पीड़िता ने मामले की शिकायत काकादेव थाने व साइबर थाने में ऑनलाइन दर्ज कराई। थाना प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

### चोरी के ई-रिक्शा समेत बाल अपचारी को पकड़ा

**कानपुर।** बाबूपुरवा में खड़ा ई-रिक्शा चोरी कर ले गए बाल अपचारी को पीड़ित ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने उसे बाल सुधार गृह इटावा भेजा है। बाबूपुरवा निवासी फरहान ने बताया कि वह अपना ई-रिक्शा रात में अजीतगंज में फरहान टेंट हाउस के पास खड़ा कर घर चला गया था। गुरुवार सुबह जब वह रिक्शा लेने पहुंचा तो नहीं मिला। तलाश के बाद पता चला कि साइड नंबर वन के पास खड़ा है। फरहान ने अपना ई-रिक्शा पहचान लिया। इसके बाद वह पिता मंसूर आलम और पड़ोसी सैय्यद मोहम्मद नदीम जाफरी के साथ आरोपी को ई-रिक्शा समेत थाने पहुंचा। थाना प्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर बाल अपचारी को बाल सुधार गृह इटावा भेज दिया गया है।

# मौसम का मिजाज बदला, 12 डिग्री लुढ़का तापमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**22.4** डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान | **34.6** डिग्री सेल्सियस गुरुवार को था

**अमृत विचार।** शहर में शुक्रवार सुबह अचानक मौसम ने करवट लिया। घने काले बादल और बूंदाबादी से तापमान में लगभग 12 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदले मौसम का असर फिलहाल बना रह सकता है। बताया गया कि शहर में शनिवार को भी मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है।

सुबह अचानक मौसम में बदलाव का असर मौसम विशेषज्ञों के अनुसार हवाओं के परिसंचरण, पश्चिमी विक्षोभ के साथ तीन ट्रफ लाइनें भी बनीं हुई है। एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन पूर्वी उत्तर प्रदेश पर बना है जिसका असर मौसम पर पड़ रहा है। सुबह हुई बूंदाबादी से आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। ऑफिस जाने वाले लोगों को बूंदाबादी की वजह से समस्या हुई। उधर मौसम में बदलाव से तापमान में भारी गिरावट दर्ज हुई।

गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। धूप न निकलने, घने बादलों के होने और हवाओं के चलने से शनिवार को यह गिरकर 22.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि मौसम में बदलाव का असर रविवार को भी बना रह सकता है।

### तेज हवा के साथ बौछार की संभावना

- यदि कानपुर मंडल की बात की जाए तो धूप कुछ नरम निकलने के साथ ही घने बदलो आवाजाही की भी संभावना है। दिन का तापमान सामान्य से कम रह सकते है। दिन के तापमानो में गिरावट संभव हो सकती है। तेज हवाओं के साथ बौछारे भी पड़ने की संभावना है। हवाओं की गति अब तेज होने के साथ अधिकतम1 से 23 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है।

### बाजारों पर असर, नहीं पहुंचे खरीदार

- मौसम में अचानक बदलाव से शहर की थोक बाजारों में खरीदारों की संख्या में कमी दर्ज हुई। यहां पर शहर के बाहर अन्य जिलों से आने वाले कारोबारियों ने आना मुनासिब नहीं समझा। उधर रिटेल कारोबार की बात की जाए तो शिवाला, मेस्टन रोड, स्वरूप नगर, गुमटी, गोविंद नगर, लाल बंगला जैसी बाजारों में रोजाना की खरीदारी में औसतन 20 फीसदी की कमी दर्ज की गई। उधर अस्सी फीट रोड, नेहरू नगर, बिरहाना रोड सहित अन्य बाजारों में फिलहाल कूलर व एसी के लिए आ रहे खरीदारों की संख्या में कमी दर्ज की गई है।

### फसल कटाई रुकी, कल होगा सामान्य

- मौसम में बदलाव से किसानों के लिए भी परेशानी खड़ी हो गई है। इससे खेत में फसल कटाई के कार्यों में व्यवधान पड़ा है। मौसम विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि उन्हें फिलहाल खेत में पानी लगाने से बचना चाहिए। इसके अलावा ऐसे किसान जो खेतों में कटाई कार्य करा रहे हैं, वह लगभग 24 घंटे तक कटाई कार्य को स्थगित कर दें। बताया गया कि लगभग 24 घंटे के बाद मौसम अपने सामान्य स्तर पर पहुंच सकता है। इस स्थिति में खेती संबंधी कार्य मौसम के सामान्य रहने के बाद कर सकते हैं।

# पुलिस के डर से युवक ने फंदा लगाकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महिला किराएदार ने विवाद के बाद बुलाई थी पुलिस, जिससे डरा था युवक
- परिजनों का आरोप दरवाजा बंद करने पुलिसकर्मियों ने बेटे को था धमकाया

**अमृत विचार।** गोविंदनगर में युवक से विवाद होने पर महिला किराएदार ने मारापीटा और पुलिस बुला ली। पुलिसकर्मियों के आने पर युवक ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और डर के चलते फंदे से लटक गया। सूचना पर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतारा। फॉरेसिंक टीम ने साक्ष्य जुटाए। आत्महत्या की सूचना पर महिला भी भाग निकली। परिजनों ने पुलिस पर बेटे को धमकाने का आरोप लगाया है।

मूलरूप से कन्नौज के ठठिया बसावनपुरवा निवासी हाकिम सिंह मजदूर है। परिवार में पत्नी नीलम देवी व तीन बेटे हैं। बेटी शिवानी शादीशुदा है। हाकिम ने बताया कि वह मझला बेटा 19 वर्षीय अमन के साथ नटराज सिनेमा के पास सुमित पाल के मकान में किराए पर रहते हैं। गुरुवार को शिवराजपुर स्थित काकूपुर वह अपनी ससुराल गए थे। बेटा घर पर अकेला था। अमन ने मकान में ही किराए पर रहने वाली महिला से मोबाइल मांगा था। वह किसी से बात करना चाहता था। इसी बात पर महिला का उससे विवाद हो गया। आरोप है कि उसने अमन को मारापीटा व पुलिस बुला ली। पिता ने बताया कि पुलिस आने पर डर से अमन ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। इस पर पुलिसकर्मियों ने दरवाजा पीटकर उसे धमकाया। डर के कारण ही उसने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की सूचना पर पुलिसकर्मियों व आरोपी महिला के होश उड़ गए। महिला भाग निकली। पड़ोसी किराएदारों ने इसकी सूचना पर परिजनों को दी। पुलिस के आने पर दीवार तोड़ी गई तो अमन का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस व फॉरेसिंक टीम ने जांच कर साक्ष्य जुटाए। परिजनों ने बताया कि सात माह पहले अमन का किसी से विवाद हुआ था। उस समय पुलिस ने उसे बहुत पीटा था। जिसके बाद से वह पुलिस से काफी डरने लगा था। डीसीपी साउथ दीपेंद्रनाथ चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है, जांच कराई जाएगी।

### शादी से पहले युवती ने कर ली आत्महत्या

- **कानपुर।** चकेरी में बरिक्षा-गोदभराई के बाद युवती ने कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। कांशीराम कालोनी निवासी नवल किशार की 19 वर्षीय बेटी सलोनी की जल्द शादी होने वाली थी। परिजनों ने बताया कि शादी से पहले की सभी रस्में हो चुकी थीं। परिवार में मां क्रांती, बड़ी बहन रागिनी, भाई सुमित हैं। प्राइवेट कर्मी पिता ने बताया कि बेटी बरीक्षा-गोदभराई से खुश थी। उसने शादी का विरोध भी नहीं किया और किसी प्रकार का उसे कोई तनाव भी नहीं था। गुरुवार को परिजनों के साथ बैठी थी। घर के काम निपटाए। शाम को अचानक कमरे में जाकर फांसी लगा ली। जब घरवालों ने उसे फंदे से लटका देखा तो चींख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। बेटी ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी वजह स्पष्ट नहीं है।

### बीमारी से क्षुब्ध महिला ने किया सुसाइड

- **कानपुर।** हनुमंत विहार में कई साल से बीमारी से परेशान महिला ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने जांच की। योगेंद्र विहार निवासी हरी प्रसाद दीक्षित पुरोहित का काम करते हैं। उनकी 35 वर्षीय पत्नी देवी कई साल से अस्वस्थ चली रही थीं। परिवार में तीन बच्चे हैं। पति ने बताया कि करीब 2016 से देवी पेट की समस्या से पीड़ित थी। जिसका इलाज चल रहा था। बीच-बीच में अन्य बीमारियां घेर लेती। दवाओं का अधिक सेवन करने से वह परेशान हो चुकी थी। जिसके चलते यह कदम उठाया है। गुरुवार को उसने दिनभर पूरा काम किया। बच्चों का ध्यान रखा। किसी को अपनी मनोदशा का अहसास नहीं होने दिया। रात में यह कदम उठाया है। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम भेजा।

# बिना अनुमति निर्माण पर दो प्लाट सील, तीसरे पर रिपोर्ट

## न्यू कानपुर सिटी और सिंहपुर बाजार रोड किनारे हो रहा था अवैध निर्माण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गंभीरपुर कछार में लगभग 1500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध तरीके से हो रही थी प्लाटिंग
- न्यू कानपुर सिटी क्षेत्र के अंतर्गत आराजी संख्या-812 में भी हो रहा था अवैध निर्माण



केडीए द्वारा सील किया गया प्लाट। अमृत विचार

**अमृत विचार।** केडीए से बिना तलपट मानचित्र स्वीकृत कराए और बिना अनुज्ञा के कुछ जगहों पर निर्माण कार्य शुरू होता है और केडीए के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगती है। हां, जब संबंधित भूमि पर निर्माण कार्य कई फीसदी तक हो जाता है, तब केडीए के अधिकारियों को जानकारी होती है और इसके बाद केडीए द्वारा सील या ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाती है। ऐसा ही वाक्या शुक्रवार को भी हुआ।

केडीए के प्रवर्तन जोन-1बी के विशेष कार्याधिकारी व उपजिलाधिकारी डॉ.रवि प्रताप सिंह टीम के साथ शुक्रवार को सिंहपुर बाजार रोड ग्राम सचिवालय गंभीरपुर कछार, विकास खंड कल्यानपुर के सामने पहुंचे, यहां पर उन्हें लगभग 1500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में प्लाटिंग होती मिली। यह प्लाटिंग बिना केडीए से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये विकासित की जा रही थी और बिना अनुज्ञा के निर्माण हो रहा था, जिसको टीम ने मौके पर सील किया। इसके अलावा सिंहपुर कछार न्यू कानपुर सिटी क्षेत्र के अंतर्गत आराजी संख्या-812 में लगभग 100 वर्ग मीटर में अवैध रूप से निर्माण होता केडीए टीम को मिला। डॉ.रवि प्रताप सिंह के मुताबिक अवैध रूप से किए जा रहे दोनों जगहों पर निर्माण के खिलाफ सीलिंग की कार्यवाही की गई है। मानकों के विपरीत अवैध निर्माण के खिलाफ जारी पुलिस पत्र व कारण बताओ नोटिस के बावजूद चोरी-छिपे निर्माण कार्य किये जाने के विरूद्ध कार्यवाही कर परिसरों को पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया है।

वहीं, पूर्व में सील किये गये आराजी संख्या-370 सिंहपुर कछार के स्वामी द्वारा सील तोड़कर कार्य किये जाने के खिलाफ संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित की गयी है। कार्यवाही के दौरान अवर अभियंता हिमांशु बर्नवाल, सुपरवाइजर रामऔतार, मनोज कुमार, राज कुमार, लाल सिंह व बिठूर का पुलिस बल रहा।

### 12 वर्ष से फरार इनामी गैंगस्टर हत्थे चढ़ा

**कानपुर।** काकादेव पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम ने 12 सालों से फरार 25 हजार के इनामी गैंगस्टर को छपेड़ा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 2013 में दो लूट व एक आर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। 2014 में उस पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई हुई, जिसके बाद से वह फरार था।

डीसीपी सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रावतपुर गांव के शाही मस्जिद निवासी 32 वर्षीय सद्दाम ने काकादेव में वर्ष 2013 में दो लूट की वारदातों को अंजाम दिया था। तब आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उसके बाद से वह फरार था। सद्दाम पर पांच हजार इनाम घोषित था, बाद में 25 हजार का इनाम घोषित किया गया। डीसीपी ने बताया कि आरोपी नाम व भेष बदलकर सुनौली, महाराजगंज व नेपाल में अपना ठिकाना बनाए था। वह मेले में सामान बेचने का काम करता था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच और काकादेव पुलिस लगी थी। शुक्रवार को उसे छपेड़ा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ट्रेन में चढ़ने और गिरने से दो लोगों की गई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेंट्रल और चंदारी स्टेशन के पास हुए हादसे, जांच कर रही पुलिस

**अमृत विचार।** ट्रेन से गिरकर व फिसलने से दो की जान चली गई। मेघालय से गाजियाबाद जा रहा अधेड़ ट्रेन से गिर गया। वहीं, सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के चक्कर में युवक अचानक फिसल गया। हादसे में गंभीर घायल दोनों यात्रियों की मौत हो गई। शिनाख्त के बाद जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम भेजा।

मूलरूप से मेघालय गारो हिल्स के नांदी पारा निवासी 50 वर्षीय होरेन दास गाजियाबाद में टाटा कंपनी में नौकरी करते थे। उनके साथी कर्मचारी कन्हई दास ने बताया कि कंपनी के काम के सिलसिले में होरेन समेत 16 लोग कोच बिहार से गाजियाबाद जा रहे थे। वह गेट के पास खड़े थे। झटका लगने से होरेन ट्रेन से अचानक नीचे गिर गए। सिर समेत शरीर पर आई गंभीर चोटों के कारण उनकी मौत हो गई। हादसा चंदारी स्टेशन के आगे रेलबाजार क्षेत्र में हुआ। साथियों ने पुलिस के साथ परिजनों को हादसे की खबर दी। सूचना मिलने पर घरवालों में कोहराम मच गया।

वहीं, कर्नलगंज लुधौरा निवासी मनोज राजपूत का 25 वर्षीय बेटा अनुज मंगलवार को लखनऊ अपनी नानी के घर जा रहा था। सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन पर चढ़ने समय उसका पैर फिसल गया, जिससे नीचे गया। हादसे में उसकी मौत हो गई।

सूचना पर जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम भिजवाया। वहीं बेटे के बारे में कोई जानकारी न मिलने पर उसे तलाशते हुए परिजन शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। उसकी फोटो जीआरपी को दिखाकर शव की शिनाख्त की। बेटे की मौत की खबर पाकर परिजनों में चींख-पुकार मच गई।

# कब्जा गिराने पहुंची केडीए टीम पर हमले की एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी के गणेशपुर में गुरुवार को अवैध कब्जा गिराने पहुंची केडीए टीम पर पथराव व धारदार हाथियार से हमले के मामले में केडीए जोन चार के अधिशासी अभियंता ने महिला व पुरुष समेत पांच नामजद और दस अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अधिशासी अभियंता सुधांशु श्रीवास्तव के अनुसार सनिगवां के गणेशपुर रोड पर एक गैस एजेंसी के बगल में अवैध कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा था। 27 फरवरी को टीम ने कब्जा तुड़वाकर काम बंद करा दिया था। आरोपियों ने फिर निर्माण शुरू करा दिया। टीम जेसीबी लेकर पहुंची तो जूही बारादेवी निवासी राजा अजय चंदेल, कोयला नगर अंबेडकर विहार निवासी रीता सिंह, उनके पति अखिलेश प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना, बांदा के तिंदवारी का मोनू शुक्ला और नर्वल का अनुभव सिंह करीब दस साथियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद गरमाने पर आरोपियों ने टीम के साथ धक्कामुक्की कर अभियान का विरोध करने लगे। जमीन सरकारी बताकर शांत होने को कहा गया तो आरोपियों ने टीम को घेरकर पथराव कर दिया। फतेहपुर बिजौली निवासी चालक अजमल अली पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पत्थर चलाकर जेसीबी को भी क्षतिग्रस्त किया। इस पर टीम को लौटना पड़ा। घटना की शिकायत अधिशासी अभियंता ने चकेरी थाने में की। आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच नामजद और दस अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बवाल में दो सगे भाई गिरफ्तार, गए जेल

- **कानपुर।** किदवईनगर में स्कूटी व कार में टक्कर के बाद मारपीट व पथराव मामले में पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते सगे भाई आरोपी शमशाद और सरताज को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जूही लाल कालोनी निवासी राहुल कुमार शर्मा के अनुसार बुधवार रात वह दोस्त आकाश सचान के साथ स्कूटी से हरी कालोनी जा रहे थे। तभी विश्वास गार्डन के सामने स्कूटी मोड़ते समय कार से टक्कर हो गई। कार सवार शमशाद, नौशाद, सरताज और एक महिला से विवाद बढ़ गया। आरोपियों ने मारपीट की। विरोध पर पथराव किया। किदवई नगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि नामजद भाइयों को जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**कार्रवाई** | कठारा में मिठाई की दुकान में घरेलू सिलेंडर बरामद, काकादेव में रिपेयरिंग की दुकान पर गैस रीफिलिंग

# गैस की टोह में छापेमारी, दो पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


गैस एजेंसी में सिलेंडर के लिए लगी लाइन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आखिर गैस की कमी नहीं है, फिर क्यों गैस एजेंसियों पर लंबी लाइनें लग रही हैं, इसी मुद्दे को सुलझाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कई स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। शुक्रवार को भी कई जगह छापा मारा जिसमें घरेलू सिलेंडर के अवैध भंडारण और रिफिलिंग पकड़ी गई। एक स्थान पर मिठाई की दुकान घरेलू सिलेंडर से चलती मिली। इन दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

शुक्रवार को घरेलू गैस के अवैध भंडारण और रिफिलिंग के खिलाफ छापेमारी कर कार्रवाई की गई। काकादेव में रिपेयरिंग की दुकान पर गैस रिफिलिंग करते हुए सामग्री बरामद हुई, जबकि बिधनू के कठारा स्थित मिष्ठान प्रतिष्ठान पर घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पकड़ा गया। दोनों मामलों में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराने की संस्तुति की गई है।

काकादेव के चंदेल चौराहा के पास अजन्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एंड रिपेयरिंग सेंटर के बगल में सुबह 09:52 बजे छापेमारी के दौरान 14.2 किग्रा के कुल 8 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए। इनमें 4 भारत गैस के खाली, 3 इंडेन के खाली और 1 आंशिक भरा सिलेंडर शामिल है। मौके से 3 रिफिलर यंत्र, पेचकस, नुकीली प्लास और इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी मिला, जिससे अवैध गैस भराई की पुष्टि हुई। मौके पर कलीम अहमद सिद्दीकी निवासी रावतपुर मिले जबकि दुकान यासीन अहमद के नाम बताई गई। बरामद सिलेंडर व उपकरण कब्जे में लेकर सुपुर्दगी में दिए गए हैं दोनों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

बिधनू के ग्राम कठारा स्थित महक स्वीट हाउस में छापेमारी की गई, जहां 14.2 किग्रा के कुल 4 घरेलू गैस सिलेंडर पाए गए। इनमें 2 भरे और 2 खाली थे, जिनमें एक सिलेंडर चूल्हे से जुड़ा हुआ उपयोग में पाया गया। इस मामले में भी आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर की संस्तुति की गई है। दोनों कार्रवाई पूर्ति निरीक्षक शुभ्रा वर्मा, पूजा सिंह एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण और व्यावसायिक उपयोग प्रतिबंधित है। ऐसे मामलों में लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं शशि देवी साहू पत्नी जय करन साहू निवासी मकान नं0 190 EWS जरौली फेज 2 कानपुर नगर उपरोक्त प्रार्प्टी का मूल आवंटन पत्र (1476/स./स जोन 3/KDA/2001–02 दिनांक 06.11.2001) कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0– 9956211101

**सूचना**
मो. **नफीश पुत्र मो. हाशिम निवासी L90 आवास एवं विकास कल्याणपुर कानपुर नगर** उपरोक्त प्रापर्टी का मूल किराया किश्त अनुबंध पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा विधान जाएगा। मो.9793893593

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र Kriday Srivastava का नाम बदलकर शौर्य श्रीवास्तव हो गया है। भविष्य में मेरे पुत्र को शौर्य श्रीवास्तव के नाम से जाना व पहचाना जाए। **पिता– यश श्रीवास्तव, 126/ज्ञ न्यू विकास नगर, जेल रोड, रायबरेली**

**सूचना**
मेरे पुत्र की पॉलिसी संख्या 239 571 416 में उसका घरेलू नाम आदित्य कुमार दर्ज हो गया है जबकि आधार व अन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का सही नाम आदी (Aadi) है। मेरा पुत्र आदित्य कुमार और आदी दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। मैं **आदित्य कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी बाईपास रोड लालगंज रायबरेली।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्रों सजय कुमार व अजय कुमार एवं विजय कुमार के गलत व्यवहार के कारण उनसे सम्बंध समाप्त कर लिया है और उन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है ! उनके द्वारा किये लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का सरोकार नहीं है – **राजाराम पुत्र स्व0 नन्हें लाल, निवासी 355/218. कुरियाना हरिजनबस्ती, आलमनगर, राजाजीपुरम लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD HABIB था से बदलकर MOHMMAD HABEEB रख लिया है। अब मुझे MOHMMAD HABEEB के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ABBAS ALI ADD-BHAWANI GARH DIST-RAEBARELI-229308(U.P.)

**सूचना**
मैं **अनुराग पुत्र श्री विनोद कुमार, निवासी–16/273, सेक्टर–16, इन्दिरानगर, जिला लखनऊ, उ0प्र0– 226016** का हूँ। मेरे पुत्र देवांश गुप्ता के आधार कार्ड सं0– 3268 1396 9302 में मेरा नाम अनुराग अंकित है, जो सत्य एवं सही है। जबकि पुत्र के अंकपत्र में पिता का नाम अनुराग गुप्ता अंकित है, जो त्रुटिपूर्ण है। अतः मेरे पुत्र के सभी दस्तावेजों में मेरा सही एवं सत्य नाम अनुराग लिखा पढ़ा एवं समझा जाये।

**सूचना**
मैं **नीरज वर्मा निवासी– 599/232 हसनगंज चरही डालीगंज, निराला नगर लखनऊ**, मेरे पुत्र का वास्तविक व सही नाम नैतिक वर्मा है। जबकि स्कूल के दस्तावेज मे पुत्र का नाम त्रुटिवश दिव्यांश वर्मा दर्ज हो गया है जो कि गलत है, अतः पुत्र का सही नाम नैतिक वर्मा, दिव्यांश वर्मा के स्थान पर दर्ज किया जाय।

**Public Notice**
I, RAJJAB ALI S/O MR. SUBRATI, R/O-KAMMARPUR, SADULLAH NAGAR, BALRAMPUR, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO RAJAB ALI SHAH, AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS RAJAB ALI SHAH.

**Public Notice**
I, RIJWAN AHMAD S/O MR. ABDUL QAYOOM, R/O-KAMMARPUR, SADULLAH NAGAR, BALRAMPUR, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO RIZWAN AHMAD, AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS RIZWAN AHMAD.

**सूचना**
मेरा ए एन एम रजिस्ट्रेशन नंबर 8894 व डिप्लोमा नंबर 2240 वास्तव में कहीं खो गया है। काफी खोज करने पर भी नहीं मिल सका है। **रामकान्ती पत्नी राम दिनेश कुशवाहा निवासी ग्राम – अतरधनी थाना – बांगरमऊ, जिला – उन्नाव उ. प्र. मोबाइल नंबर – 8957800767**

**मैं अवधेश नारायण तिवारी पुत्र स्व0 ओंकार नाथ तिवारी, निवासी 15/150, से0 15, इन्दिरा नगर, लखनऊ का निवासी हूँ मेरा नाम अवधेश नारायण अंकित हो गया है जबकि वास्तविक नाम अवधेश नारायण तिवारी है। यह कि अवधेश नारायण व अवधेश नारायण तिवारी दोनों नाम शपथी के ही है।**

## सिटी ब्रीफ

### शुभम अवस्थी बने ए-पैनल काउंसल

**कानपुर।** सांसद रमेश अवस्थी के पुत्र एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता शुभम अवस्थी को केंद्र सरकार द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारत सरकार के कानून मंत्रालय ने शुभम अवस्थी को ए-पैनल काउंसल नियुक्त किया है। इसके साथ ही उन्हें सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्युनल (केट) में सीनियर पैनल काउंसल की भी जिम्मेदारी प्रदान की गई है। यह नियुक्ति उनके विधि क्षेत्र में उत्कृष्ट अनुभव, ज्ञान एवं कार्यकुशलता का परिणाम मानी जा रही है। नव नियुक्ति के बाद अब शुभम अवस्थी सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार का पक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेंगे तथा केट में भी सरकार की ओर से महत्वपूर्ण मामलों में पैरवी करेंगे। इस उपलब्धि पर सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और परिश्रम, समर्पण एवं लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता से हर सफलता प्राप्त की जा सकती है।



शुभम अवस्थी।

### नागरिकों ने युद्ध शांति की प्रार्थना की

**कानपुर।** विश्व जनादेश कर्तव्याधिकार पारिवारिक कल्याण मंडल ट्रस्ट व वरिष्ठ नागरिकों ने ईरान, इजराइल व अमेरिका में हो रहे युद्ध से विश्व के मानव की जनहानि पर जल संस्थान परिसर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नवीन नगर सेंटर की प्रमुख दीदी अर्चना व वरिष्ठ नागरिकों ने जल्द युद्ध बंद होने व विश्व में अमन चैन कायम हो, इसकी प्रार्थना की। इस दौरान बीएल गुलाबिया, अशोक कुमार मिश्रा, विजय बाल्मीकि, ताराचंद, बेचे लाल कुशवाहा, रितेश कटियार, सरदार इंद्र जीत सिंह गिल, जैनेंद्र पांडेय समेत आदि रहे।

### इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने से बत्ती गुल

**कानपुर।** सिंहपुर उपकेंद्र के चिंटल फीडर की बिजली दोपहर डेढ़ बजे इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने की वजह से गुल हो गई, जो शाम को चार बजे तक आई। एचटी लाइन क्षतिग्रस्त होने से गिरधर कोल्ड स्टोरेज व कालपी रोड उपकेंद्र के 33केवी जी-2 फीडर की बिजली दोपहर करीब डेढ़ बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक नहीं रही। इस्पात नगर में 11केवी डिस्क क्षतिग्रस्त होने से दोपहर 2 बजे से शाम करीब चार बजे तक बिजली गुल रही।

### शराबियों ने बाइक रोक युवक को पीटा, रिपोर्ट

**कानपुर।** हनुमंत विहार में शराब के नशे में युवकों ने राह चलते युवक की गाड़ी रुकवाकर उसे ईंट व बैट से पीट दिया। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराकर रिपोर्ट दर्ज की है। नौबस्ता के बाबानगर निवासी पियूष द्विवेदी ने बताया कि 17 मार्च की रात करीब नौ बजे वह हंसपुरम से घर लौट रहे थे। तभी चतुर्वेदी बिल्डिंग के पास पांडे आटा चक्की के सामने पुत्तू, सट्टी और हर्षित ने उनकी गाड़ी रोक ली और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि हर्षित ने ईंट मारी, जो पहिए में लगी। सूचना पर फूफेरा भाई शिवा पहुंचा, तो सभी ने ईंट और बैट से उसे भी पीट दिया। शोर सुनकर भीड़ आती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## आईआईटी-पीएफआई के बीच हुआ एमओयू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पॉवर सेक्टर विनियमन एवं नीति के क्षेत्र में बनी सहमति

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी कानपुर) और पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के बीच एक एमओयू हुआ है। इस एमओयू के तहत पावर सेक्टर विनियमन एवं नीति के क्षेत्र में विशिष्ट चेयर प्रोफेसरशिप स्थापित करने पर सहमति बनी है। इस पहल का उद्देश्य ऊर्जा क्षेत्र में विनियमन और नीति के क्षेत्र में शिक्षण, अनुसंधान और नेतृत्व में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही अकादमिक जगत, नीति-निर्माताओं और उद्योग हितधारकों के बीच गहन सहयोग को बढ़ावा देना है।

एमओयू पर अंशुमान श्रीवास्तव (कार्यकारी निदेशक, पीएफआई) तथा प्रो. राजा अंगमुथु, (एसोसिएट डीन (अनुसंधान एवं विकास) एवं वर्तमान में कार्यवाहक डीन, संसाधन एवं पूर्व छात्र कार्यालय, आईआईटी कानपुर) ने किए। कार्यक्रम में प्रो. राजा अंगमुथु ने कहा कि यह समझौता आईआईटी कानपुर के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे ऊर्जा क्षेत्र में संस्थान की भागीदारी और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि यह चेयर प्रोफेसरशिप अनुसंधान, शिक्षा और नीति निर्माण के लिए एक मजबूत आधार तैयार करने में सहायक होगी।

## 77 फीसदी म्यूचुअल फंड, डीमैट खाते में नॉमिनी नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यकीन नहीं होता कि वर्तमान डिजिटल युग में भी तीन चौथाई से ज्यादा खुलने वाले नए डीमैट खातों और म्यूचुअल फंड फोलियो में नॉमिनी नहीं है। लेकिन यह सच है। सेबी के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2025 में खुले खातों में औसतन 77 फीसदी निवेशकों ने नॉमिनेशन नहीं चुना। इसीलिए सेबी ने नॉमिनेशन से जुड़ी नियम-प्रक्रिया को आसान बनाने और बैंकिंग मानकों जैसा बनाने की पहल की है।

एक तरफ पूंजी बाजार और बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ी तमाम संस्थाओं ने अनक्लेम्ड एसेट्स को क्लेम करने के लिए मुहिम चला रखी है। लेकिन अनक्लेम्ड एसेट्स का दायरा बढ़ता जा रहा है। शेयर बाजार विशेषज्ञ राजीव सिंह के सेबी द्वारा प्रस्तावित बदलावों से निवेशकों के लिए खाता खोलना पहले से आसान हो जाएगा। इससे नए निवेशकों की संख्या बढ़ेगी और वित्तीय बाजार का दायरा और मजबूत होगा। लंबे समय तक बिना दावे वाले निवेश यानी अनक्लेम्ड एसेट्स की समस्या कम होगी।

सेबी के अनुसार नॉमिनेशन के लिए अब सिर्फ नॉमिनी का नाम और उसका निवेशक से रिश्ता बताना ही काफी होगा। बाकी सारी जानकारी वैकल्पिक कर दी जाएगी। इससे प्रक्रिया आसान होगी, और खाता खोलना सरल हो जाएगा। भविष्य में निवेश को निवेशक के परिवार तक पहुंचाने में कम परेशानी आएगी। सेबी ने अपने प्रस्तावों पर 7 अप्रैल तक आम लोगों और बाजार से जुड़े पक्षों से सुझाव मांगे हैं। इसके बाद अंतिम नियम तय किए जाएंगे।

**नॉमिनेशन नहीं करने पर 'ऑप्ट आउट':** नए प्रस्ताव में नॉमिनेशन को 'डिफॉल्ट' विकल्प बनाने की तैयारी है। अगर कोई निवेशक नॉमिनेशन नहीं करना चाहता, तो उसे 'ऑप्ट आउट' करना होगा, जिसके लिए उसे सहमति देनी पड़ेगी।

### ज्यादा नॉमिनी का विकल्प व्यावहारिक नहीं

- ऐसा देखा गया है कि ज्यादा नॉमिनी रखने का विकल्प व्यवहार में उपयोगी नहीं रहा। पहले जहां 10 नॉमिनी तक की अनुमति थी, वहीं अब इसे घटाकर 4 करने का प्रस्ताव है। आंकड़े बताते हैं कि 2 या 3 नॉमिनी चुनने वाले निवेशकों की संख्या एक फीसदी से भी कम रही, इससे साफ है कि इतनी बड़ी सीमा की जरूरत नहीं थी। इसी को देखते हुए माना जा रहा है कि ज्यादा नॉमिनी का विकल्प व्यावहारिक नहीं है।

### पावर ऑफ अटॉर्नी होगा बेहतर विकल्प

- एक महत्वपूर्ण बदलाव यह भी प्रस्तावित है कि यदि निवेशक किसी कारण से खुद अपने खाते का संचालन नहीं कर पाता है तो नॉमिनी (उत्तराधिकारी) को अधिकार देने के बजाय पावर ऑफ अटॉर्नी को ही बेहतर विकल्प माना जाएगा। इस नए बदलाव से संभावित धोखाधड़ी और कानूनी विवादों से बचा जा सकेगा।

### अन्य महत्वपूर्ण प्रावधान

- ऑनलाइनऔर ऑफलाइन दोनों माध्यम से नॉमिनेशन संभव
- नॉमिनेशन में बदलाव/रद्द करने की सुविधा किसी भी समय
- बिना नॉमिनेशन वाले खातों को एसएमएस/ईमेल से जागरूक किया जाएगा
- नॉमिनी केवल ट्रस्टी होगा, अंतिम अधिकार कानूनी वारिसों का रहेगा

### आईआईटी कानपुर के टेककृति महोत्सव में युवाओं के स्टार्टअप पर दिखी नई उड़ान भरने की ललक

# रडार में आए बिना दुश्मन के ठिकानें उड़ाएगा स्वदेशी ड्रोन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर के तकनीकी महोत्सव टेककृति में शुक्रवार को युवाओं ने पतिभा का जलवा दिखाया। कृषि, स्वास्थ्य व रक्षा क्षेत्र से जुड़े स्टार्टअप के जरिए स्वदेशी की पहचान का प्रदर्शन किया। ड्रोन शो में युवाओं ने भविष्य की झलक दिखाई। ऐसा स्वदेशी ड्रोन सामने आया, जो रडार में आए बिना दुश्मन के ठिकानों को तबाह करेगा। तकनीकी महोत्सव में आयोजित व्याख्यान में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष मिशन व भविष्य की चुनौतियों को समझाया।

तकनीकी महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत मेजर जनरल सीएस मान, वीएसएम, एडीजी, आर्मी डिज़ाइन ब्यूरो के व्याख्यान से हुई। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में नवाचार और स्वदेशी तकनीक की बढ़ती भूमिका पर अपने विचार साझा किए। इस तरह मेडटेक पैनल चर्चा में एरिक ग्रिमसॉन, जगदीश थम्पी और राजीव छिब्बर ने भाग लिया। चर्चा में हेल्थकेयर तकनीक के उभरते रुझानों, चुनौतियों और नवाचारों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में एआई के बढ़ते प्रभाव पर काम करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। उधर तकनीकी महोत्सव में युवाओं ने अपने स्टार्टअप को भी प्रदर्शित किया। इनमें रडार में आए बिना दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त कर देने वाला स्वदेशी ड्रोन आकर्षण का केंद्र रहा। मस्तिष्क व हृदय से जुड़े स्टार्टअप को सराहना मिली। महोत्सव के दौरान हुए ड्रोन शो भी आकर्षण का केंद्र रहा।

इस शो में युवाओ के बनाएं ड्रोन से हवा में रफ्तार भरते हुए अपनी खासियत दिखाई। हल्के और अधिक भार की सामग्री ले जाने वाले ड्रोन विशेषज्ञों के भी आकर्षण का केंद्र रहे। शाम को हुई ईडीएम नाईट में युवाओं के बीच उत्साह का माहौल रहा। प्रसिद्ध कलाकार न्यूक्लेया ने संगीत और ऊर्जा के बीच माहौल मं भव्यता ला दी। इस प्रोनाइट में तेज संगीत का मिक्चर युवाओं को खासतौर पर लुभा गया।



युवाओं ने पेश किया स्वदेशी ड्रोन। अमृत विचार

### 11 किलो का सर्विलांस ड्रोन

- तकनीकी महोत्सव के दौरान सीएसजेएमयू का इक्युबेटेड सर्विलांस ड्रोन आकर्षण का केंद्र रहा। इक्युबेटर कुलदीप शर्मा ने बताया कि उनका यह ड्रोन सिर्फ 11 किलो का है। कम भार होने के बावजूद स्वदेशी उपकरणों से बना यह ड्रोन बेहद सस्ता है। अन्य ड्रोन के मुकाबले पतला होने के चलते यह रडार पर भी मुश्किल से पकड़ में आता है। एक बार में सौ किलोमीटर तक की उड़ान भरने के साथ ही यह तीन किलो तक सामग्री पहुंचाने में सक्षम है। इतना ही विस्फोटक लेकर यह दुश्मनों के ठिकानों पर हमला भी कर सकता है।



कम कीमत वाला हार्ट सपोर्ट सिस्टम बनाया। अमृत विचार

### स्वदेशी हार्ट सपोर्ट सिस्टम

- आईआईटी के छात्र रंजन कुमार व अमिता साहू ने बाजार में सबसे कम कीमत का हार्ट सपोर्ट सिस्टम बनाया है। छात्रों का दावा है कि पूरी तरह से स्वदेशी 'मैकेनिकल सर्कुलेटरी सपोर्ट डिवाइस' फिलहाल विदेशों से आयातित इस तरह के सिस्टम से काफी कम कीमत का है। यह सिस्टम ऐसे मरीजों को सपोर्ट करता है जिनका ऑपरेशन हो रहा हो। इसके अलावा अचानक हार्ट अटैक आने की स्थिति में भी यह उपकरण तीन से चार घंटे तक मरीज को जीवित रखने में सहायता करता है।



ईएफजी मेट उपकरण पेश किया।

### तुरंत पता चल जाएगी ब्रेन की समस्या

आईआईटी कानपुर के छात्र हर्ष अरोड़ा ने ईएफजी मेट नामक उपकरण बनाया है। यह उपकरण बाजार में आने वाले ब्रेन संबंधी समस्याओं को पकड़ने वाले उपकरण की तुलना में काफी छोटा है। बताया कि इसकी खासियत यह है कि छोटा होने के चलते यह किन्हीं परिस्थितियों और क्षेत्र में आसानी से लाया व ले जाया जा सकता है। मसलन यह उपकरण सेना व ग्रामीण इलाकों में भी आसानी से संचालित किया जा सकता है। इस उपकरण से मरीज की ब्रेन संबंधी समस्याएं जैसे ऑपरेशन से पहले जांच, ऑपरेशन के बाद की जांच, मिग्री, अनिद्रा जैसे कई लक्षणों का आसानी से पता लगा लेता है। यह उपकरण मस्तिष्क की तरंगों को पकड़कर उसका आंकलन करता है।



टेककृति महोत्सव में भाग लेते युवा। अमृत विचार

## स्पेस मिशन में भारत का काम तेजः शुभांशु शुक्ला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत की पूरे विश्व में एक बेहतर छवि है। खासतौर पर स्पेस प्रोग्राम के तहत कार्य कर रहे देशों के बीच भारत का अलग से सम्मान है। भारत का अंतरिक्ष मिशन काफी तेज गति से काम कर रहा है। यह कार्य 5 से 10 वर्षों में बड़े बदलाव को लेकर आएगा।

यह विचार शुक्रवार को अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने व्यक्त किए। वे शुक्रवार को आईआईटी कानपुर के टेककृति महोत्सव में शिरकत करने शहर आए हुए थे। उन्होंने इस दौरान कहा कि स्पेस मिशन के तहत किसी भी देश के साथ तुलना करना उचित नहीं होगा। हर देश इस क्षेत्र में अपने स्तर व संसाधनों के साथ काम कर रहा है। ऐसे में इस वक्त जब भारत ने सबसे सस्ते मिशन को सबसे तेज गति से सफलता हासिल की तो भारत को पूरे विश्व में सम्मान के साथ देखा जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत इस वक्त बड़े मिशन पर काम कर रहा है। इन टेस्ट मिशन पर जल्द ही सफलता हासिल होगी।

**युवाओं को दिए टिप्सः** ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने युवाओं को सीख भी दी। उन्होंने कहा कि जीवन में डर सबको लगता है। खासतौर पर जब कोई काम पहली बार किया जाए तो डल लगना जरूरी है। जिस वक्त डर लगे तो मजबूती के साथ ही नए रास्ते पर चलना चाहिए। इसके लिए अनुभव व अभ्यास भी जरूरी है। कुछ दिन बाद यही डर सफलता लेकर आता है।



पार्षद मनोनीत हुए नीतू सिंह का स्वागत करते सतीश महाना। अमृत विचार

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया स्वागत

**कानपुर।** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नगर निगम के मनोनीत सभासद सरदार नीतू सिंह का कैंप कार्यालय में स्वागत किया। महाना ने कहा कि मनोनीत पार्षद चुने हुए पार्षदों की तरह ही कार्य करें। जनता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। जहां मेरी जरूरत होगी पूरी मदद करूंगा। इस अवसर पर सरदार मनप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह, अमरजीत सिंह पम्मी आदि रहे।

## हमलावरों के लिए हथियार बना एआई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईआईटी कानपुर में विशेषज्ञों ने तैयारी करने के सुझाव दिए

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर के सीथ्रीआईहब मे क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर अटैक सरफेस और मिटीगेशन अप्रोच पर कार्यशाला हुई। विशेषज्ञों ने चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कई सुझाव दिए। विशेषज्ञों ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब हमलावरों के लिए एक हथियार बन गया है।

कार्यशाला में साइबर सुरक्षा पेशेवर, उद्यमी, नियामकों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। कार्यशाल की शुरुआत आईआईटी के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल ने की। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण अवसंरचनाओं को निशाना बनाने वाले साइबर खतरों की बढ़ती जटिलता पर प्रकाश डाला। इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सक्रिय, सहयोगात्मक और अनुसंधान-आधारित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। इसी तरह प्रो. सोमित्रा के. सनाध्य और डॉ. तनिमा हाजरा, ने भी अपने विचार साझा किए। चर्चा के दौरान यह बताया गया कि इंडस्ट्रियल कंट्रोल सिस्टम सुरक्षा की निगरानी के लिए तकनीकें एआई प्लेटफॉर्म और ज़ीरो-ट्रस्ट आर्किटेक्चर जैसे अत्याधुनिक उपकरणों जरूरत पर काम होना चाहिए। इसी तरह महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना के लिए न्यूनतम आधारभूत अनुपालन और सुरक्षा प्रथाओं पर भी चर्चा हुई। एआई अटैक तैयारी पर कहा गया कि किस प्रकार एआई हमलावरों के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बनता जा रहा है। जो स्वायत्त मैलवेयर, डीपफेक और अनुकूलनशील खतरों को सक्षम बना रहा है।



जीएसटी अधिकारियों को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

## गाड़ी रोकने व छापों में लगे रोक: व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** युद्ध की वजह से व्यापार आधा हुआ, ऐसे में स्टेट जीएसटी की एसआईबी द्वारा छापे की कार्रवाई व सचल दल इकाइयों द्वारा कागजात होने के बावजूद गाड़ी लाने की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। इस मांग को लेकर व्यापारी शुक्रवार को जीएसटी अधिकारियों से मिले। मुलाकात के दौरान उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी दिया।

व्यापारी अपर आयुक्त ग्रेड वन वीपी राम को जिला व्यापार बंधु में रजिस्टर्ड संगठनों के व जीएसटी में रजिस्टर्ड पदाधिकारियों को आमंत्रित करने के सुझाव भी दिए। इस दौरान भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने अपर आयुक्त ग्रेड 1 वीपी राम से कहा कि ईरान इजराइल युद्ध की वजह से व्यापार आधा हो गया है और उद्योगों ने अपनी क्षमता भी आधी कर दी है ऐसे में स्टेट जीएसटी की एसआईबी द्वारा छापे की कार्रवाई कर रहे हैं और सचल दल इकाइयों द्वारा कागजात होने के बावजूद गाड़ी लाने की कार्रवाई भी हो रही है। इस दौरान प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय वाजपेयी, प्रदेशमंत्री रोशन गुप्ता, संगठन महामंत्री चंद्राकर दीक्षित, जिला युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र, जिला संयुक्त महामंत्री केके गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### सभी खुश | 38 संरक्षक, 26 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 32 उपाध्यक्ष, 29 वरिष्ठ मंत्री, 23 संगठन मंत्री, 6 प्रचार मंत्री और 15 कार्य समिति के सदस्य

# कानपुर उद्योग व्यापार मंडल उत्तर टीम का हुआ विस्तार

विशेष संवाददाता, कानपुर

- 196 व्यापारियों को किया गया शामिल, इनमें ज्यादातर भाजपा से जुड़े हैं व्यापारी
- संगठन में निर्वाचन प्रक्रिया से जितने पदाधिकारी चुने गए, उससे आठ गुना मनोनीत किए गए

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा और मंडल अध्यक्ष विजय पंडित की सहमति से कानपुर उद्योग व्यापार मंडल उत्तर की नई टीम का विस्तार किया गया। इस जम्बो कमेटी में कुल 196 कारोबारी शामिल हुए हैं। सभी को खुश करने की कोशिश की गई है। खासकर भाजपा से जुड़े व्यापारियों को तरजीह दी गई है।

यह घोषणा व्यापार मंडल कार्यालय आचार्य नगर में चेयरमैन मणिकांत जैन, जिलाध्यक्ष सुनील बजाज, महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता और संरक्षक रामेश्वर गुप्ता ने की। खास बात यह है कि जितने पदाधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया के जरिये चुने गए, उससे आठ गुना मनोनीत किए गए हैं। त्रिवार्षिक सत्र 2025-28 के अंतर्गत कानपुर के विभिन्न बाजार इकाइयों के अध्यक्षों एवं महामंत्रियों द्वारा प्रस्तावित व्यापारी प्रतिनिधियों को जिला टीम में समायोजित करते हुए विभिन्न पदों पर मनोनीत किया गया।

संरक्षक मंडल में महेश चंद्र जैन, बलराम नरूला, तिलक राज शर्मा, सुरेंद्र गुप्ता 'गोल्डी', संजीव पाठक बॉबी, लक्ष्मण दास रुपाणी, मदन चंद कपूर, नजम हमराज सहित कुल 38 वरिष्ठ व्यापारियों को सम्मिलित किया गया। अनुशासन समिति का संयोजक सर्राफा व्यवसायी नीरज दीक्षित को नियुक्त किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बालकृष्ण गुप्ता, उमेश अग्रवाल, देवी खन्ना, चंद्र प्रकाश सोमानी, गोपी श्रीवास्तव, दीपक सिंह सहित कुल 26 पदों पर मनोनयन हुआ।

इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर मुकेश भाटिया, राजन मिश्रा, प्रमोद त्रिपाठी, संजीव पांडे, दीपक धवन सहित कुल 32 पदों पर नियुक्तियां की गईं। वरिष्ठ मंत्री पद पर आलोक मेहरोत्रा, कृष्ण गुप्ता 'बब्बू', रामजी शुक्ला, राजीव भाटिया, मोहम्मद तालिब, किशोर सक्सेना सहित कुल 27 पदों पर मनोनयन किया गया। मंत्री पद पर मोहित अरोरा, मो.यासीन, सक्षम गुप्ता, देवनाथ मिश्रा, राकेश अग्निहोत्री, वैभव खंडेलवाल सहित 24 पदों पर नियुक्तियां हुईं। संगठन मंत्री पद पर ओम प्रकाश चौटाला, मनोज बाजपेई, केबी सिंह, मोहम्मद नासिर, केके विश्नोई, मोहम्मद आजम सहित कुल 23 पदाधिकारी बने।

प्रचार मंत्री पद पर अजय सिंह, रविंद्र रेखा, हफीजुल्लाह, रवि निषाद सहित कुल 6 पदों पर नियुक्ति की गई। जिला कार्यसमिति सदस्य पद पर कुल 15 कारोबारियों को मनोनीत किया गया। सरदार नीतू सिंह को पार्षद मनोनीत किए जाने पर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सुनील पांडेय, विराट गुप्ता, मोहम्मद कामिल, सीताराम गुप्ता, सुशील गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, अंकित मिश्रा, ऋतिक, केबी सिंह, गुलशन जायसवाल, एहसान हाजरी, संतोष शर्मा, शैलेन्द्र गुप्ता आदि कारोबारी मौजूद रहे। सुनील बजाज ने बताया कि प्रमुख बाजारों के कारोबारियों को कमेटी में स्थान दिया गया है। संरक्षक मंडल मिलाकर कुल 196 सदस्यों की कमेटी है।



कमेटी विस्तार के बारे में जानकारी देते चेयरमैन मणिकांत जैन, जिलाध्यक्ष सुनील बजाज व अन्य। अमृत विचार

**डा. हरिवंश राय बच्चन, परास्नातक महाविद्यालय, ललऊखेड़ा (डीह) उन्नाव**

**आवश्यकता है -**

डी.एल.एड. पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य / विभागाध्यक्ष एक पद एवं डी.एल.एड. के समस्त विषयों हेतु (एक-एक पद), प्राचार्य हेतु - एक पद। बीएड संकायाध्यक्ष हेतु - एक पद, बीएड संकाय के समस्त विषयों हेतु (सहा. आचार्य), एक-एक पद परास्नातक स्तर हेतु। विज्ञान संकाय हेतु (सहा.आचार्य) वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान (एक-एक पद), कला संकाय हेतु (सहा.आचार्य) समाजशास्त्र, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र (एक-एक पद) स्नातक स्तर हेतु। विज्ञान संकाय हेतु (सहा.आचार्य) आईटी, गणित, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान (एक-एक पद) कला संकाय हेतु (सहा.आचार्य) समाजशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, गृह विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, संस्कृत (एक-एक पद) वाणिज्य संकाय हेतु- बी. कॉम के सभी विषयों हेतु (दो पद)। व्यवसायिक संकाय हेतु - बी. कॉम के सभी विषयों हेतु (दो पद)। व्यवसायिक वर्ग हेतु - बी.बी.ए., बी. सी.ए., बी.लिब (एक-एक पद) **नोट- योग्यता यू.जी.सी. के मानकानुसार।**

**विज्ञापन के एक सप्ताह के भीतर महाविद्यालय में सम्पर्क करें।**

सम्पर्क सूत्र मो. - 7054211507, 7054211502

ईमेल-dhrbdc@gmail.com, वेबसाइट - www.dhrbm.com

## सिटी ब्रीफ

### घर में घुसकर मां-बेटी को पीटा, कपड़े फाड़े

**कानपुर।** सनिगवां के विश्वकर्मा नगर क्षेत्र की रहने वाली महिला के अनुसार बीती नौ मार्च की सुबह उसके पति घर पर नहीं थे। वह और उनकी बेटी मौजूद थीं। महिला ने बताया कि सुबह वह झाड़ू लगा रही थीं, तभी पड़ोसी उदयवीर सिंह अपनी पत्नी किरन, दो बेटे व दो अन्य लोगों के साथ आकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट की। शोर मचाने पर उदयवीर सिंह ने कपड़े फाड़ दिए। मोहल्ले के लोगों की भीड़ जुटती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच की जा रही है।

### होमगार्ड कमांडेंट के घर चोरी, शोर पर भागा

**कानपुर।** गोविंदनगर के केनाल कॉलोनी काठ का पुल निवासी कविता सिंह के पति लाल साहब सिंह शाहजहांपुर में होमगार्ड कमांडेंट पद पर तैनात हैं। कविता ने बताया कि बीती छह मार्च की रात करीब सवा दस बजे एक युवक उनके घर में घुसा और मेन गेट को बाहर से बंद कर गेट के सामने रखे सेफ से कटर मशीन और ड्रिल मशीन चोरी कर ले जा रहा था। इसी दौरान उनकी बेटी इप्शिता ने छत से उतरते समय उसे देख लिया और शोर मचाया। आवाज सुनकर जब वह बाहर निकलने लगीं तो गेट बाहर से बंद मिला। तभी आरोपी दोनों मशीन लेकर तेजी से भाग निकला। थाना प्रभारी रिकेश सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चोरी के आरोपी जूही के आंबेडकर नगर के सोनू राजपूत को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने आरोपी के पास से कटर और ड्रिल मशीन बरामद की है।

### नवरात्र पर मंदिरों में भीड़ लगे जयकारे

**कानपुर।** नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को शहर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। जंगलीदेवी मंदिर में विशेष आरती हुई। मौसम का प्रभाव मंदिर आने वाले भक्तों पर भी पड़ा। नवरात्र में जंगलीदेवी मंदिर में हुए आयोजन में भक्तों ने जयकारे लगाकर माहौल को भव्य किया। उधर गोविंद नगर दुर्गा मंदिर में भजनों के बीच भक्तों ने नृत्य कर उत्साह जताया। फीलखाना स्थित वैभव लक्ष्मी मंदिर में भक्तों को खजाना वितरित हुआ। खजाना लेने के लिए भक्तों की भीड़ रही। इसी तरह तपेश्वरी देवी मंदिर में भक्तों ने अखंड ज्योति प्रज्वलित कर मातारानी से प्रार्थना की। काली मंदिर शास्त्री नगर में भी भक्तों की लाइन रही।

### बोगस फर्म से 2.66 करोड़ का लाभ लेने वाला दबोचा गया

**कानपुर।** बोगस फर्म बनाकर 2.66 करोड़ रुपये का अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लाभ लेने वाला आरोपी क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ गया। डीसीपी क्राइम श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि राज्य कर विभाग ने फरवरी में कल्याणपुर में फर्जी फर्मों के नाम पर आईटीसी का अवैध लाभ लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस व क्राइम ब्रांच ने अपूर्वा ट्रेडिंग कंपनी की जांच की, जिसका सत्यापन मेहरबान सिंह का पुरवा स्थित पते पर कराया गया था। मोबाइल नंबर भी निष्क्रिय था। फर्म बोगस निकली। फर्म ने 2019-20 में 2.66 करोड़ का लाभ लिया। डीसीपी क्राइम ने बताया कि पुलिस ने कमल, गौरव साहू व एतिशाम हुसैन को पहले ही जेल भेज चुकी है। शुक्रवार को दीपक कुमार उर्फ मोगली को सीओडी क्रॉसिंग से गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा है। गिरोह फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल बनाता था।

# ईद आज : ईदगाह में सुबह 8 बजे नमाज

## सुरक्षा के बंदोबस्त, गद्दियाना व उसमानपुर ईदगाह में सुबह 8.30 बजे, बगाही में सुबह 7.30 बजे नमाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अल्लाह की जानिब से रोजेदारों को इनाम मिलने का दिन ईद-उल-फितर की नमाज शनिवार को अदा की जाएगी। शहर की ईदगाहों व मस्जिदों में बड़े पैमाने पर नमाज की तैयारियां की गई हैं। बकरमंडी स्थित बड़ी ईदगाह में दो बार नमाज होगी। पहली नमाज सुबह 8 बजे और दूसरी नमाज सुबह 10.30 बजे होगी।

बड़ी ईदगाह के मुतवल्ली अयाज आलम जफर ने बताया कि सुबह 8 बजे हाफिज व कारी सुब्हान इलाही नक्शबंदी नमाज अदा कराएंगे जबकि दूसरी नमाज सुबह 10.30 बजे हाफिज व कारी अकरम इलाही नमाज अदा कराएंगे। इसी प्रकार गद्दियाना ईदगाह में मौलाना हाशिम अशरफी सुबह 8.30 बजे नमाज पढ़ाएंगे। उसमानपुर, बगाही, रोशन नगर, मछरिया ईदगाह के अतिरिक्त शहर की 500 से अधिक मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी जाएगी।



ईद के एक दिन पहले मेहंदी लगवाने का उत्साह दिखा। अमृत विचार

### सुजातगंज, रेलबाजार में महिलाएं भी पढ़ेंगी नमाज

- ईद-उल-फितर की नमाज रेलबाजार स्थित मास्टर अब्दुल करीम ईदगाह और सुजातगंज ईदगाह में पुरुषों के साथ साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी पर्दे के पीछे से नमाज अदा कराएंगी। इन दोनों ईदगाहों में पर्दे का ख्याल रखते हुए कड़े बंदोबस्त किये गये हैं।

- नगर निगम टीम आवारा जानवर पकड़ने को तैनात रहेगी
- शिया समुदाय सादगी से मनाएगा ईद, काली पट्टी बांधेंगे

### बड़ी ईदगाह मं 500 लोग एक साथ करेंगे वजू 43 चबूतरों से होगी तकबीर

- बड़ी ईदगाह में तीन वजूखाना बनाया गया है, इन वजूखाना में 500 नमाजी एक साथ वजू बना सकेंगे। इसी प्रकार ईदगाह के अंदर 43 चबूतरे तैयार हैं, पेशइमाम जब नमाज पढ़ाएंगे तो इन चबूतरों पर इमाम साहब के सहायक खड़े होकर पेशइमाम की तकबीर को जोर से दोहरायेंगे ताकि सभी नमाजियों तक तकबीर पहुंच जाए।

### बड़ी करबला में ईद की नमाज सुबह 10.30 बजे

- शिया समुदाय की मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी जाएगी। नवाबगंज स्थित बड़ी करबला में ईद की नमाज सुबह 10.30 बजे होगी। जबकि शिया जुमा जामा मस्जिद ग्वालटोली में पहली नमाज सुबह 8 बजे एवं दूसरी नमाज सुबह 11 बजे होगी मस्जिद कुरसवां पटकापुर, मस्जिद अहलेबैत बेकनगंज,त मस्जिद अजाखाना जैनुल आब्दीन में सुबह 8 बजे नमाज होगी। मकतबा इमामिया अजीतगंज, मकतबा इमामिया जूही सफेद कालोनी,फिदा-ए ईमान बैतुत सलात पोखपुर में सुबह 8.30 बजे नमाज होगी।

# आज इधर रास्ता बंद रहेगा, उधर से जाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सुबह 6 बजे से नमाज समाप्त होने तक रूट डायवर्जन लागू

**अमृत विचार।** शनिवार को यदि सुबह आप घर से कहीं जाना चाहते हैं तो एक बार जरुर देख लें क्योंकि हो सकता है आप जिस रुट से जा रहे हैं, वह आगे बंद हो। ईद-उल-फितर के अवसर पर बड़ी ईदगाह बजरिया पर नमाज अदा की जाएगी जिसके लिए यातायात विभाग ने यातायात डायवर्जन किया है। ये रुट डायवर्जन प्रातः 6 बजे से नमाज समाप्ति तक लागू रहेगा। ऐसी स्थिति में यदि कोई एंबुलेंस आए तो उसे रास्ता दिया जाएगा।

### यह रहेगा बदलाव

- लाल इमली चौराहा की तरफ से आने वाले वाहन कर्नलगंज चौराहा (चुन्नीगंज चौराहा) से बकरमण्डी ढाल / बजरिया चौराहा की ओर नहीं जा सकेगें, ऐसे वाहन कर्नलगंज चौराहा से दाहिने मुड़कर शनिदेव मंदिर तिराहा होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेगें।
- गोल चौराहा / हैलट की ओर से आने वाले वाहन बेनाझाबर तिराहा से सीधे ईदगाह चौराहा की ओर नहीं जा सकेगें, ऐसे वाहन बेनाझावर तिराहा से बाँये मुड़कर चाँदनी नर्सिंग होम के सामने से अपने गन्तव्य को जा सकेगें।
- जरीब चौकी (पी-रोड़) की ओर से आने वाले वाहन रामबाग चौराहा से बजरिया चौराहा की ओर नहीं जा सकेगें, ऐसे वाहन रामबाग चौराहा से बाँये मुड़कर ब्रह्मनगर चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जा सकेगें।
- 80 फीट रोड़ की ओर से आने वाले वाहन ब्रह्मनगर चौराहा से ईदगाह चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन ब्रह्मनगर चौराहा से आगे रामबाग तिराहा से दाँहिने मुड़कर पी रोड होते हुये अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।
- छः बगलिया चौराहा की ओर से आने वाले वाहन मकरावर्टगंज ढाल से दाहिने ईदगाह चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन मकरावर्टगंज ढाल से आगे शनिदेव मन्दिर तिराहा से बाँये मुड़कर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- हलीम कॉलेज चौराहा (नाला रोड़) की ओर से आने वाले वाहन बजरिया थाना चौराहा की तरफ नहीं जा सकेगा, ऐसे वाहन सीसामऊ बड़ा चौराहा से बाँये मुड़कर जा सकेंगे।
- लकडमण्डी की ओर से आने वाले वाहन कायस्थाना चौराहा से आगे बजरिया / बकरमण्डी ढाल की ओर नहीं जा सकेंगे।

### यहां पार्क करें अपना वाहन

- लाल इमली चौराहा की तरफ से आने वाले नमाजी अपने दो पहिया चार पहिया वाहनों को चुन्नीगंज चौराहा से आगे शनिदेव मंदिर तिराहा वाली रोड पर सड़क के दोनों ओर पार्क कर सकेंगे।
- गोल चौराहा / हैलट / अशोक नगर मोतीझील की ओर से आने वाले नमाजी अपने दो पहिया/चार पहिया वाहनों को बीरेन्द्र स्वरूप ग्राउण्ड में पार्क कर सकेंगे।
- जरीब चौकी (पी-रोड़) की ओर से आने वाले नमाजी अपने दो पहिया/चार पहिया वाहनों को रामबाग तिराहा से पहले पी रोड़ पर सड़क के दोनो ओर पार्क कर सकेंगे।
- 80 फीट रोड़ की ओर से आने वाले नमाजी अपने दो पहिया चार पहिया वाहनों को ब्रह्मनगर चौराहा से पहले सड़क के दोनो ओर पार्क कर सकेंगे।
- छः बगलिया चौराहा की ओर से आने वाले नमाजी अपने दो पहिया चार पहिया वाहनों को मकरावर्टगंज ढाल से आगे शनिदेव मंदिर तिराहा तक सड़क के दोनों ओर पार्क कर सकेंगे।
- हलीम कॉलेज चौराहा (नाला रोड) की ओर से आने वाले नमाजी अपने दो पहिया चार पहिया वाहनों को सीसामऊ बड़ा चौराहा से पहले नाला रोड़ सड़क के दोनो ओर पार्क कर सकेंगे।
- लकडमण्डी रोड़ की ओर से आने वाले नमाजी अपने दो पहिया/चार पहिया वाहनों को कायस्थाना तिराहा से पहले लकडमण्डी रोड़ पर सड़क के दोनो ओर पार्क कर सकेंगे।

### किसी भी समस्या पर हेल्पलाइन में संपर्क करें

- ट्रैफिक कंट्रोल रूम : 9305104340
- ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर : 9305104387



संस्था की ओर से किदवई नगर में घोसले बांटे गए। अमृत विचार

## घोसले बांटकर दिया गौरैया संरक्षण का संदेश

**कानपुर।** किदवई नगर के सोटे वाले हनुमान मंदिर चौराहे पर गुरुवार को विश्व गौरैया दिवस पर 'स्वीट स्पैरो कम बैक होम' अभियान और सेवादान सोसाइटी की ओर से जनजागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को गौरैया संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए पंफलेट वितरित किए गए तथा कृत्रिम घोसले और फीडर भी बांटे गए।

अभियान के सिटी कोऑर्डिनेटर अजय विश्वकर्मा ने बताया कि करीब 20-25 साल पहले शहर में गौरैया बड़ी संख्या में दिखाई देती थी, लेकिन आधुनिक घरों में घोंसला बनाने की जगह न मिलने से इनकी संख्या तेजी से घट गई। सेवादान सोसाइटी के संयोजक आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि पेड़ों की अनियंत्रित और अवैज्ञानिक छंटाई से पक्षियों के आवास नष्ट हो रहे हैं। संस्थापक गौरव बाजपेई, सात्विक त्रिपाठी, हार्दिक त्रिपाठी, उपासना विश्वकर्मा, सोनाली त्रिवेदी, दीपक राणा, अभय विश्वकर्मा, अभिननदन मिश्रा, आदित्य शर्मा रहे।

# धूमधाम से मनाई गई झूलेलाल जयंती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंद नगर स्थित 13 ब्लॉक के श्री झूलेलाल शिव मंदिर में शुक्रवार को झूलेलाल जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की दर्शन के लिए लंबी कतारें लग गईं। विधि-विधान से दूध, घी और शुद्ध जल से भगवान झूलेलाल का अभिषेक किया गया और आकर्षक श्रृंगार के बाद बैराणा साहिब की दिव्य ज्योत प्रज्वलित की गई।

सुबह आठ बजे मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसे प्रेम प्रकाश आश्रम के संत साईं भोलाराम, रमेशलाल साईं हरिदास और कोऑपरेटिव स्टेट के चेयरमैन विजय कपूर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा झूलेलाल चौराहा, मार्केट चौराहा, गोविंद नगर थाना, दुर्गा मंदिर, सीटीआई चौराहा, मोहन विद्या मंदिर और श्रीचंद गुरुद्वारा होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा में करीब ढाई हजार श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हुए।



झूलेलाल जयंती पर निकली शोभायात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

शोभायात्रा मार्ग पर 28 स्थानों पर स्वागत स्टॉल लगाए गए, जहां फलाहार, जूस और मट्ठा वितरित किया गया। दोपहर में भंडारे का आयोजन हुआ, जबकि शाम को बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। देर रात अर्मापुर नहर पर बैराणा साहिब का विसर्जन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्यामलाल मूलचंदानी ,सुरेश कटारिया, महेश मनचंदा, डॉ. सुरेश मदान, डॉ.सुरेश आहूजा, डॉ.अशोक पाहूजा,बंटी सिधवानी, दीपा रुपानी, पूनम चुग, मंजू खत्री, रोमा डबरानी, हेमा शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## कानपुर शतरंज टीम में खिलाड़ियों का चयन



मेडल व प्रमाण पत्र के साथ चयनित खिलाड़ी। अमृत विचार

**कानपुर।** कानपुर चेस एसोशिएशन ने शुक्रवार को वैदिक धर्मसभा गोविंदनगर में 15 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालिका) की चयन प्रतियोगिता हुई। कुल 17 बालिकाओं ने भाग लिया। चार राउंड की प्रतियोगिता में वीरेंद्र स्वरुप एजुकेशन सेंटर किदवईनगर की छात्रा अनन्या अवस्थी 3.5 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि मरियमपुर सीसे स्कूल की स्वास्तिका कुमारी तीन अंकों के साथ दूसरे व बीएनएसडी शिक्षा निकेतन की आद्या मिश्रा भी तीन अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। वीरेंद्र स्वरूप जाजमऊ की वी कनिषा 2.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता में 5 वर्षीय अक्षिता तिवारी ने अच्छा खेल दिखाया। चारों चयनित खिलाड़ी 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में कानपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता के बाद चीफ ऑर्बिटर बाल गोविंद अवस्थी ने विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**कानपुर।** आईएमए पदाधिकारियों ने 21 व 22 मार्च को कानपुर क्लब में होने वाले टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट की जानकारी दी। अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा व सचिव डॉ. शालिनी मोहन ने बताया कि खेल भावना को प्रोत्साहित करने, आपसी समन्वय को बेहतर करने व शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता होगी, जिसमें पांच टीम फॉर्च्यून हॉस्पिटल, आहाना हॉस्पिटल, कनिष्क हॉस्पिटल, ट्यूलिप हॉस्पिटल व रिजेंसी हॉस्पिटल प्रतिभाग करेगी। महिला डॉक्टरों की भी टीम होगी। पदाधिकारियों ने कहा कि यह आयोजन न केवल खेल प्रतियोगिता है, बल्कि चिकित्सकों के बीच आपसी सौहार्द, टीम भावना व स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। इस दौरान वित्त सचिव डॉ. विशाल सिंह, क्रीड़ा सचिव डॉ.विकास श्रीवास्तव, सह क्रीड़ा सचिव डॉ.विनीत रस्तोगी व कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपक श्रीवास्तव समेत आदि रहे।

## रंग मंच पर चमके नन्हे सितारे



छात्रा को सम्मानित करते इंद्र मोहन रोहतगी व प्रधानाचार्य।

**कानपुर।** आजाद नगर स्थित टैलेंटेड टॉट्स स्कूल में शुक्रवार को प्री-प्राइमरी कक्षाओं का ग्रेजुएशन समारोह उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। समारोह में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी सीख और कौशल का परिचय दिया। रंगारंग प्रस्तुतियों और मासूम अदाओं से बच्चों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। हर बच्चे ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए मंच पर अपनी कला और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह ने बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य की झलक प्रस्तुत की। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. इंद्र मोहन रोहतगी, प्रधानाचार्या ज्योति दास समेत शिक्षकगण मौजूद रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### सम्मान समारोह हुआ

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। बैठक में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से जुड़े जिला समन्वयकों, प्राचार्य, प्राचार्या एवं नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। आठ जनपदों से आए प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता ने तकनीकी शिक्षा को सुदृढ़ करने तथा उभरते क्षेत्रों में विद्यार्थियों के लिए अवसरों का विस्तार करने की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद औरैया

पत्राक : 1356/प्र0लि0–गौशाला/2025–26 दिनांक 19 मार्च, 2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद औरैया के द्वारा संचालित गौशालाओं में भूसा/हरा चारा व दाना की व्यवस्था हेतु सामग्री की दरें निर्धारित करने के लिये निविदायें दिनांक 26.03.2026 को समय अपरान्ह 2.00 बजे तक आमत्रित की जाती है। निविदायें पालिका में रखें टेण्डर बॉक्स में डाली जायेंगी। जो दिनांक 26.03.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र के साथ–साथ 2 प्रतिशत अग्रिम जमानत धनराशि नगर पालिका कोष के खाता सं0 1581104000013420 (IDBI Bank Auraiya) IFSC: IBKL001581 में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करते हुये धनराशि की जमा रशीद की प्रति प्रपत्र के साथ सलग्न करना अनिवार्य है। निविदा आमंत्रित करने की तिथि में किसी कारणवश अवकाश होता है तो उसके अगले दिवस निविदा डाली जायेगी। निविदा सम्बन्धी शर्ते नगर पालिका परिषद औरैया के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। किसी निविदा की प्राप्त दरों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्रम सं0 | आपूर्ति/ कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य मय 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | आपूर्ति करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हरा चारा की आपूर्ति का कार्य | 10,000.00 | 500.00 | वित्तीय वर्ष 2026–27 |
| 2 | भूसा की आपूर्ति का कार्य | 10,000.00 | 500.00 | वित्तीय वर्ष 2026–27 |
| 3 | दाना/खली आपूर्ति का कार्य | 5,000.00 | 200.00 | वित्तीय वर्ष 2026–27 |

**निविदा डालनें हेतु शर्त निम्न प्रकार है–**

1– टेण्डर सबसे कम रेट वाले टेण्डरदाता की दरें स्वीकार की जायेगी किसी भी निविदा दाता की निविदा बिना कारण बतायें स्वीकार/अस्वीकार का अधिकार अद्यौहसताक्षरी में निहित होगा।

2– यदि कार्य राजकीय अनुदान का होगा तो उसका भुगतान उन शासकीय अनुदेशों के अधीन किया जायेगा जिनका शासन ने शासकीय पत्र में अकित किया हैजिसके अनुसार अनुदान दिया गया है।

3– यदि आपूर्ति के समय ऐसी सामग्री जिस पर सरकार ने प्रतिबन्ध रखा हो उसका प्रबन्ध ठेकेदार स्वयं करें निकाय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

4– ठेकेदार की जमा जमानत धनराशि विततीय वर्ष के अन्त में सन्तोषजनक आपूर्ति होने की दशा में अवमुक्त की जायेगी।

5– नगर पालिका अधिनियम 1916 में आपूर्ति के सम्बन्ध में जो भी प्रावधान अकित है या समय–समय पर शासन उनमें कोई संशोधन करेगा तो वह ठेकेदार पर लागू समझा जायेगा।

6– यदि किसी मामलें में कोई विवाद होगा तो उसका निर्णय अद्यौहसताक्षरी करेगें जिनका अन्तिम निर्णय दोनो पक्षों को मान्य होगा।

7–सशर्त कोई निविदा स्वीकृत नही की जायेंगी।

8–शासनसदेश सं0–609/नौ–92007/249ज/06 दिनांक–26.02.2007 के अनुपालन में निविदा के साथ रू0–100/– व रू0–10/–के स्टाम्प पर स्वघोषणा पत्र सलग्न करना होगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद औरैया**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद औरैया**


सामूहिक विवाह | दुल्हनों को चांदी की पायल, बिछिया के साथ घरेलू सामान के उपहार और प्रमाण पत्र सौंपे गए

# 156 बेटियों ने सात फेरे लेकर चुना हमसफर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जरूरतमंद परिवारों की बेटे व बेटियों के विवाह के लिए संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शुक्रवार को कानपुर में 156 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। समारोह का आयोजन चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्टेडियम में किया गया, जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ वर-वधुओं ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर सात जन्मों तक साथ निभाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जोड़ो ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए और वैवाहिक बंधन में बंध गए। समारोह में कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार, विधायक घाटमपुर सरोज कुरील तथा जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण मौजूद रहे। जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ दीक्षा जैन, एडीएम सिटी राजेश कुमार, एसडीएम सदर अनुभव सिंह सहित अन्य अधिकारी रहे।



सामूहिक विवाह समारोह में शामिल जोड़े। अमृत विचार

- सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

अतिथियों ने भी नवदंपती को आशीर्वाद दिया। वहीं प्रशासन की ओर से सभी जोड़ो को विवाह प्रमाण पत्र व घरेलू उपयोग के लिए सूटकेस, बर्तन, गद्दा, प्रेस, कपड़े, पानी का कैन, डिनर सेट, पंखा आदि समान उपहार स्वरुप दिए। दुल्हनों को चांदी की पायल और बिछिया भी दी गई। समारोह में मुस्लिम समाज के छह जोड़ों का निकाह करवाया गया। वर व वधू पक्ष के भोजन की व्यवस्था थी।

### बारिश में तिरपाल और गद्दों के सहारे बचाव

- कार्यक्रम के दौरान अचानक हुई बारिश ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए। बारिश शुरू होते ही समारोह में मौजूद लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोग त्रिपाल और लोडर के नीचे खड़े होकर बारिश से बचते नजर आए, जबकि कुछ लोगों ने विवाह में मिले गद्दों का सहारा लेकर खुद को भीगने से बचाया। अचानक हुई बारिश से कार्यक्रम स्थल पर कुछ समय के लिए अव्यवस्था का माहौल भी बन गया।

### भोजन पैकेट को लेकर मिलीं शिकायतें

- सामूहिक विवाह समारोह में जोड़ों के परिजनों के लिए भोजन पैकेट की व्यवस्था की गई थी। हालांकि भोजन को लेकर कुछ शिकायतें भी सामने आईं। कई लोगों ने बताया कि कुछ पैकेट अधूरे थे, जबकि कुछ जगह चावल और पूड़ी कच्ची होने की बात कही गई। मामले की जानकारी मिलने पर सीडीओ दीक्षा जैन सहित कई अधिकारी भंडार गृह पहुंचे और व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया।

न्यूज ब्रीफ

### चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल व नकदी बरामद

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** एसएसपी के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत शुक्रवार को गंगाघाट पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास तीन मोबाइल फोन व 1600 रुपये बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, श्रीनगर निवासी आशीष यादव ने 19 मार्च को कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि 18 मार्च की रात अज्ञात चोर उसके घर से 10 हजार रुपये व 3 मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान दरोगा अरुण त्रिपाठी व पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए राहुल उर्फ छोटू राठौर व बबली राठौर निवासी गंगानगर पोनी रोड को नए गंगा पुल के नीचे से दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि उनके पास से 3 मोबाइल व 1600 रुपये मिले हैं। गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।

# मां ब्रह्मचारिणी के जयकारों से गूंज उठे माता के दरबार

## प्रातः काल से ही मंदिरों के बाहर लगने लगीं श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को जिल के मंदिरों में भक्तों ने श्रद्धा व उल्लास के साथ मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिलीं। जहां श्रद्धालुओं ने माता रानी को चुनरी, फल, फूल व नारियल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।

शहर के प्राचीन कल्याणी देवी मंदिर, दुर्गा मंदिर व पूर्णा देवी मंदिर में भोर से ही भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं, जिले के ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों के प्रसिद्ध सिद्धपीठों में भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। नवाबगंज के कुशहरी देवी मंदिर में भक्तों ने कतारबद्ध होकर दर्शन


दुर्गा मंदिर में भक्तों द्वारा लाए गए फूल माला को चढ़ाते पुजारी।


मां का दर्शन-पूजन करते भक्त। ● अमृत विचार

किए। बक्सर के चंडिका देवी धाम में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने मत्था टेका। दिनभर की पूजा के बाद, शाम का नजारा और भी मनमोहक रहा। मंदिरों के साथ घरों में भी महिलाओं की टोलियों ने ढोलक की थाप पर भजन-कीर्तन किया। मैया के द्वारे भीड़ लगी है जैसे गीतों पर महिलाएं झूमती नजर आईं। सुरक्षा की दृष्टि से भी प्रमुख मंदिरों के आसपास पुलिस बल मुस्तैद रहा ताकि दर्शनार्थियों को असुविधा न हो।

### मोहल्ला खत्रियाना के संतोषी माता मंदिर में उमड़ी भारी भीड़

बांगरमऊ में चैत्र नवरात्र के द्वितीय दिवस नगर के मोहल्ला खत्रियाना स्थित संतोषी माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह से ही भक्तों का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया, जो देर शाम तक लगातार जारी रहा। मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंजता रहा। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर मां संतोषी के दर्शन किए और विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन किया। भक्तों ने माता को प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, की कामना की। शुक्रवार होने के कारण संतोषी माता का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक रही। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने बड़ी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया। मंदिर के सेवादार सक्षम शुक्ला ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया और व्यवस्था संभालने में सहयोग किया। नवरात्र पर्व पर नगर के राजराजेश्वरी मंदिर,मां भूवनेश्वरी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली।

### मां ब्रह्मचारिणी के दर्शन को उमड़ा आस्था का जनसैलाब


पोनी रोड दुर्गा मंदिर में मां ब्रह्मचारिणी के रूप में बिराजीं माता।

**शुक्लागंज, उन्नाव :** नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप के दर्शनों को नगर के सभी दुर्गा मंदिरों में सुबह से देररात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। राजमार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में भोर से ही भक्तों की कतारें लग गईं और दिन भर पूजा-अर्चना का सिलसिला चलता रहा। मंदिरों में गूंजते भजन-कीर्तन व माता के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। कंचन नगर स्थित कंचना माई मंदिर में मां का भव्य श्रृंगार किया गया। जहां श्रद्धालुओं ने पूजा कर मनोकामनाएं मांगीं। इसी तरह पोनी रोड स्थित मां झंडेश्वरी देवी, महेश मार्ग स्थित मां सिद्धिदात्री व गांधीनगर के काली मंदिर सहित अन्य दुर्गा मंदिरों में भी पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिला भक्तों ने समूह में भजन-कीर्तन कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। दुर्गा मंदिर के पंडित विनोद पांडे ने बताया कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से भक्तों की सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। कहा कि उपवास रखने व दुर्गा सप्तशती का पाठ करने से मां विशेष प्रसन्न होती हैं। क्रवार होने के कारण मंदिरों में सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ रही। वहीं हल्की बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। मंदिरों में प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया, जिसे भक्तों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।

# मेला घुमाने के बहाने मायके से ला पत्नी को उतारा मौत के घाट

● **पुलिस को फोन कर दी हत्या करने की सूचना, करीब 3 साल पहले हुई थी शादी**

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचारः** मायके से पत्नी को मेला घुमाने के बहाने साथ लेकर आए पति ने देररात गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। बाद में खुद पीआरवी को फोन से इसकी जानकारी दी। पुलिस ने जांच कर शव का पैनल से वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराया। मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पति को जेल भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।


माधुरी

सदर कोतवाली क्षेत्र के सरैया (मसवासी) गांव निवासी यशोदा पत्नी रामशंकर ने करीब 3 साल पहले अपनी छोटी बेटी माधुरी (22) की शादी माखी थानाक्षेत्र के रुपऊ गांव निवासी बाल किशन उर्फ बबलू से की थी। उसकी एक डेढ़ साल की बेटी श्रृष्टि भी है। 3 माह से माधुरी मायके में थी। गुरुवार रात 8 बजे बालकिशन ससुराल आया और पत्नी को करोवन मोड़ के पास लगे मेला घुमाने की बात कहकर साथ ले गया। जहां देररात वह उसे दही थानाक्षेत्र के केसरीखेड़ा गांव ले गया। जहां उसने विवाद के बाद पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी और पीआरवी को इसकी सूचना दी। दही पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे हिरासत में लिया। दही पुलिस ने रात करीब 2 बजे मायके पहुंचकर इसकी सूचना दी तो परिजनों में चीखपुकार मच गई। मां ने दामाद व उसके परिजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने व हत्या कर शव फेंकने की तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पति को जेल भेज दिया। नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी ने पंचनामा भरकर दो डॉक्टर के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं घटना को लेकर चर्चा रही कि बालकिशन एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। वहीं माधुरी शादी के पहले एक डीजे/आर्केस्ट्रा में कार्य करती थी। शादी के बाद पति ने उसे यह काम करने से रोका था। इससे दोनों में विवाद हुआ था। 3 माह से मायके में रहने के दौरान वह फिर डीजे में काम करने लगी थी। इसी आवेश में बालकिशन ने उसकी हत्या की है। सीओ सिटी दीपक यादव ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पति को पकड़कर जेल भेजा गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# झमाझम बारिश से पारा लुढ़का, कटी फसलों पर संकट

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** जिले में शुक्रवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। सुबह से ही आसमान में घने बादलों के बीच जिले के विभिन्न हिस्सों में रुक-रुककर हुई बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है। इस मौसमी बदलाव से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं।

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से हुए इस बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को जिले का अधिकतम 26 व न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अचानक बढ़ी ठंडक से लोगों को एक बार फिर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। बारिश का असर बाजारों में भी दिखा। जहां अन्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल कम रही। सुबह से शुरू हुई हल्की से मध्यम बारिश ने शहरी व ग्रामीण इलाकों की रफ्तार रोक दी। कई इलाकों में पानी भरने से राहगीरों व दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। यह समय कृषि के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील है। जिले में सरसों व गेहूं की फसल कटाई का दौर चल रहा है। कई किसानों ने सरसों की फसल काटकर सूखने के लिए खेतों में छोड़ रखी थी। बारिश के कारण कटी हुई फसल के भीगने से उसकी गुणवत्ता व रंग प्रभावित होने की आशंका है। जिससे किसानों को नुकसान हो सकता है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले एक-दो दिन आसमान में बादल छाए रहने व हल्की बारिश की संभावना बनी है।



बारिश से बचने के लिये छाता लगाकर जाती महिला। ● अमृत विचार

### बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने किसानों के माथे पर उकेरीं चिंता की लकीरें

**शुक्लागंज, उन्नाव :** शुक्रवार को अचानक बदले मौसम ने जहां लोगों को ठंड का एहसास कराया वहीं किसानों की चिंता भी बढ़ा दी। सुबह करीब 8 बजे शुरू हुई बारिश पूरे दिन रुक-रुककर होती रही। बारिश के साथ चली तेज हवाओं से मौसम तो सुहावना हुआ, लेकिन खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा। बारिश के चलते कंचन नगर, सर्वोदय नगर, रहमत नगर, साकेतपुरी व आजाद मार्ग समेत कई निचले इलाकों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कीचड़ फैलने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इधर, मार्च माह में हुई इस बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में तैयार खड़ी गेहूं और सरसों की फसल तेज हवाओं के कारण गिर गई। कई किसानों ने सरसों की कटाई कर फसल खेत में ही डाल रखी थी, जो बारिश में भीगकर खराब हो गई। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि पहले से बढ़ती महंगाई के बीच अब मौसम की मार ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। फसलों के नुकसान से उनकी आय पर असर पड़ने की आशंका है, जिससे चेहरे पर चिंता साफ नजर आ रही है।

### ईद की तैयारियों में बाधक बनी बारिश

**बांगरमऊ, उन्नाव :** शुक्रवार सुबह से मौसम का मिजाज बदला रहा। सुबह होते ही आसमान में घने बादल छा गए और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। वहीं, ठंडी हवाओं ने मौसम तो सुहावना बना दिया लेकिन ईद की खुशियों को लेकर लोगों की चिंता भी बढ़ा दी। शनिवार को ईद मनाई जाएगी और ऐसे में मौसम को लेकर रोजेदारों के मन में आशंका बनी हुई है। ईद को लेकर लोगों ने खरीदारी पूरी कर ली है और परिवार के साथ घूमने-फिरने, रिश्तेदारों से मिलने व बच्चों को ईदगाह व बाजार ले जाने की तैयारी कर रखी है। हालांकि शुक्रवार को अचानक बदले मौसम ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

रोजेदारों का कहना है कि यदि ईद पर भी इसी तरह बादल छाए रहे व बूंदाबांदी होती रही तो त्योहार का आनंद फीका पड़ सकता है। खासतौर पर ईदगाह में नमाज, बाजारों की रौनक और बच्चों के घूमने-फिरने पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। क्षेत्र के अधिकांश खेतों में गेहूं की टंकी और अधपकी फ़सल लहलहा रही है। गेहूं की फसल कटाई जल्द शुरू होना है। शुक्रवार के दिन तेज हवा के झोंकों के साथ बूंदा-बांदी और काले घने बादलों को देखकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं।

### भाजपा गंगाघाट मंडल की कार्यकारिणी घोषित


अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** भाजपा गंगाघाट मंडल की नई कार्यकारिणी की शुक्रवार को घोषणा की गई। इसमें संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से कई पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। पूर्व में मंडल अध्यक्ष पद पर सुरेश चंद्र शुक्ला को नियुक्त किया गया था। इसके बाद उपाध्यक्ष, महामंत्री व मंत्री घोषित किये गये हैं। जबकि कोषाध्यक्ष की जबह अभी खाली है। शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष ने गंगाघाट मंडल की मेनबॉडी की सूची जारी की। जिसमें मंडल उपाध्यक्ष के रूप में दुर्गा तिवारी, सतीश शुक्ला, जितेंद्र अवस्थी, अमरेंद्र गुप्ता, देवेंद्र पटेल व संदीप मिश्रा को जिम्मेदारी मिली है। वहीं मंडल महामंत्री पद पर दीप कुमार शुक्ला व जितेंद्र सिसोदिया को नियुक्ति मिली है। इसके अलावा मंडल मंत्री के रूप में आशुतोष वर्मा, भुवनेश भारत तिवारी, रेनू सोनकर, राजकुमार पाल, सोनू कठेरिया व हिमांशु निषाद को जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी नेतृत्व ने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई है कि वे संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे। नई कार्यकारिणी के गठन से कार्यकर्ताओं में उत्साह है और आगामी चुनावों को लेकर संगठन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

### गौरैया सुरक्षित तो हमारा पर्यावरण सुरक्षित


गौरैया संरक्षण के पोस्टर के साथ छात्र-छात्राएं।

**उन्नाव, अमृत विचार :** 20 मार्च को विश्व गौरैया संरक्षण दिवस मनाया जाता है। गौरैया संरक्षण में स्कूल कॉलेजों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विकासखंड सिकन्दरपुर कर्ण के उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरी त्रिभानपुर में विश्व गौरैया दिवस पर शिक्षक प्रदीप भदौरिया के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने गौरैया संरक्षण हेतु पोस्टर व इको फ्रेंडली घोंसलों के माध्यम से गौरैया के संरक्षण पर जोर दिया। इसमें उन्होंने छात्र-छात्राओं को गौरैया संरक्षण की जानकारी देते हुए कहा कि थोड़े से प्रयास करने पर लोग अपने आसपास भी गौरैया की चहचहाहट आसानी से सुन सकते हैं। इसमें छात्र-छात्राओं ने गौरैया संरक्षण का महत्व समझा और संकल्प लिया कि गौरैया के लिए दाना पानी व घोंसले की व्यवस्था करना हमारा कर्तव्य है। छात्र-छात्राओं ने अपने घरों में जहां गौरैया आती जाती हैं वहां स्वनिर्मित घोंसले लटकाने की बात कही और गौरैया को दोस्त बनाने पर जोर दिया।

# ईद पर्वः बाजारों में बढ़ी रौनक, बड़ी ईदगाह में होगी नमाज

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** जिले भर में शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर शुक्रवार सुबह से ही बाजारों में खासी चहल-पहल देखी गई। शहर के मुख्य बाजारों में देर रात तक खरीदारी का दौर चलता रहा। ईद की पूर्व संध्या पर शहर का धवन रोड पूरी तरह गुलजार रहा। सुबह से ही लोग खाने-पीने की चीजों से लेकर नए कपड़ों की खरीदारी में व्यस्त दिखे। बाजारों में सबसे ज्यादा मांग सेवइयों और सूखे मेवों की रही। इसके साथ ही कुर्ता-पैजामा, टोपी, जूते-चप्पल और इत्र की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। महिलाओं ने भी कपड़ों और श्रृंगार के सामान चूड़ियां, मेहंदी आदि की जमकर खरीदारी की। धार्मिक व्यवस्थाओं को लेकर शहर काजी मौलाना निशार अहमद मिस्बाही ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि अकीदतमंदों की भीड़ को देखते हुए इस बार बड़ी ईदगाह में दो बार नमाज अदा की जाएगी, पहली जमातः सुबह 7:30 बजे व दूसरी जमातः सुबह 8:15 बजे से।


जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज अदा करते रोजेदार।


बाजार में सिवइयां खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### बाजारों में देर रात तक रही रौनक

**शुक्लागंजः** रमजान माह के समापन के साथ शनिवार को ईद पर्व मनाया जाएगा। इसे लेकर नगर व आसपास के मुस्लिम इलाकों में खुशी की लहर दौड़ गई। चांद दिखते ही लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और ईद की तैयारियां तेज हो गईं। देर रात तक बाजारों में खरीदारी चलती रही। जिससे कपड़ा, जूता, सेवईं व मिठाइयों की दुकानों पर भीड़ देखने को मिली। ईद की नमाज को लेकर नगर की मस्जिदों में व्यापक तैयारियां की गई हैं। पालिका द्वारा मस्जिद परिसरों में सफाई व चूने का छिड़काव कराया गया है। वहीं प्रशासन ने भी सुरक्षा के मद्देनजर सभी प्रमुख मस्जिदों पर फोर्स तैनात किया है। इमाम हाफिज गुलाम मोहम्मद के अनुसार, शनिवार को ईद की नमाज विभिन्न मस्जिदों में निर्धारित समय पर अदा की जाएगी। एक मिनारी मरकज़ी बड़ी मस्जिद रहमत नगर में 9:00 बजे, जामा मस्जिद सब्जी मण्डी में 7:30 बजे व 8:00 बजे, सुन्नी मरकज़ी बड़ी मस्जिद अहमद नगर में 8:00 बजे, बड़ी मस्जिद मोहम्मद नगर गोताखोर में 8:30 बजे, नूरी बकाई मस्जिद मोहम्मद नगर गोताखोर 9:30 बजे, शाही मस्जिद हुसैन नगर गोताखोर में 8:00 बजे, गौसिया मस्जिद गंगानगर में 8:00 बजे, नुरी मस्जिद आलम नगर पानी टंकी में 8:15 बजे, रजा मस्जिद अहमद नगर कटरी में 7:45 बजे, हसन मस्जिद हसन नगर छह खंबा कंचन नगर में 7:30 बजे, मस्जिद मोहम्मदी इस्लाम नगर भातूफार्म में 8:00 बजे, गौसिया मस्जिद मनोहर नगर में 7:30 बजे, मदीना मस्जिद टाट वाली अहमद नगर में 6:45 व 7:30 बजे, मस्जिद गुलशन ए तेबा गंगा नगर में 8:15 बजे, बिलाल मस्जिद आलम नगर में 9:00 बजे, वारसी मस्जिद आलम नगर में 8:30 बजे, मस्जिद अशरफी इंद्रा नगर में 7:15 बजे, नगीना मस्जिद मकईया ताल रहमत नगर में 8:15 बजे, हुसैनी मस्जिद मुस्लिम कॉलोनी श्री नगर में 8:00 बजे, मस्जिद ए कमर फिरोज गंगा नगर में 7:45 बजे होगी।

### चांद दिखने पर फिर अदा हुई अलविदा की नमाज

**उन्नाव :** जिले में शुक्रवार को रमजानुल मुबारक के आखिरी जुमे यानी जुमेतुल विदा की नमाज अकीदत व एहतराम के साथ अदा की गई। गुरुवार को ईद का चांद नजर न आने से रोजेदारों को इबादत का एक और मौका मिला। जिसके तहत शहर की छोटी-बड़ी मस्जिदों में अलविदा की नमाज फिर से पढ़ी गई। रमजान के इस मुकद्दस महीने के रुखसत होने पर रोजेदार भावुक नजर आए। नमाज के दौरान मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ी, जहां नमाजियों ने हाथ उठाकर अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगी और मुल्क में अमन-चैन की दुआ की। कई जगहों पर रोजेदार रोते हुए खुदा की बारगाह में तौबा करते दिखे। शहर की मदीना मस्जिद में नमाज के मौके पर काजी तौसीफ रजा ने रमजान की फजीलत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा रमजान का महीना अल्लाह की तरफ से भेजा गया एक खास मेहमान है, जो रहमत और बरकत लेकर आता है। जिस तरह हम इसकी आमद पर खुश होते हैं, इसके जाने का गम भी उतना ही बड़ा है।

### मुल्क में अमन और शांति की मांगी गई दुआ


जामा मस्जिद से नमाज पढ़कर निकलते लोग।

**शुक्लागंज, उन्नाव :** रमजान के आखिरी जुमा पर शुक्रवार को अलविदा की नमाज नगर में बड़े ही अकीदत के साथ अदा हुई। इसमें नमाजियों ने देश में अमन-शांति व भाईचारे के लिए दुआ मांगी। राजमार्ग स्थित जामा मस्जिद में दोपहर साढ़े 12 बजे से ही रोजेदारों का पहुंचना शुरू हो गया था। दोपहर करीब सवा 1 बजे नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। नमाज के दौरान मस्जिद परिसर पूरी तरह नमाजियों से भरा नजर आया। अलविदा जुमा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मस्जिद के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। अलविदा की नमाज के साथ ही अब ईद-उल-फितर की तैयारियां तेज हो गई हैं और बाजारों में भी रौनक बढ़ने लगी है।

### इन मस्जिदों में हुई अलविदा की नमाज

- जामा मस्जिद व मदीना मस्जिद
- कंजी मस्जिद व जन्नतुल मस्जिद
- शाही मस्जिद व अताउल्लाह मस्जिद
- कासिम नगर व स्टेशन रोड मस्जिद

# सदर विधायक के प्रयास से बनेगा वोट क्लब व चौपाटी

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचारः** सदर विधायक पंकज गुप्ता के प्रस्ताव पर कटहा गांव दलनरायन पुर, सरैया वाटिका व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम स्थल पर वोट क्लब, चौपाटी व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है।

विधायक के प्रयास से लोगों को वोटिंग व आधुनिक बाजार का आनंद लेने के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना होगा। विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के विकास व प्रगति के लिए उनके निरंतर प्रयास जारी हैं। कहा कि हमारी प्राथमिकता रही है कि उन्नाव के लोग अपने शहर में वोटिंग, शॉपिंग व चौपाटी का आनंद ले सकें। उन्होंने जानकारी दी कि इन वृहद योजनाओं की स्वीकृति मिलने के साथ ही वर्षों से बदहाल पड़े श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का विकास व सरैया वाटिका का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सका है। इसके अगले चरण में अब यहां वोट क्लब व चौपाटी का निर्माण होगा, जो क्षेत्र वासियों के लिए एक अभूतपूर्व अनुभव होगा। इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। इस अवस पर कटहा दलनरायनपुर के ग्राम प्रधान दीपचन्द्र निषाद, जवाहरलाल निषाद, सत्यम विश्वकर्मा और अखिलेश निषाद ने सदर विधायक पंकज गुप्ता का माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया।

### बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अभियान


शिक्षकों के साथ रैली निकालती बेटियां। ● अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** मिशन शक्ति विशेष अभियान के छठे चरण में विकासखंड सफीपुर के कंपोजिट स्कूल रनियामऊ में शिक्षकों व छात्रों द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि 'मिशन शक्ति' अभियान का उद्देश्य लड़कियों में आत्मविश्वास, आत्मरक्षा व आत्म निर्भरता की भावना विकसित करना है। नवरात्र पर इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के सम्मान व सशक्तिकरण को एक जन-आंदोलन में बदलना है। ताकि बेटियां सुरक्षित, सक्षम व आत्मनिर्भर बन सकें। बताया कि इस बार अभियान को नवरात्र से जोड़ा गया है। जो देवी दुर्गा के नौ रूपों के माध्यम से नारी शक्ति के विभिन्न आयामों को जाहिर करता है। विद्यालय के बच्चों द्वारा गांव में रैली निकालकर बेटियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर और निडर बनने का संदेश दिया गया।

# पहली डिजिटल जनगणना की तैयारी तेज

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में जनगणना के कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित हुई। एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड की अध्यक्षता में हुई बैठक में लखनऊ मंडल के जनगणना प्रभारी व संयुक्त निदेशक आईटी अनुपम सिंह सोमवंशी उपस्थित रहे।

बैठक में एडीएम ने स्पष्ट किया कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना है जिसमें तकनीक का व्यापक उपयोग होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में काम शुरू करने से पहले सभी बारीकियों को भलीभांति समझ लें। कार्य की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर नाराजगी जताई व उन्हें अपनी कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। इसमें सीएमएमएस पोर्टल अपडेट एचएलबीसी क्रिएशन, मैपिंग और प्रगणकों का डेटा पोर्टल पर जल्द से जल्द अपडेट करने के निर्देश दिए गए। पहले चरण में मकानों के सूचीकरण व मकानों की गणना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मंडल प्रभारी अनुपम सिंह ने मास्टर ट्रेनरों को निर्देश दिए कि जनगणना का डेटा पूरी तरह से शुद्ध व त्रुटि रहित होना चाहिए। पर्यवेक्षकों व प्रगणकों को समय पर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने की बात कही गई ताकि जमीनी स्तर पर कोई कठिनाई न आए। इसमें जिला जनगणना प्रभारी उमा शंकर, एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी, एसडीएम पुरवा आनंद नायक, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, बीएसए, डीपीआरओ आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद एडीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री धर्मेन्द्र राठौर पुत्र होरीलाल राठौर निवासी ग्राम नसीरपुर भिक्खन परगना व तहसील बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय मे दिनाँक 11–03–2026 को अपने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड बैनामा, आधार कार्ड की छायप्रति व शपथ पत्र प्रस्तुत कर यह उल्लेख किया है कि प्रार्थी ने मोहल्ला गुलाम मुस्तफा/कस्बाटोला बाँगरमऊ का एक किता प्लाट विक्रेता 1– श्री विन्ध्य कुमार व 2–शैल कुमार पुत्रगण कृष्ण कुमार गुप्ता 3–श्रीमती सन्तोष गुप्ता पत्नी कृष्ण कुमार गुप्ता 4 – श्री शिवस्वरूप गुप्ता पुत्र रामेश्वर प्रसाद गुप्ता निवासी मोहल्ला गुलाम मुस्तफा पर0 व तह0 बाँगरमऊ जिला उन्नाव से जरिये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 24–04–2023 को क्रय कर गोड़े का निर्माण कर लिया है। जिसकी माप पूरब से पश्चिम 15.75 फिट व उत्तर से दक्षिण 40 फिट कुल माप 630 वर्गफीट या 58.56 वर्गमीटर उक्त भवन की चौहदी निम्नलिखित है। पूरब– मकान जयनरायन गुप्ता पश्चिम– मकान रामकिशन गुप्ता उत्तर– मकान श्रीमती चौना दक्षिण– रास्ता आर सी सी चौड़ा 12 फिट चौड़ा प्रार्थी ने अपने उपरोक्त गोड़े को पालिका कर पंजिका में कर की अदायगी के लिए अपने नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य आवेदन पत्र,रजिस्टर्ड बैनामा, शपथ पत्र,आधार कार्ड की छायाप्रति के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बाँगरमऊ उन्नाव

# अमृत विचार

शनिवार, 21 मार्च 2026




कुछ मत मांगो, बदले में कुछ मत चाहो। जो कुछ तुम्हारे पास देने को है, वह दो, वह तुम्हें वापस मिल जाएगा, लेकिन अभी इसके बारे में मत सोचो। **–स्वामी विवेकानंद**, दार्शनिक



## ऊर्जा सुरक्षा पर संकट

पश्चिम एशिया एक बार फिर वैश्विक अस्थिरता का केंद्र बनता दिख रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी गैस फील्ड साउथ पर्स पर इजराइली हमले के बाद ईरान द्वारा नौ देशों में तेल और गैस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाना क्षेत्रीय तनाव के साथ वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यह संकट जितना भू-राजनीतिक है, उतना ही मानवीय भी, क्योंकि इसकी सीधी चोट आम उपभोक्ता की जेब और जीवन पर पड़ेगी। साउथ पर्स, समरेफ रिफाइनरी और कतर का रास लफान जैसे संयंत्र विश्व ऊर्जा आपूर्ति की धुरी हैं। इन पर हमले से सप्लाई चेन बाधित होती है, बीमा लागत बढ़ती है और समुद्री परिवहन जोखिमपूर्ण हो जाता है। परिणामस्वरूप, बाजार में अनिश्चितता बढ़ती है और कीमतों में उछाल आता है। इंडियन बास्केट का ब्रेंट क्रूड 146 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है, जिसका सीधा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ेगा, जहां कुल तेल जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा फ्रांस, कतर और मलेशिया जैसे देशों के साथ शांति की अपील सकारात्मक कूटनीतिक पहल है। भारत की "संतुलित और संवाद-प्रधान" विदेश नीति इस समय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हालांकि, यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि केवल कूटनीति से तत्काल युद्धविराम हो जाएगा। फिर भी, भारत की अपील है कि नागरिक और ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना न बनाया जाए। नैतिक दबाव जरूर बनाती है, विशेषकर तब जब वैश्विक समुदाय भी इसी चिंता को साझा करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह आश्वासन कि इजराइल साउथ पर्स पर दोबारा हमला नहीं करेगा, राजनीतिक बयान अधिक प्रतीत होता है। जमीनी हकीकत यह है कि जब तक क्षेत्रीय अविश्वास और प्रतिद्वंद्विता बनी रहेगी, ऐसे हमलों की आशंका बनी रहेगी। ऊर्जा कीमतों में वृद्धि का असर बहुआयामी होता है। भारत में पेट्रोल-डीजल के दामों पर तत्काल प्रभाव पड़ सकता है, हालांकि सरकार करों में कटौती या सब्सिडी के माध्यम से अस्थायी राहत दे सकती है, विशेषकर चुनावी राज्यों में, लेकिन यह राहत स्थायी नहीं होती। तेल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ती है, जिससे खाद्यान्न, दवाइयां और दैनिक उपभोक्ता वस्तुएं महंगी हो जाती हैं।

महंगाई का यह चक्र अंततः आम आदमी की क्रय शक्ति को कमजोर करता है। यह भी एक यथार्थ है कि चुनावों तक कीमतों को नियंत्रित रखने की कोशिश की जाएगी, परंतु वैश्विक बाजार की ताकतें घरेलू नीतियों पर भारी पड़ सकती हैं इसलिए यह मान लेना कि कीमतें नहीं बढ़ेंगी, व्यावहारिक नहीं है। इस संकट से उबरने के लिए भारत को बहुस्तरीय रणनीति अपनानी होगी। पहला, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को मजबूत करना और वैकल्पिक आपूर्ति स्रोतों जैसे अफ्रीका और लैटिन अमेरिका की ओर रुख करना। दूसरा, नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को तेजी से बढ़ावा देना, ताकि आयात पर निर्भरता कम हो। तीसरा, ऊर्जा कूटनीति को और सक्रिय बनाना, ताकि संकट के समय विश्वसनीय साझेदार उपलब्ध रहें। यह केवल तेल और गैस का संकट नहीं है, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता की परीक्षा है। भारत को एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में अपने हितों की रक्षा के साथ शांति और सहयोग का मार्ग भी प्रशस्त करना होगा।

### प्रसंगवश

## रिश्तों की गरिमा और स्त्री सम्मान का प्रतीक गणगौर

भारतीय संस्कृति में पर्व केवल तिथियों का क्रम नहीं होते, वे जीवन के सूक्ष्मतम भावों, रिश्तों की गरिमा और प्रकृति के साथ मनुष्य के आत्मीय संबंध का जीवंत उत्सव होते हैं। इन्हीं उत्सवों की श्रृंखला में 'गणगौर' एक ऐसा लोकपर्व है, जिसमें आस्था के साथ-साथ प्रेम, समर्पण, सौंदर्य और सामाजिक संवेदनशीलता का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला यह पावन पर्व इस वर्ष 21 मार्च को मनाया जाएगा।

गणगौर का नाम ही अपने भीतर एक दिव्य अर्थ समेटे हुए है 'गण' अर्थात् भगवान शिव और 'गौर' अर्थात् माता पार्वती। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि शिव-पार्वती के आदर्श दांपत्य, प्रेम और अटूट विश्वास का प्रतीक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी और इसी तपस्या के दौरान उन्होंने गणगौर व्रत का पालन किया। उनकी निष्ठा और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया और उन्हें अखंड सौभाग्य का वरदान दिया। तभी से यह व्रत स्त्रियों के लिए सौभाग्य, सुख-समृद्धि और पारिवारिक मंगलकामना का प्रतीक बन गया।




श्वेता गोयल
शिक्षाविद


गणगौर का उत्सव विशेष रूप से स्त्रियों के जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, सुख और समृद्धि की कामना से यह व्रत करती हैं, वहीं अविवाहित युवतियां एक योग्य, स्नेही और आदर्श जीवनसाथी की प्राप्ति के लिए माता गौरी की पूजा करती हैं। इस दिन स्त्रियां पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर, हाथों में मेहंदी रचाकर और लोकगीतों की मधुर स्वर लहरियों के साथ गणगौर माता का स्वागत करती हैं। उनके गीतों में केवल भक्ति ही नहीं, जीवन की अनुभूतियों, आशाओं और संबंधों की मिठास भी झलकती है। राजस्थान में गणगौर का उत्सव मानो रंगों, परंपराओं और लोकजीवन की जीवंत झांकी बन जाता है। यहां यह पर्व होली के अगले दिन से आरंभ होकर लगभग सोलह दिनों तक चलता है। शहरों और गांवों की गलियों में स्त्रियां सिर पर कलश रखकर, ईसर-गणगौर की प्रतिमाएं लेकर निकलती हैं। ढोल, नगाड़ों और लोकगीतों के बीच जब शोभायात्राएं निकलती हैं, तो पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर उठता है। विशेष रूप से जयपुर, उदयपुर और बीकानेर में यह उत्सव एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन का रूप ले लेता है।

मध्य प्रदेश के मालवा और निमाड़ अंचल में गणगौर का स्वरूप और भी अधिक भावनात्मक और पारिवारिक हो जाता है। यहां माता पार्वती को 'रणुबाई' और भगवान शिव को 'धनीयर राजा' के रूप में पूजा जाता है। यह परंपरा केवल देवी-देवताओं की पूजा तक सीमित नहीं, बल्कि बेटी और दामाद के सम्मान की भी प्रतीक है। निमाड़ में गणगौर के अवसर पर भगवान शिव को दामाद और माता पार्वती को बेटी मानकर उनका स्वागत किया जाता है। यह परंपरा भारतीय समाज में बेटियों के प्रति आदर और सम्मान की उस गहरी भावना को प्रकट करती है, जो सदियों से हमारी संस्कृति की आधारशिला रही है। यहां गणगौर के नौ दिनों तक विशेष उत्सव का आयोजन होता है। माता की बाड़ी में ज्वारे बोए जाते हैं, जो उर्वरता, नवजीवन और समृद्धि के प्रतीक होते हैं। प्रतिदिन महिलाएं वहां एकत्रित होकर लोकगीत गाती हैं। इन गीतों में भक्ति के साथ-साथ जीवन की सहजता और सांस्कृतिक स्मृतियां भी जीवंत हो उठती हैं। आज के समय में जब समाज में रिश्तों की संवेदनशीलता और स्त्री सम्मान जैसे मूल्य चुनौती के दौर से गुजर रहे हैं, गणगौर का यह उत्सव और भी अधिक प्रासंगिक हो उठता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि परिवार केवल संबंधों का ढांचा नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान और प्रेम की नींव पर टिका एक जीवंत संसार है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

## रोटी, बेटी और माटी बनाम मां, माटी और मानुष






अमित नारायण
राजनीतिक विश्लेषक


2011 के विधान सभा चुनाव में मां, माटी और मानुष का नारा पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के दिलों दिमाग पर छा गया था। उन्होंने राज्य की सत्ता पर काबिज वाम सरकार को उखाड़ फेंकते हुए इस नारे को गढ़ने वाली तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी को सत्ता सौंप दी थी। तब से लगातार तीन बार ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बन चुकी हैं और इस मर्तबा चौथी बार पश्चिम बंगाल के सीएम के रूप में शपथ लेने के लिए फिर से मैदान में उतर गई हैं, लेकिन माना जा रहा है कि इस बार उन्हें भाजपा से सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मुकाबला कांटे का और बेहद नजदीकी होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ममता के मां माटी और मानुष के जवाब में रोटी, बेटी और माटी का नारा दिया है। रोटी का आशय रोजगार से है, तो माटी को वे बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों से जोड़ रहे हैं, जिन्होंने बंगाल की भूमि पर अवैध रूप से डेरा जमा लिया है, जबकि बेटी का आशय महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से है। ममता सरकार में आए दिन बेटियों के साथ दुष्कर्म के मामले सामने आते रहे हैं। बंगाल में बेरोजगारी चरमसीमा पर है। बड़े पैमाने पर वहां के लोग दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू जैसे बड़े शहरों में रोजगार के लिए पलायन करने को विवश हैं। भाजपा राज्य के युवाओं से औद्योगिक विकास और अन्य माध्यमों से रोजगार देने का वादा कर रही है, लेकिन ममता बनर्जी फिर से मां, माटी और मानुष का ही तीर इस्तेमाल कर रही हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री मोदी के रोटी, बेटी और माटी के नारे के आगे उनका दांव कितना सटीक बैठता है।

2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 215 सीटें जीतीं थीं, तो गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (तमांग) को एक, भाजपा को 77 और भारतीय धर्मनिरपेक्ष मोर्चा को एक सीट मिली थी। वामपंथियों और कांग्रेस का सफाया हो गया था। तब भाजपा को उम्मीद थी कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और टीएमसी से अलग होकर साथ आए सुभेंदु अधिकारी के दम पर वह ममता बनर्जी को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी, लेकिन यह संभव नहीं हो सका, क्योंकि पार्टी के पुराने नेता टीएमसी, कांग्रेस से आए नेताओं के साथ तालमेल नहीं बैठा सके। सत्ता से दूर रह जाने की वजह पार्टी की आंतरिक कलह माना गया। यही वजह है कि इस बार दूसरे दलों के नेताओं को पार्टी में शामिल कराने के बजाय अपने स्थापित नेताओं पर ही भाजपा दांव लगाने को आतुर है। भाजपा की निगाह असद्दुदीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम पर भी टिकी है। बिहार विधान सभा में पांच सीटों पर जीत दर्ज करने वाले ओवैसी टीएमसी के बागी हुमायूं कबीर की पार्टी के साथ गठबंधन करने जा रहे हैं। इससे टीएमसी के लिए थोड़ा मुश्किल खड़ी होगी, क्योंकि इस गठबंधन से भाजपा को फायदा होगा। इसके साथ ही भाजपा को एंटी इनकंबेंसी का लाभ मिलने की उम्मीद है। 15 सालों से सत्ता में रहकर टीएमसी अभी तमाम मूलभूत समस्याओं को हल नहीं कर पाई है।

हालांकि पार्टी इस चुनाव में ममता बनर्जी पर व्यक्तिगत हमला करने से बच रही है, लेकिन उनके मुकाबले मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित नहीं कर रही है। पार्टी की रणनीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ने की है। चेहरा घोषित कर रणनीतिकार आतंरिक कलह को बढ़ावा नहीं देना चाहते हैं, जो रूठे हैं, उन्हें मना लिया गया है। इस कारण टिकट की घोषणा के बाद नाराजगी की खबरें सामने नहीं आईं। भाजपा ने ममता को सत्ता से हटाने के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा आदि राज्यों के जिला स्तर के पदाधिकारियों को भी काम सौंपा है। पार्टी के छोटे-छोटे पदाधिकारी भी बंगाल की गलियों में घूम रहे हैं और मतदाताओं को यह बताने में जुटे हैं कि भाजपा सरकार आने पर कैसे उनके हित में काम होंगे। ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार की किन कल्याणकारी योजनाओं को अपने यहां लागू न करके उन्हें उनके लाभ से वंचित किया है। बांग्लादेश के घुसपैठियों को संरक्षण मिलने से कैसे वे उनके रोजगार को छीन रहे हैं और उनकी भूमि पर कब्जा करके उनका हक मार रहे हैं।

उधर, सत्ता में बने रहने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कर्मचारियों को उनके बकाया देयों का भुगतान करने की घोषणा के साथ ही महिलाओं के लिए बड़ी घोषणाएं कर दी हैं। अभी तमाम लोक लुभावने वादे भाजपा, टीएमसी और कांग्रेस द्वारा किए जाएंगे। घोषणा पत्र तैयार हो रहे हैं। इन्हें तैयार करने में जनता की राय भी ली जा रही है। मुख्यमंत्री ने एंटी इनकंबेंसी से बचने के लिए तमाम विधायकों के टिकट काट दिए हैं। आपराधिक छवि वाले विधायकों को टिकट देने से भी परहेज किया गया है। हालांकि ममता की चिंता हुमायूं कबीर और ओवैसी बढ़ा रहे हैं। बाबरी मस्जिद बनाने की घोषणा के साथ ही उसकी नींव रखकर हुमायूं कबीर ने बड़ा दांव चल दिया है। मुस्लिमों का रहनुमा बनने के लिए वह लगातार मुस्लिम बहुल इलाकों में भ्रमण कर रहे हैं। यदि दो-चार प्रतिशत वोट भी हुमायूं और ओवैसी के खाते में गए तो इसका नुकसान ममता को होगा और फायदा भाजपा को मिलेगा।

अभी वामपंथी दलों ने यहां अपने पत्ते नहीं खोले हैं। कांग्रेस एकला चलो नीति को लागू कर चुकी है। ममता बनर्जी ने कांग्रेस को आधा दर्जन सीटों का ऑफर दिया था, लेकिन पार्टी ने प्रस्ताव ठुकरा दिया था। भाजपा को लग रहा है कि मोदी के चेहरे, ओवैसी-कबीर की जुगलबंदी, एंटी-इनकंबेंसी और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर रोटी, बेटी और माटी के नारे के साथ वह इस बार बंगाल का किला आसानी से फतह कर लेगी, इसके मुकाबले ममता बनर्जी भाजपा की रणनीति को कमजोर करने के साथ पहले की तरह आक्रामक चुनावी अभियान को दिशा देने में जुटी हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> भाजपा को लग रहा है कि मोदी के चेहरे, ओवैसी-कबीर की जुगलबंदी, एंटी-इनकंबेंसी और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर रोटी, बेटी और माटी के नारे के साथ वह इस बार बंगाल का किला आसानी से फतह कर लेगी।

### आमने सामने



नाव पर इफ्तार मनाने में क्या दिक्कत है? उन लोगों ने पुलिस की हथेली पर ईदी नहीं रखी होगी। रख देते तो सब सही चलता। अखिलेश ने कहा कि प्रशासन को खुश करने के लिए इस तरह की कार्रवाई की जाती है। त्योहार कहीं भी मनाया जा सकता है, चाहे वह घर की छत हो या नाव पर हो।

**– अखिलेश यादव**, पूर्व सीएम, उप्र

मां गंगा हमारी पवित्र नदी है। करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है और उस आस्था से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। हिंदू गंगा में स्नान कर पुण्य कमाते हैं, कोई अगर उसमें मांस के टुकड़े फेंकेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अखिलेश जी को कम से कम इस कृत्य की निंदा करनी चाहिए। वोट के लिए तुष्टिकरण नहीं करना चाहिए।

**– ब्रजेश पाठक**, डिप्टी सीएम, उप्र



## विधान सभाओं में वंदे मातरम् का नया अध्याय




डॉ. कैलाश चन्द सैनी
पूर्व मुख्य अन्वेषण एवं संदर्भ अधिकारी, राजस्थान विधानसभा


लोकतंत्र के मंदिर जब राष्ट्रभक्ति के स्वरों से गुंजायमान होते हैं, तो वे केवल विधिक प्रक्रियाओं का निर्वाह नहीं करते, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक चेतना को स्वर प्रदान करते हैं। वर्तमान में 'वंदे मातरम्' को लेकर देश की विभिन्न विधान सभाओं में जो नई परंपराएं शुरू हो रही हैं, वे केवल औपचारिक बदलाव नहीं, बल्कि हमारी विधायी संस्थाओं के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक हैं। यह उस संगीतमय संविधानवाद की पुनर्स्थापना है, जिसकी नींव 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा के अंतिम दिन अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने रखी थी। उन्होंने घोषणा की थी कि 'जन-गण-मन' के साथ-साथ 'वंदे मातरम्' को भी समान रूप से सम्मान और पद प्राप्त होगा, जिसने भारतीय गणराज्य की संप्रभुता को स्वाधीनता संग्राम की भावनात्मक विरासत से जोड़ दिया।

संसदीय परंपराओं के विकास में अगस्त 1992 को मील का पत्थर कहा जा सकता है, जब लोकसभा की सामान्य प्रयोजन संबंधी समिति ने राष्ट्रीय प्रतीकों के विधायी उपयोग की अनुशंसा की थी। 24 नवंबर, 1992 को तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल द्वारा सदन में यह घोषणा की गई कि लोकसभा के सत्र का शुभारंभ राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' से और समापन राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' से किया जाएगा। राज्यसभा के 165 वें सत्र में 25 नवंबर, 1992 को इस प्रथा की शुरुआत हुई तथा सत्र के समापन पर 23 दिसंबर, 1992 को पहली बार सभा में वंदे मातरम् बजाया गया।

इस परंपरा के निर्वाह में मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश विधानसभा की भूमिका ऐतिहासिक रूप से अग्रणी रही है। इन राज्यों ने संसदीय स्वायत्तता का परिचय देते हुए इस परंपरा को संसद द्वारा अपनाए जाने से पूर्व ही अंगीकार कर लिया था। मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष बृजमोहन मिश्रा की पहल पर 2 सितंबर, 1992 को, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा के नेतृत्व में 16 सितंबर, 1992 को तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी द्वारा 28 अक्टूबर, 1992 को सत्र की शुरुआत 'वंदे मातरम्' से करने की अनूठी परिपाटी शुरू हुई।

इन विधान सभाओं ने सांस्कृतिक वंदना को विधायी कार्य का प्रेरक स्रोत मानते हुए राष्ट्रीय गीत से सत्र का शुभारंभ किया, जिसे संसद के 'रिवर्स प्रोटोकॉल' के रूप में देखा गया। इस परंपरा का अनुसरण करते हुए बाद में छत्तीसगढ़ (27 फरवरी, 2001) और कर्नाटक (25 नवंबर, 2013) विधानसभा ने भी इसे अपनाकर यह सिद्ध किया कि संघीय ढांचे में राज्य अपनी सांस्कृतिक विशिष्टता के अनुसार राष्ट्रीय प्रतीकों को गौरवान्वित कर सकते हैं। राष्ट्रीय गीत के प्रस्तुतीकरण में एकरूपता और ऐतिहासिक शुद्धता के लिए 28 जनवरी, 2026 को गृह मंत्रालय द्वारा जारी नए दिशा-निर्देशों ने एक वैश्विक मानक स्थापित किया है। इन निर्देशों में 'वंदे मातरम्' के सभी छह छंदों के गायन हेतु 3 मिनट 10 सेकंड की अवधि निर्धारित की गई, जो इसे मात्र एक समूहगान से ऊपर उठाकर एक पूर्ण अनुष्ठान का दर्जा प्रदान करती है। इस दिशा में राजस्थान विधानसभा ने 10 मार्च, 2026 को एक नया इतिहास रचा जब पांचवें सत्र के समापन पर पहली बार 'वंदे मातरम्' के संपूर्ण छह छंदों और उसके तुरंत बाद राष्ट्रगान भी बजाया गया। यह परिवर्तन मात्र समय का विस्तार नहीं, बल्कि इस गीत के उस पूर्ण स्वरूप के प्रति सम्मान है, जिसे स्वाधीनता सेनानी अक्सर गुनगुनाया करते थे। इसी गौरवशाली परंपरा के अनुसरण में मेघालय (16 फरवरी, 2026) और हरियाणा (20 फरवरी, 2026) विधानसभा ने भी अपने-अपने बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रीय गीत के साथ कर एक नए विधायी युग का सूत्रपात किया है। विचारणीय है कि जिन राज्य विधानमंडलों में अभी तक राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के नियमित गायन अथवा वादन की परंपरा विकसित नहीं हुई है, वहां यह स्वस्थ संसदीय परंपरा कब और किस रूप में प्रारंभ होगी और यह भी कि क्या वह केवल औपचारिकता रहेगी या जीवंत परंपरा का रूप लेगी।

भारतीय संसदीय संस्थाओं में राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के प्रयोग की कोई एक जैसी परंपरा प्रचलन में नहीं है। संसद में 1992 में शुरू हुई प्रथा के अनुसार सत्र का प्रारंभ राष्ट्रगान से और समापन राष्ट्रीय गीत से होना एक प्रकार की संतुलित संसदीय परंपरा है, जिसमें राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति समान रूप से सम्मान की भावना अभिव्यक्त होती है। इसके विपरीत, कुछ राज्य विधान सभाओं में यह क्रम उलट कर सत्र का आरंभ 'वंदे मातरम्' से तथा समापन 'जन-गण-मन' से करने की परंपरा प्रचलन में है।

'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नैतिक ऊर्जा और सांस्कृतिक आधार प्रदान किया। यदि हमारी संसदीय संस्थाएं और उनके प्रतिनिधि संसदीय शुचिता, कर्त्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित के प्रति निःस्वार्थ समर्पण को अपने आचरण से परिलक्षित करें, तो 'वंदे मातरम्' का आदर्श केवल एक उद्घोष न रहकर लोकतंत्र की जीवंत प्रेरणा बन सकता है। इसकी सार्थकता तभी है, जब राष्ट्रीय गीत के स्वर सदन की गरिमा और शुचिता में भी अनुगूंजित हों।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नैतिक ऊर्जा और सांस्कृतिक आधार प्रदान किया।

### सोशल फोरम

## संकट के काले बादल

इजरायल-अमेरिका व ईरान युद्ध की स्थिति इतनी जटिल हो गई है, कि आज कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा। एक समय लगने लगा था कि अमेरिका अब युद्ध समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, परंतु उसकी मंशा को भांपते हुए, इजराइल कोई न कोई ऐसी हरकतें कर देता है, जिससे युद्ध और भी भड़कता जा रहा है। इसी क्रम में ही उसने ईरान के वरिष्ठ सुरक्षा चीफ अली लारीजानी की हत्या कर डाली, उसके बाद ईरान के गैस फील्ड पर मिसाइल दाग दिए। जवाबी कार्यवाही में ईरान ने भी इजराइल के गैस व पेट्रोल संयंत्रों पर मिसाइल दागे हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, कतर और सऊदी अरब के भी गैस संयंत्रों को भारी क्षति पहुंचाई है। ऐसा लगता है अब यह युद्ध एक-दूसरे के गैस व कच्चे तेल को नष्ट करने की तरफ केंद्रित हो गया है। यद्यपि राष्ट्रपति ट्रंप इजरायल की इन हरकतों को समझ गए हैं और उन्होंने इसके लिए इजराइल से चेतावनी भरे लहजे में अपनी नाराजगी भी जाहिर की है, परंतु स्थिति की जटिलता और उनकी स्वयं की असमंजसता, उन्हें किंकर्तव्यविमूढ़ बनाए हुए हैं।




विजय सिंह
रुद्रपुर


ईरान तो बर्बाद हो ही रहा है। ऐसे में अब उसके पास खोने को कुछ भी नही बचा है, अतः उसने भी ठान लिया है कि चाहे कुछ भी हो, दुश्मनों की मंशा पूरे नही होने देंगे। जीत का श्रेय लेने के लिए इसके अलावा और कोई चारा भी तो उसके पास नहीं बचा है। इस युद्ध की भयावहता की बात की जाए, तो जिस प्रकार से आज इसमें प्रत्यक्ष रूप से संलिप्त देश एक-दूसरे की ऊर्जा संयंत्र और उसकी सप्लाई लाइन को ही नष्ट करने पर तुले हैं, पूरे विश्व में ही घोर ऊर्जा संकट के बादल छा गए हैं। खाड़ी देशों में गैस व कच्चा तेल का उत्पादन और उनकी सप्लाई निरंतर कम होती जा रही है, यही कारण है कि इनकी कीमतें आसमान छूने लगी हैं। यदि युद्ध लंबा खिंचता है, ऐसी स्थिति में विश्व के सभी मुल्कों में महंगाई और उनकी आर्थिक स्थिति बद से बदतर होने से कोई भी रोक नहीं सकता। इसकी थोड़ी बहुत झलकियां अभी से दिखनी शुरू हो गईं हैं। गनीमत यही है कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित अधिकांशतः देश अभी काफी संयम दिखा रहे हैं, अन्यथा नेतन्याहू और ट्रंप ने उन्हें भी इस युद्ध में झोंकने के लिए, कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। इसके विपरीत भारत की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। भले ही लोगों द्वारा इस युद्ध से लाख फायदे गिनाए जा रहे हों, परंतु वास्तविकता यही है कि संकट की इस घड़ी में, जहां आम जनता को अकल्पनीय महंगाई की मार झेलनी होंगी, वहीं देश की डांवाडोल आर्थिक स्थिति से निपटने के लिए सरकार को भी तैयार रहना होगा।

**–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## सुरक्षित कल की नींव रखती है हर नन्हीं सांस

भारत ने एक बार फिर इतिहास रचा है और इस बार यह उपलब्धि किसी युद्ध, अर्थव्यवस्था या तकनीकी क्रांति की नहीं, बल्कि मानवता की सबसे कोमल धरोहर हमारे बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी है। जिस देश में कभी हजार में सैकड़ों बच्चे पांच वर्ष की आयु तक पहुंचने से पहले ही जीवन की जंग हार जाते थे, आज वही भारत अपने बचपन को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और आश्वस्त बना चुका है। पिछले लगभग तीन दशकों में बाल मृत्यु दर में 79 प्रतिशत की ऐतिहासिक गिरावट केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की आंखों में लौटी मुस्कान और अनगिनत सपनों के पुनर्जन्म की कहानी है।

बीते वर्षों में भारत ने जिस गति से प्रगति की है, वह सचमुच प्रेरणादायक है। 1990 में जहां 1000 में से 127 बच्चों की मृत्यु पांच वर्ष की आयु से पहले हो जाती थी, वहीं 2024 तक यह संख्या घटकर मात्र 27 रह गई है। नवजात शिशुओं की मृत्यु दर भी 57 से घटकर 17 प्रति 1000 हो गई है। ये आंकड़े केवल संख्याएं नहीं हैं, बल्कि उन असंख्य जीवनों की गवाही हैं, जिन्हें समय रहते बचा लिया गया। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि जब नीतियां सही दिशा में हों और इरादे मजबूत हों, तो असंभव भी संभव बन सकता है। इस उपलब्धि को वैश्विक स्तर पर भी सराहा गया है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट ने भारत के इस परिवर्तन को न केवल स्वीकार किया है, बल्कि इसे एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है। 2025 की यूएन आईजीएमई रिपोर्ट के अनुसार, अंडर-5 मृत्यु दर में 79 प्रतिशत और नवजात मृत्यु दर में लगभग 70 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। दक्षिण एशिया में इस सुधार में भारत की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है, क्योंकि इतनी विशाल और विविध आबादी वाले देश में इस स्तर का सुधार आसान नहीं होता। इस बदलाव के पीछे भारत सरकार की योजनाओं और स्वास्थ्य ढांचे की निर्णायक भूमिका रही है। जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिया, जिससे प्रसव के दौरान होने वाले जोखिमों में कमी आई। यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के माध्यम से बच्चों को समय पर टीकाकरण मिला, जिसने कई घातक बीमारियों को नियंत्रित किया। स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट्स और टेली-एसएनसीयू जैसी पहलों ने दूरदराज क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाईं। साथ ही, आईएमएनसीआई जैसी रणनीतियों ने बच्चों के बीमार होने पर त्वरित और प्रभावी उपचार सुनिश्चित किया।




कृति जैन
लेखिका


यदि क्षेत्रीय दृष्टिकोण से देखा जाए, तो दक्षिण एशिया में भी भारत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है। वर्ष 2000 में जहां इस क्षेत्र की बाल मृत्यु दर 92 प्रति 1000 थी, वह 2024 तक घटकर 32 रह गई, जिसमें भारत का योगदान प्रमुख रहा है। वैश्विक स्तर पर भी भारत की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय कमी आई है। यह दिखाता है कि एक विकासशील देश भी सुनियोजित प्रयासों से विश्व स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। जमीनी स्तर पर इन उपलब्धियों का असर साफ दिखाई देता है। हालांकि इस सफलता के बावजूद चुनौतियां पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। वैश्विक स्तर पर अभी भी लाखों बच्चों की मृत्यु हो रही है और भारत के कुछ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र ने भी सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रयासों की गति बनाए रखने पर जोर दिया है। भारत की यह यात्रा केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है। यह दुनिया को सिखाती है कि यदि नीतियां समावेशी हों और प्रयास निरंतर हों, तो बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## जहांआरा के सपनों में आई थीं मां बाल सुंदरी

औरंगजेब की बहन जहांआरा का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा था। औरंगजेब ने बड़े-बड़े वैद्य और हकीमों को बुलाया, लेकिन उसकी बहन पर दवाओं का कोई असर नहीं हुआ। कुछ दिनों बाद औरंगजेब की बहन के सपने में मां बाल सुंदरी ने बाल रूप में दर्शन दिए। मां ने सपने में आकर कहा कि उसका भाई औरंगजेब मंदिर का जीर्णोद्धार कराए, तो वह पूरी तरह से स्वस्थ हो जाएगी। अगले दिन यह बात जहांआरा ने औरंगजेब को बताई, जिसके बाद औरंगजेब ने तुरंत मंदिर के लिए अपने श्रमिक भेजकर मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर के ऊपर बनी मस्जिद नुमा आकृति एवं तीन गुंबद इस बात को प्रमाणित करते हैं।

# शक्तिपीठों में से एक मां बाल सुंदरी

ऊधम सिंह नगर के काशीपुर में कुंडेश्वरी मार्ग पर मां बाल सुंदरी मंदिर स्थित है। यह 52 शक्तिपीठों में से एक है। माता का यह नाम उनके द्वारा बाल रूप में की गई लीलाओं की वजह से पड़ा है। इसे पूर्व में उज्जैनी एवं उनकी शक्तिपीठ के नाम से भी जाना जाता था। यहां प्रतिवर्ष चैत्र मास की नवरात्र में चैती मेले का आयोजन किया जाता है। धार्मिक एवं पौराणिक काल में इसे गोविषाण नाम से भी जाना जाता था। महाभारत काल का इतिहास समेटे काशीपुर में मुगल शासक औरंगजेब जैसे मूर्तिभंजक शासक को नतमस्तक होना पड़ा था। यहां उज्जैनी शक्तिपीठ के नाम से प्रसिद्ध मां भगवती बाल सुंदरी का मंदिर शक्तिपीठ भी माना जाता है। किवदंतियां हैं कि औरंगजेब की बहन का स्वास्थ्य खराब हुआ, तो मां बाल सुंदरी ने उनकी बहन को सपने में दर्शन दिए। तब उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया।





### मंदिर में गिरी थी माता सती की बायीं भुजा

मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि चैती परिसर में भगवान विष्णु द्वारा सुदर्शन चक्र से माता सती के अंगों को काट दिए जाने के बाद माता की बायीं भुजा यहां गिरी थी। तब यहां माता की कोई मूर्ति नहीं, बल्कि एक शिला पर उनकी बायीं भुजा की आकृति गढ़ी हुई है, जिसकी श्रद्धालु पूजा करते हैं।

### अष्टमी से उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

मुख्य पंडा विकास बताते हैं कि शाक्य संप्रदाय से संबंधित अधिकांश मंदिरों में नवरात्रि में मेले लगते हैं। इसी तरह मां बाल सुंदरी मंदिर भी नवरात्र में अष्टमी, नवमी व दशमी के दिन श्रद्धालुओं की भारी संख्या मंद भीड़ उमड़ती है। माता पक्काकोट मंदिर से सप्तमी की अर्धरात्रि को पहुंचती हैं।

### मंदिर परिसर में स्थित है खोखला कदंब वृक्ष

लोक मान्यता अनुसार जो लोग इस मंदिर के वर्तमान पंडा है, उनके पूर्वज मुगलों के समय से यहां आए थे, तभी से मां बाल सुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। इस मंदिर परिसर में एक कदंब वट, पीपल आदि के पेड़ स्थित हैं। कदंब का तना और पतली टहनी तक सब खोखला है। पंडा पेड़ के संबंध में मान्यता बताते हैं कि एक बार एक महात्मा आए उन्होंने मंदिर के पंडा को शक्ति दिखाने को कहा, तो पंडा ने कदंब के पेड़ पर सरसों मारी तो पेड़ तुरंत सूख गया। उन्होंने फिर उसे हरा करने को कहा, तो पंडा ने पानी छिड़का, इसके बाद पेड़ हरा हो गया, लेकिन पेड़ खोखला रह गया।



कुंदन बिष्ट
काशीपुर



### बुक्सा जनजाति की कुलदेवी

आदि शक्ति की बाल रूप में पूजा होने के कारण ही इसे बाल सुंदरी कहा जाता है। मां बाल सुंदरी बुक्सा समाज की कुलदेवी है। आज भी बुक्सा समाज के लोग वर्ष में एक बार माता की विधिवत पूजा करने आते हैं और जागरण व भंडारे का आयोजन करते हैं। बताया कि गदरपुर, बाजपुर और रामनगर में बुक्सा समाज के लोग रह रहे हैं। माघ से फाल्गुन तक इन गांव के प्रत्येक घर में चिरागी (पूजा) कर उठावनी होती है। बुक्सा समाज के लोग चैत्र नवरात्र में अष्टमी, नवमी, दशमी पर पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

### समय के साथ मंदिर का किया जा रहा जीर्णोद्धार

जैसे-जैसे समय गुजरता गया मंदिर का भी जीर्णोद्धार होता रहा। आज मंदिर का स्वरूप काफी हद तक बदल गया है। मुख्य पंडा विकास के मुताबिक इस बार श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए दो नए यात्री निवास बनाए गए हैं, जहां श्रद्धालु नि:शुल्क ठहर सकेंगे। इन यात्री निवासों में पंखों सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही मुंडन संस्कार के लिए एक बड़ा हॉल भी तैयार किया जा रहा है ताकि छोटे बच्चों और उनके परिवारों को भीड़भाड़ से अलग व्यवस्थित स्थान मिल सके। इसके साथ मंदिर के दक्षिण द्वार के पास श्रद्धालुओं के लिए एक नया प्याऊ बनाया जा रहा है। इसके लिए करीब 300 फुट गहरा बोर कराया गया है।

**बंटवारे के बाद बची कम भूमि :** भूमि बंटवारे के बाद चैती मंदिर में लगने वाले मेले के लिए अब पहले से कम भूमि बची है। खासतौर पर जिस स्थान पर नखासा बाजार लगता था। वहां लगभग कई निर्माण हो चुके हैं।

### मेले में बरेली और झारखंड की मशहूर है लाठी

चैती मेले में एक दशक पूर्व तक लाठी-डंडों का बाजार खासा प्रसिद्ध था। लोग सालभर इसका इंतजार करते थे। खासतौर पर बरेली और झारखंड की लाठियां मशहूर थीं। लाठी कारोबारी वहां से लाठी थोक में लेकर आते थे।

### वर्ष 2018 से मेले का आयोजन करा रहा प्रशासन

वर्ष 2018 से पूर्व मंदिर के पंडाओं द्वारा मेले का आयोजन किया जाता था, लेकिन वर्ष 2018 के बाद प्रशासन मेले का आयोजन कर रहा है। हालांकि मेले का आयोजन कौन करेगा इसका वाद हाईकोर्ट में अभी भी विचाराधीन चल रहा है, लेकिन प्रशासन के मेला आयोजन करने के बाद दुकानदारों को मेले में दुकाने लेने के लिए भारी कीमतें चुकानी पड़ रही है।

### 12 वां उप ज्योतिर्लिंग

चैती मैदान परिसर में ही महाभारत कालीन मोटेश्वर महादेव मंदिर का शिवलिंग 12 वां उप ज्योतिर्लिंग है। शिवलिंग की मोटाई अधिक होने के कारण यह मोटेश्वर महादेव मंदिर के नाम से विख्यात है। स्कंद पुराण में भगवान शिव ने कहा कि जो भक्त कांवड़ कंधे पर रखकर हरिद्वार से गंगा जल लाकर यहां चढ़ाएगा उसे मोक्ष मिलेगा।



### हाईकोर्ट के बाद बलि प्रथा पर लगी रोक

चैती मेला में मां बाल सुंदरी से मन्नतें मांगने वाले लोग मन्नत पूरी होने पर बकरों की बलि देते थे, लेकिन वर्ष 2009 में उत्तराखंड हाईकोर्ट द्वारा बलि प्रथा पर रोक लगाने के बाद मंदिर में बलि प्रथा पर पूरी तरह रोक लगा दी गई। हालांकि लोग आज भी मन्नतें पूरी होने पर बकरे लाते हैं, लेकिन उन्हें छोड़ जाते हैं।

### डाकू सुल्ताना से लेकर फुलन देवी तक आते थे नखासा बाजार में घोड़े खरीदने



चैती मेले में लगे आ रहे नखासा बाजार का भी अपना इतिहास है। मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री के मुताबिक पंडा परिवार नौ पीढ़ियों से भी अधिक माता की सेवा करता आ रहा है। इस दौरान लगने वाले चैती मेले में नखासा बाजार भी लगता था। जहां राजस्थान, गुजरात समेत यूपी के अन्य जगहों से घोड़ों की कई तरह की नस्ल बेचने को लाई जाती थीं। पंडा अग्निहोत्री ने बताया कि नखासा बाजार में मशहूर डाकू सुल्ताना और फूलन देवी भी घोड़े खरीदने आया करते थे।

---

**जॉब का पहला दिन**

## सीखने के सफर की शुरुआत

मेरी नौकरी का पहला दिन मेरे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण और यादगार दिनों में से एक था। उस दिन मेरे भीतर उत्साह, जिज्ञासा और हल्की घबराहट तीनों का अनोखा मिश्रण था। जब मैं पहली बार ऑफिस पहुंची, तो सब कुछ नया और अलग-सा लगा। लोगों की तेज चाल, कंप्यूटर की लगातार चलती आवाजें और हर किसी का अपने काम में डूबा होना। यह सब मेरे लिए एक नया अनुभव था।

पहली बार किसी न्यूज रूम में मौजूद होना अपने आप में रोमांचक था। वहां का माहौल बेहद तेज और व्यस्त था, जहां हर खबर को समय पर और सटीक तरीके से तैयार करना सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है। मुझे शुरुआत में यह समझने में थोड़ी कठिनाई हुई कि किस तरह हर व्यक्ति बिना समय गंवाए अपने-अपने काम में जुटा रहता है, लेकिन धीरे-धीरे मैं उस वातावरण को महसूस करने लगी। पहले ही दिन मुझे खबरें लिखने, तथ्यों की पुष्टि करने और उन्हें सही ढंग से प्रस्तुत करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। यह सब मेरे लिए बिल्कुल नया था। कभी जानकारी अधूरी मिलती, तो कभी समय की कमी के कारण उसे जल्दी से संकलित करना पड़ता। ऐसे में कई बार लगा कि यह काम मेरी अपेक्षा से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मैंने इसे एक अवसर के रूप में लिया और हर कठिनाई को सीखने का जरिया बनाया। दिनभर के काम के दौरान कई बार ऐसा महसूस हुआ कि समय बहुत तेजी से भाग रहा है और मैं उसे पकड़ने की कोशिश कर रही हूं। फिर भी, मैंने खुद को संभाला और हर कार्य को समझने की पूरी कोशिश की। वरिष्ठों का मार्गदर्शन और सहयोग भी मुझे लगातार मिलता रहा, जिसने मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाया।



भावना
हल्द्वानी

इस पहले दिन ने मुझे सिखाया कि पत्रकारिता केवल खबर लिखने का काम नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदारी, सतर्कता और धैर्य की परीक्षा भी है। सही निर्णय लेना और हर जानकारी को परखना इस क्षेत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

दिन के अंत में जब मैंने अपने काम को पूरा किया, तो एक अलग ही संतोष की अनुभूति हुई। थकान के बावजूद मन में खुशी थी कि मैंने एक नए सफर की शुरुआत कर ली है। यह पहला दिन मेरे लिए न केवल एक अनुभव था, बल्कि एक प्रेरणा भी, जो आगे बढ़ने की राह दिखाता रहेगा।




---

## नारी शक्ति की सशक्त मिसाल अंजू

नवरात्र का पावन पर्व शक्ति, साहस और समर्पण की आराधना का प्रतीक है। इसी भाव को साकार करती हुईं डॉ. अंजू चौहान आज के दौर में नारी शक्ति की जीवंत मिसाल बनकर उभरी हैं। अपने ज्ञान, मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया है। डॉ. अंजू चौहान की सफलता की कहानी उनकी प्रारंभिक शिक्षा से ही शुरू हो जाती है। उनकी प्राथमिक व इंटरमीडिएट तक की शिक्षा पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बाजपुर में हुई। बचपन से ही वह पढ़ाई में बेहद मेधावी रहीं और हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती थीं। विद्यालय स्तर पर ही उनकी प्रतिभा और लगन ने यह संकेत दे दिया था कि वह भविष्य में कुछ बड़ा हासिल करेंगी। शैक्षिक वातावरण उन्हें विरासत में मिला। वह राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय, रेहटा के प्रधानाचार्य धूम बहादुर चौहान की पुत्री हैं, जिसके कारण शिक्षा और अनुशासन उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा। परिवार से मिले संस्कार और मार्गदर्शन ने उनके व्यक्तित्व को मजबूत आधार प्रदान किया। आगे चलकर उन्होंने डेटा साइंस में मानद डॉक्टरेट (केनेडी यूनिवर्सिटी ग्लोबल अवार्ड) प्राप्त कर एक नई पहचान बनाई। वह एक राष्ट्रीय बैंक में लाइफ फाइनेंशियल कंसल्टेंट, मनोवैज्ञानिक और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा परामर्शदाता के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उनके कार्यों ने समाज के विभिन्न वर्गों को नई दिशा और प्रेरणा दी है।

### नवरात्र और नारी शक्ति का साकार रूप

नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होती है, जो शक्ति, ज्ञान और करुणा के प्रतीक हैं। डॉ. चौहान का जीवन भी इन्हीं गुणों का प्रतिबिंब है। उन्होंने अपने ज्ञान से समाज को सशक्त किया और अपने कार्यों से यह साबित किया कि नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।

### सम्मानों से सजी उपलब्धियां

डॉ. अंजू चौहान को देश रत्न पुरस्कार 2025, अदम्य नारी रत्न पुरस्कार 2025, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम राष्ट्रीय विशिष्ट पुरस्कार 2025, पीएम मोदी विजन ऑफ इंडिया 2025, राष्ट्रीय प्रतिभा पुरस्कार 2025 सहित कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है। यह सभी सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्यों और राष्ट्र के प्रति समर्पण को दर्शाते हैं।

### युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

डॉ. चौहान की यात्रा यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। वह आज के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए एक प्रेरणास्रोत हैं, जो अपने सपनों को साकार करना चाहती हैं।

*-जीवन सिंह सैनी, बाजपुर*

### नवरात्र का संदेश

नवरात्र हमें यह सिखाता है कि हर नारी में अद्भुत शक्ति निहित होती है। डॉ. अंजू चौहान इस सत्य का सजीव उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने परिश्रम और समर्पण से यह सिद्ध कर दिया कि नारी शक्ति असीमित है। इस नवरात्र, हमें भी डॉ. अंजू चौहान जैसी प्रेरणादायी शख्सियतों से प्रेरणा लेकर अपने भीतर की शक्ति को पहचानना और समाज व राष्ट्र के उत्थान में योगदान देना चाहिए।




---

## 'परछाइयां': साहिर लुधियानवी की सृजन स्थली

मुंबई कभी रुकती नहीं। यह शहर मानो समय की धड़कन पर दौड़ता रहता है- दिन-रात, बिना ठहरे, बिना थके। सड़कों पर भागती कारें, देर रात तक जगती रोशनियां और काम में डूबे लोग इस शहर की पहचान हैं, लेकिन जब आप जूहू की तरफ मुड़ते हैं और अरब सागर के किनारे पहुंचते हैं, तो अचानक सब कुछ बदल जाता है। शहर का शोर पीछे छूट जाता है। हवा में एक धीमी नमी है और लहरें एक अनवरत संगीत रचती रहती हैं। इसी शांत इलाके में छिपा है वह घर, जहां मशहूर शायर साहिर लुधियानवी ने अपने जीवन का लंबा और रचनात्मक समय बिताया। उस घर का नाम है- 'परछाइयां'।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार



**'परछाइयां' की तलाश में-** रास्ते में कई लोगों से पूछते हैं। कोई कंधे उचकाकर कहता है-'पता नहीं।' कोई मुस्कराकर आगे बढ़ जाता है, लेकिन जिद है उस घर को देखने की, जहां साहिर ने अनेक कालजयी गीत और गजलें लिखीं। दीवारों को छूने की, उन कमरों की हवा में सांस लेने की। चलते रहते हैं, गलियों से गुजरते हैं। अजीब संयोग जैसे ही पूछना छोड़ देते हैं, रास्ता खुद खुल जाता है। अचानक एक बड़े, सलेटी रंग के शांत बंगले की नेमप्लेट पर नजर ठहर जाती है। काले अक्षरों में रोमन लिपि में लिखा है- 'परछाइयां'।

'परछाइयां' अर्थात साये। यह नाम पढ़ते ही साहिर की कई पंक्तियां जेहन में उभर आती हैं। उनकी शायरी में गहरी उदासी थी, पर वह उदासी निराशा नहीं, बल्कि संवेदना की रोशनी थी। यह बंगला लगभग पांच सौ वर्ग गज में फैला है। मुंबई में रहने वाले वास्तु विशेषज्ञ डॉ. जेपी शर्मा लाल धागेवाले साहिर साहब के बंगले को गुजरे कई दशकों को देख रहे हैं। वे बताते हैं कि "इसकी बालकनियों से कभी अरब सागर साफ दिखता होगा। ऊपर की मंजिलों में साहिर अपनी मां के साथ रहते थे। शाम ढलती, समुद्र से ठंडी हवा आती और कमरों में किताबों, कागजों और स्याही की हल्की गंध फैल जाती। यही वह जगह थी, जहां रातें जागती थीं और शब्द धीरे-धीरे कविता का रूप ले लेते थे।"




**सृजन का माहौल और अमर गीत :** इस घर के दरवाजे दोस्तों के लिए हमेशा खुले रहते थे। फिल्मकार, संगीतकार, कवि और शायर यहां आया करते। कोई धुन गुनगुनाता, कोई राजनीति पर बहस छेड़ देता, तो कोई नई कविता सुनाता। साहिर चुपचाप सुनते, फिर अचानक एक पंक्ति कहते और कमरे में सन्नाटा छा जाता, क्योंकि वह पंक्ति सीधे दिल में उतरती थी। इसी माहौल में कई अमर फिल्मी गीत जन्मे। जैसे 'उड़ें जब जब जुल्फें तेरी' (फिल्मः नौटंकी), जो प्रेम की मस्ती को बयां करता है, या 'तुमसा नहीं देखा' (फिल्मः तुमसा नहीं देखा), जिसमें साहिर की रोमांटिक संवेदना झलकती है। उनकी पंक्तियां आदर्शों की टूटन, समाज की विडंबना और प्रेम की कोमलता को एक साथ बोलती थीं। उनकी कलम विरोध भी करती थी और इंसानियत की लौ बचाए रखती थी। फिल्म प्यासा के 'ये दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है' जैसे गीत इसी घर की दीवारों में गूंजे होंगे, जहां सामाजिक अन्याय पर उनकी तीखी टिप्पणियां शब्दों में ढलती थीं। या 'अभी न जाओ छोड़कर' (फिल्मः हम दोनों), जो प्रेम की उदासी और बेचैनी को इतनी गहराई से व्यक्त करता है कि सुनकर दिल भर आता है।

**मां के प्रति समर्पण और व्यक्तिगत जीवन :** साहिर का निजी संसार भी इसी घर में बसता था। उन्होंने विवाह नहीं किया। उनकी सबसे बड़ी ताकत उनकी मां सरदार बेगम थीं। कहा जाता है कि किसी भी बड़ी चर्चा या निर्णय से पहले वे मां की राय अवश्य सुनते थे। मेहमान बैठे हों, बहस चल रही हो- वे उठकर मां के कमरे में जाते और पूछते, 'आप क्या सोचती हैं?' मां के प्रति यह सम्मान उनके व्यक्तित्व की कोमलता को उजागर करता है। जब 1976 में उनकी मां का निधन हुआ, तो साहिर भीतर से खाली हो गए। चार वर्ष बाद, 25 अक्टूबर 1980 को दिल का दौरा पड़ने से उनका जीवन थम गया।

### खामोशी और विरासत

साहिर के जाने के बाद 'परछाइयां' पर लंबी खामोशी छा गई। कभी जिन कमरों में संगीत और कविता की गूंज रहती थी, वहां सन्नाटा बस गया। विरासत को लेकर विवाद हुए, विशाल लाइब्रेरी बिखर गई। कुछ पांडुलिपियां संयोग से मिलीं, जिन्हें चाहने वालों ने सहेज लिया। आज यह बंगला थोड़ा थका हुआ खड़ा है, जैसे समय की धूल उस पर जम गई हो। फिर भी दीवारें उन शब्दों की आहट संभाले हुए हैं। नेमप्लेट पर लिखे 'परछाइयां' को छूते हुए लगता है कि सच्ची कविता दीवारों में नहीं, लोगों की स्मृतियों में रहती है। शायद इसलिए यह घर आज भी एक स्मारक की तरह खड़ा है, याद दिलाता हुआ कि एक शायर की सच्ची विरासत उसकी कविताएं और लोगों के दिल होते हैं। जब शब्द दिल से निकले हों, तो वे मुंबई की भीड़ में भी कभी खोते नहीं।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,532.96 | 23,114.50 |
| बढ़त | 325.72 | 112.35 |
| प्रतिशत में | 0.44 | 0.49 |

सोना 1,52,650 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,40,500 प्रति किलो

अमृत विचार

कानपुर, शनिवार, 21 मार्च 2026

www.amritvichar.com

# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### रिजर्व बैंक करेगा एक लाख करोड़ रुपये की वीआरआर नीलामी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक 23 मार्च को एक लाख करोड़ रुपये की एक दिन के लिए परिवर्तनीय रेपो दर (वीआरआर) नीलामी का आयोजन करेगा। केंद्रीय बैंक के अनुसार, यह नीलामी सुबह साढ़े नौ बजे से 10:00 बजे के बीच होगी और इन निधियों की वापसी 24 मार्च को होगी। आरबीआई ने वर्तमान और बदलती बैंकिंग प्रणाली की मजबूत स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह नीलामी आयोजित करने की घोषणा की है। वर्तमान में, बैंकिंग प्रणाली में अनुमानित तरलता लगभग 16,875.36 करोड़ रुपये के अधिशेष में है।

### टाटा स्टील ने पंजाब में शुरू की 3,200 करोड़ रुपये की परियोजना

**लुधियाना/नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को टाटा स्टील के अत्याधुनिक 'इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस' संयंत्र का उद्घाटन किया। करीब 3,200 करोड़ रुपये के निवेश वाली यह इकाई पूरी तरह इस्पात कबाड़ पर आधारित है। टाटा स्टील के अनुसार, 7.5 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता वाली इस इकाई में कार्बन उत्सर्जन प्रति टन इस्पात पर 0.3 टन से भी कम होगा। कंपनी ने इस संयंत्र को पर्यावरण के अनुकूल इस्पात निर्माण की दिशा में मील का पत्थर बताया है।

### लघु वित्त संस्थानों के लिए 20,000 करोड़ रुपये की ऋण गारंटी

**मुंबई।** सरकार ने सूक्ष्म वित्त संस्थानों को सहायता देने के लिए सीमित अवधि के लिए 20,000 करोड़ रुपये की ऋण गारंटी योजना को मंजूरी दी। ये संस्थान पिछले कुछ समय से धन जुटाने में आ रही कठिनाइयों की शिकायत कर रहे थे। सार्वजनिक क्षेत्र की राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी ने कहा कि सूक्ष्म वित्त संस्थानों के लिए ऋण गारंटी योजना 2.0 के तहत सदस्य ऋणदाता संस्थानों ने जून के अंत तक दिए ऋण शामिल किए जाएंगे।

# तेल की आपूर्ति पर दबाव कम करने के लिए लागू करें वर्क फ्रॉम होम, हवाई यात्रा घटाएं

## ईरान युद्ध से पैदा हुए संकट को कम करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने सुझाए उपाय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने पश्चिम एशिया में व्यवधान के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति पर पड़ रहे दबाव के प्रभाव को कम करने के लिए दुनिया भर में घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) और हवाई यात्रा घटाने जैसे कदम उठाने का सुझाव दिया है।

अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर हमले और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से काफी ऊपर पहुंच गईं। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसके लिए वैश्विक कीमतों में यह उछाल बड़ा व्यापक आर्थिक जोखिम उत्पन्न करता है और चालू खाते के घाटे को बढ़ाता है। इसके साथ रुपये पर दबाव डालता है और घरों व व्यवसायों के लिए ईंधन लागत भी बढ़ाता है। पिछले दिनों देश में रसोई गैस एलपीजी के दाम 60 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ाए गए थे। अब प्रीमियम पेट्रोल और औद्योगिक डीजल के दामों में भी वृद्धि की गई है। इस



बीच आईईए ने अपनी नई रिपोर्ट में पश्चिम एशिया के संघर्ष के कारण आपूर्ति बाधा को वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ा संकट करार दिया है क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है।

आम तौर पर हर दिन करीब 1.5 करोड़ बैरल कच्चा तेल और 50 लाख बैरल तेल उत्पाद इस जलडमरूमध्य से गुजरते थे, जो वैश्विक तेल खपत का लगभग 20 प्रतिशत है। भारत का कच्चे तेल का आधा आयात, 40 प्रतिशत गैस आयात और 85-90 प्रतिशत एलपीजी की आपूर्ति इसी मार्ग से होती थी। आईईए ने कहा, यह प्रवाह बहुत कम रह गया है। आपूर्ति में कमी का वैश्विक बाजारों पर बड़ा असर पड़ रहा है, जिससे कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं और डीजल, विमान ईंधन तथा एलपीजी जैसे कुछ परिष्कृत उत्पाद की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। आईईए ने कहा कि ऊंची कीमतों के घरों, व्यवसायों तथा व्यापक अर्थव्यवस्था पर असर को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। इसी को देखते हुए सरकारों, व्यवसायों एवं लोगों को ईंधन खपत घटाने और कीमतों के दबाव को कम करने के लिए कदम उठाने का सुझाव दिया गया है।

### ईंधन खपत घटाने को सुझाए 10 कदम

मुख्य उपायों में आवागमन के लिए ईंधन खपत कम करने, घर से काम (वर्क फ्रॉम होम/रिमोट वर्क) के लिए दूरस्थ कार्य को बढ़ावा देना, राजमार्गों पर गति सीमा कम से कम 10 किमी प्रति घंटा घटाना, सार्वजनिक परिवहन एवं साझा वाहन उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा बड़े शहरों में निजी वाहनों की आवाजाही सीमित करना शामिल है। अन्य उपायों में वाहन चलाने की दक्षता बढ़ाना, व्यावसायिक हवाई यात्राएं कम करना, गैरजरूरी उपयोग में एलपीजी के विकल्प अपनाना और औद्योगिक ईंधन दक्षता बढ़ाना शामिल है।

### इन कोशिशों से इन नतीजों की उम्मीद

- आईईए ने कहा, राष्ट्रीय स्तर पर जिन कामों में संभव हो, सप्ताह में तीन अतिरिक्त दिन घर से काम करने से कारों से तेल खपत में दो से छह प्रतिशत की कमी आ सकती है, जबकि व्यक्तिगत चालकों के लिए औसतन करीब 20 प्रतिशत तक कमी संभव है।
- राजमार्गों पर गति सीमा 10 किमी घंटा कम करने से व्यक्तिगत चालक की तेल खपत पांच से 10 प्रतिशत और निजी कारों की खपत एक से छह प्रतिशत तक घट सकती है। मालवाहक ट्रकों में भी कम गति के कारण पांच प्रतिशत बचत हो सकती है।
- निजी कारों से यात्रा कम कर सार्वजनिक अपनाने से कारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तेल खपत एक से तीन प्रतिशत तक घट सकती है। व्यावसायिक हवाई यात्राओं में 40 प्रतिशत कमी संभव है, इससे विमान ईंधन की मांग सात से 15 प्रतिशत तक घट सकती है।
- आईईए ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से आवागमन बहाल करना बाजार को स्थिर करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस बीच, सदस्य देशों ने आपात भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी किया है जो एजेंसी के इतिहास में सबसे अधिक है।

## भारत में सरकार का लॉजिस्टिक्स प्रणाली में सुधार और लागत कम करने पर जोर

**नई दिल्ली।** सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष से वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रभावित होने के मद्देनजर देश की लॉजिस्टिक्स प्रणाली एवं उसकी लागत में सुधार पर जोर दिया है।



अधिकारियों ने बताया कि भारत की लॉजिस्टिक्स प्रणाली अब संरचनात्मक बदलाव के दौर में प्रवेश कर चुकी है जिसे समन्वित नीतिगत सुधार, संस्थागत पुनर्संरचना, डिजिटल मंचों एवं बड़े पैमाने पर अवसंरचना योजना से गति मिली है। इन प्रयासों का उद्देश्य लंबे समय से जारी चुनौतियों जैसे विखंडित योजना, विभिन्न प्रणालियों की अक्षमताएं, आपूर्ति शृंखला में सीमित पारदर्शिता एवं उच्च लॉजिस्टिक्स लागत को दूर करना है। आधिकारिक अध्ययन के अनुसार, भारत में लॉजिस्टिक्स लागत जीडीपी का 7.97 प्रतिशत है, जो कुल मिलाकर लगभग 24.01 लाख करोड़ रुपये बैठती है।

अधिकारियों ने बताया कि भारत के लॉजिस्टिक्स सुधार आपस में जुड़े नीतिगत उपायों, डिजिटल मंचों एवं अवसंरचना पहलों पर आधारित हैं। इनका उद्देश्य दक्षता बढ़ाना, लागत घटाना तथा आपूर्ति शृंखला के एकीकरण को मजबूत करना है।

### पश्चिम एशिया संघर्ष से कीटनाशक की लागत में हो सकती है 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि: क्रॉपलाइफ

- **गुणवत्ता के साथ देश में उपज भी हो सकती है प्रभावित**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष भारत के फसल सुरक्षा उद्योग के लिए लागत में 20 से 25 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि कर सकता है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि प्रमुख समुद्री मार्गों में व्यवधान के कारण महत्वपूर्ण कृषि सत्र के दौरान जरूरी कीटनाशकों की कमी हो सकती है, जिससे पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। क्रॉपलाइफ इंडिया के चेयरमैन अंकुर अग्रवाल ने कहा, इन व्यवधानों के कारण एक महत्वपूर्ण कृषि सत्र के दौरान कुछ फसल सुरक्षा उत्पादों की कमी हो सकती है, जिससे उपज और उत्पाद की गुणवत्ता प्रभावित होगी। उद्योग पहले से ही संयंत्रों में कम क्षमता उपयोग के लिए तैयार है, जिसका कमाई और रोजगार पर व्यापक असर पड़ेगा। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इससे प्रभावित होंगे।

## देश में एलपीजी संकट बरकरार

**नई दिल्ली।** देश में एलपीजी की आपूर्ति में कमी शुक्रवार को लगातार तीसरे सप्ताह भी जारी रही। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे माल की आपूर्ति में बाधा बनी रहने से होटल सहित व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति प्रतिबंध जारी हैं। हालांकि सिलेंडर भरवाने को लेकर बुकिंग में कुछ कमी आई है।

ईरान युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। इसके जरिए भारत अपने आयात का 60 प्रतिशत प्राप्त करता है। इतनी बड़ी मात्रा में आपूर्ति अचानक बंद होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आपूर्ति शुरू में पूरी तरह रोक दी गई थी लेकिन बाद में उनकी जरूरत का पांचवां हिस्सा बहाल किया गया। इससे घरेलू उपभोक्ताओं में घबराहट में सिलेंडर बुक करवाना शुरू कर दिया क्योंकि उन्हें इसकी उपलब्धता सीमित होने का डर था।

**व्यवसायों को नहीं मिल पा रही गैस**



प्रयागराज में एलपीजी सिलेंडर के लिए बारिश में इंतजार करता युवक।

### आरबीआई ने आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को दुनिया के मौजूदा हालात और उनसे घरेलू बाजार पर पड़ने वाले असर की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान बदलते अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों और वित्तीय बाजारों पर उनके प्रभाव के साथ-साथ संबंधित चुनौतियों का आकलन किया गया। आरबीआई के बोर्ड की 622वीं बैठक शुक्रवार को पटना में गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में हुई।

### मुनाफाखोरी के लिए सरकार ने बढ़ाए पेट्रोल के दाम, ये जनता के साथ अन्याय : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने प्रीमियम पेट्रोल के 2.35 रुपये प्रति लीटर तक महंगा होने पर सरकार की आलोचना करते हुए उस पर मुनाफा कमाने का आरोप लगाया है। तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए शुक्रवार को की गई पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि को मुनाफाखोरी और अवसरवादिता करार दिया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 से 120 डालर के बीच होने के बावजूद सरकार की ओर से प्रीमियम पेट्रोल पर प्रति लीटर दो रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी जनता के साथ अन्याय है। तिवारी ने सवाल उठाया कि अगर यही काम कोई डीलर करता तो उसे मुनाफाखोर और अवसरवादी कहा जाता लेकिन केंद्र सरकार ने जानबूझकर मुनाफाखोरी करते हुए यह फैसला लिया है।

## आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन की वृद्धि दर घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में फरवरी में सालाना 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो तीन महीने का निचला स्तर है। पिछले साल फरवरी में आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 3.4 प्रतिशत और इस साल जनवरी में 4.7 प्रतिशत बढ़ा था।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में सीमेंट और इस्पात उत्पादन में बड़ी वृद्धि देखी गई है, जबकि कच्चे तेल और



- **फरवरी में हुई 2.3 प्रतिशत वृद्धि जनवरी में बढ़ी थी 4.7 प्रतिशत**

प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट रही। एक साल पहले की तुलना में फरवरी में सीमेंट का उत्पादन 9.3 प्रतिशत और इस्पात का 7.2 प्रतिशत बढ़ गया। उर्वरक उत्पादन में 3.4 फीसदी और कोयला उत्पादन में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि रही। बिजली उत्पादन 0.5 प्रतिशत बढ़ा। कच्चे तेल के उत्पादन में 5.2 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में पांच प्रतिशत की गिरावट रही।

रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में अप्रैल से फरवरी के बीच औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 2.9 प्रतिशत रही है। पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि में यह आंकड़ा 4.4 प्रतिशत रहा था। इस्पात उत्पादन 9.7 प्रतिशत और सीमेंट उत्पादन 9.2 प्रतिशत बढ़ा। पहले 11 महीने में उर्वरक उत्पादन में दो प्रतिशत और बिजली में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। प्राकृतिक गैस के उत्पादन में 3.5 प्रतिशत और कच्चे तेल में 2.5 प्रतिशत की गिरावट रही। रिफाइनरी उत्पादों में 0.1 प्रतिशत की वृद्धि रही। कोयला उत्पादन वित्त वर्ष में अब तक स्थिर रहा है।

## अवैध जुए, सट्टेबाजी पर कार्रवाई 300 वेबसाइट और एप ब्लॉक

**नई दिल्ली।** सरकार ने अवैध जुए और सट्टेबाजी की वेबसाइट के खिलाफ एक बड़े अभियान के तहत ऐसी 300 वेबसाइट और एप्लीकेशन को ब्लॉक कर दिया है।

ब्लॉक की गई वेबसाइट और एप ऑनलाइन स्पोर्ट्स सट्टेबाजी मंच, ऑनलाइन कैसीनो और सट्टा बाजारों की तरह काम करने वाले बेटिंग एक्सचेंज से संबंधित हैं। सूत्रों ने बताया कि सट्टा/मटका जुआ नेटवर्क और रियल-मनी कार्ड एवं कैसीनो गेम एप पर भी कार्रवाई की गई है। सरकार ने अवैध जुआ और सट्टेबाजी की वेबसाइट पर कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसी 300 वेबसाइट और एप्लीकेशन को ब्लॉक कर दिया है। अब तक ऐसी लगभग 8,400 वेबसाइट को ब्लॉक किया जा चुका है, जिनमें से अधिकांश (लगभग 4,900) ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम पारित होने के बाद ब्लॉक की गई हैं।

## पेट्रोल की कीमत बढ़ते ही ठंडी हुई शेयर बाजार की गरमी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में शुक्रवार को गिरावट थमी और बीएसई सेंसेक्स 326 अंक लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 112 अंक चढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सूचना प्रौद्योगिकी और धातु कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

बाजार में एक समय अच्छी बढ़त देखने को मिली लेकिन ईंधन कीमतों में उछाल के कारण महंगाई बढ़ने की आशंका के बीच दोनों मानक सूचकांकों ने बढ़त का बड़ा हिस्सा गंवा दिया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 325.72 अंक यानी 0.44 प्रतिशत चढ़कर 74,532.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,079.15 अंक यानी 1.45 प्रतिशत उछलकर 75,286.39 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 23,114.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 343 अंक यानी 1.49 प्रतिशत चढ़कर 23,345.15 अंक तक पहुंच गया था।

- **1,079 अंकों की ली थी उछाल 325 अंकों की बढ़त पर ठहरा**



### दिल्ली: चांदी 1,800 रुपये किलो मजबूत, सोना 650 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक चांदी की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर सभी करों सहित 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। बृहस्पतिवार को यह 2,38,700 रुपये थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही। यह 650 रुपये टूटकर सभी करों सहित 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। पिछले सत्र में सोना 1,53,300 रुपये पर बंद हुआ था।

## इत्र कारोबार पर ईरान युद्ध की मार, ज्यादातर निर्यात ऑर्डर हुए रद्द

**भोपाल, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और तनाव का सीधा असर मध्य प्रदेश के पारंपरिक इत्र कारोबार पर पड़ा है। क्षेत्र में बिगड़ते हालात के कारण न केवल बड़े पैमाने पर निर्यात ऑर्डर रद्द हो रहे हैं, बल्कि इत्र की बोतलों की आपूर्ति और कच्चे माल की उपलब्धता भी बुरी तरह प्रभावित हुई है।

'हाउस ऑफ हेरत परफ्यूम्स' के सैयद मोहम्मद अल्तमश जलाल ने शुक्रवार को कहा, बाजार की स्थिति काफी खराब है। विदेशी ऑर्डर रद्द होने की वजह से हमारे पास स्टॉक जमा हो गया है। आमतौर पर रमजान के महीने में इत्र की मांग बहुत अधिक रहती है, लेकिन इस बार हमें भारी नुकसान की आशंका सता रही है। उन्होंने बताया कि कन्नौज के गुलाब और ऊद जैसे प्राकृतिक इत्र की इस मौसम में विदेशी बाजारों में जबरदस्त मांग रहती है। लेकिन, अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने इस पूरे कारोबार की कमर तोड़ दी है।

जलाल ने बताया कि वे जिन



- **रमजान के सीजन में रहती थी भारी मांग, इस बार निर्यात ठप**

इकाइयों से इत्र और परफ्यूम खरीदते हैं, उनमें से अधिकांश उत्तर प्रदेश के कन्नौज में स्थित हैं, जो इत्र का प्रमुख केंद्र है। कन्नौज से जुड़े और 'ओरिस्का' ब्रांड के संस्थापक अब्दुल मुगीस फारूकी ने कहा, अगर यह अनिश्चितता लंबे समय तक बनी रहती है, तो मेरे स्टार्टअप पर इसका बुरा असर पड़ेगा। हम अपने नए उत्पादों को बाजार में उतारने के आखिरी चरण में हैं, लेकिन मौजूदा हालात चिंताजनक हैं। इंदौर स्थित 'शिवम फॉर्मुलेशंस' के शैलेन्द्र पाठक ने भी आगाह किया है कि यदि पश्चिम एशिया में स्थिति जल्द सामान्य नहीं हुई, तो कच्चे माल की कमी की समस्या और ज्यादा गहरा सकती है।

### कांच की बोतलों की बढ़ी कीमत भी बनी मुसीबत

जलाल के अनुसार, कारोबारी इस समय कांच की बोतलों की बढ़ती कीमतों से भी परेशान हैं। ये बोतलें गुजरात के कारखानों में बनती हैं, जो ईंधन के लिए एलपीजी पर निर्भर हैं और मौजूदा संकट से इसकी आपूर्ति बुरी तरह बाधित हुई है। उन्होंने कहा कि इत्र के व्यापार में कांच की बोतलें सबसे अहम कड़ी हैं। यदि पश्चिम एशिया में यह तनाव लंबा खिंचा, तो आने वाले दिनों में कारोबार के सामने गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।

## पीएनजी कनेक्शन में तेजी लाने को सड़क मरम्मत शुल्क माफ

**नई दिल्ली।** एनडीएमसी ने पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) के विस्तार के लिए पाइपलाइन बिछाने को लगने वाले सड़क मरम्मत शुल्क को तीन महीने के लिए माफ कर दिया है।

शुक्रवार को जारी एक परिपत्र में यह जानकारी दी गई। नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनएमडीसी) के बयान के अनुसार, यह निर्णय तीन महीने तक प्रभावी रहेगा। उम्मीद है कि इस कदम से इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा पीएनजी कनेक्शन देने के काम में तेजी आएगी।

## एस्सार की मेसाबी मेटैलिक्स को 10 अरब डॉलर तक मदद की घोषणा

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

- **अमेरिकी निर्यात-आयात बैंक का अपने देश के ऊर्जा प्रभुत्व को बढ़ाने की ओर कदम**

अमेरिका ने मिनेसोटा में एक बड़े खनिज एवं विनिर्माण परियोजना के लिए एस्सार समूह की कंपनी मेसाबी मेटैलिक्स को 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक के समर्थन की घोषणा की है। अमेरिकी निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम) ने यह घोषणा पिछले सप्ताह टोक्यो में आयोजित हिंद-प्रशांत ऊर्जा सुरक्षा मंत्रिस्तरीय एवं व्यापार मंच के दौरान की। एक्जिम की यह घोषणा अमेरिका के ऊर्जा प्रभुत्व को बढ़ाने की ओर कदम है।

एक्जिम ने कहा कि उसके ऋण करीब 30 अरब डॉलर के रणनीतिक समझौतों को आगे बढ़ा रहे हैं जिनका उद्देश्य हिंद-प्रशांत सहयोगियों के साथ मिलकर अमेरिका की आपूर्ति शृंखला सुरक्षा को मजबूत करना है। टोक्यो में आयोजित इस मंच में एक्जिम के चेयरमैन जॉन जोवानोविच, वरिष्ठ अधिकारियों सहित आंतरिक मामलों के मंत्री डग बर्गम और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के प्रशासक ली जेल्डिन उपस्थित थे। एक्जिम ने कहा कि मेसाबी मेटैलिक्स एक एकीकृत लौह अयस्क खनन एवं प्रसंस्करण संयंत्र का निर्माण कर रही है। इसे हर साल 70 लाख टन उच्च गुणवत्ता वाले प्रत्यक्ष अपचयन लौह अयस्क पेलेट्स के उत्पादन के लिए तैयार किया गया है।

### देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट जारी, अब सात अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर पर आया

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 मार्च को समाप्त सप्ताह में 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। 13 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.68 अरब डॉलर घटकर 555.57 अरब डॉलर रह गईं।



**मुश्किल हुई हवाई यात्रा** — हवाई क्षेत्रों पर लागू की गई हैं कई पाबंदियां, विमान ईंधन की बढ़ी कीमतों ने भी बढ़ाई चुनौती

## पश्चिम एशिया : उड़ानों में जोखिम के साथ बढ़ी लागत भी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हवाई क्षेत्रों पर अचानक लगी पाबंदियों, विमान ईंधन की ऊंची कीमतों और भारी बीमा राशि के कारण विमानन कंपनियां पश्चिम एशिया में उड़ानें संचालित करने में बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही हैं। क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच विमान सेवाओं में पहले ही कटौती की गई है और अब परिचालन से जुड़ी उलझनें और बढ़ गई हैं।

विमान कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि स्थिति बहुत तेजी से बदल रही है और पश्चिम एशिया के लिए उड़ानें भरने में कई तरह के जोखिम बने हुए हैं। विमानन नियामक



डीजीसीए ने सुरक्षा जांच के आधार पर विमान कंपनियों को क्षेत्र के नौ हवाई क्षेत्रों से बचने और आपात स्थिति के लिए पुख्ता वैकल्पिक योजना तैयार रखने को कहा है। उसने 28 मार्च तक बहरीन, ईरान, इराक, इजराइल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, कतर और यूएई के हवाई रास्तों का उपयोग न करने को कहा गया है। नियामक ने कहा कि भारतीय विमान कंपनियां कुछ शर्तों के साथ ओमान और सऊदी अरब के हवाई रास्तों का उपयोग कर सकती हैं, लेकिन उन्हें 32,000 फीट से कम ऊंचाई पर उड़ान भरने की अनुमति नहीं होगी।

नौ हवाई क्षेत्रों के संबंध में डीजीसीए ने स्पष्ट किया है कि विमान कंपनियों को प्रभावित क्षेत्र में किसी भी ऊंचाई पर उड़ान भरने से परहेज करना चाहिए। यदि कोई कंपनी उड़ान जारी रखती है तो यह पूरी तरह उसकी जिम्मेदारी और सुरक्षा जोखिम के आकलन पर निर्भर होगा।

### एक फेरे की उड़ान पर 30 लाख से एक करोड़ तक का अतिरिक्त खर्च

अधिकारियों के मुताबिक, युद्ध के कारण बीमा की रकम में भारी उछाल आया है। विमान के आकार के हिसाब से यह अतिरिक्त खर्च 30 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। एक अधिकारी ने बताया कि अब 'युद्ध जोखिम शुल्क' के रूप में छोटे विमान की एक फेरे की उड़ान पर 30-40 लाख रुपये और बड़े विमान पर 90 लाख से एक करोड़ रुपये तक का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इसके साथ ही, पश्चिम एशिया क्षेत्र में चलने वाले छोटे विमानों के उपयोग में भी काफी कमी आई है। एक अन्य बड़ी चुनौती कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण विमान ईंधन की बढ़ती लागत है।

### यात्रियों पर बढ़ा बोझ

- भारतीय विमान कंपनियों के कुल खर्च में ईंधन का हिस्सा लगभग 40% होता है। बढ़ते बोझ की भरपाई के लिए कंपनियों ने ईंधन शुल्क और अतिरिक्त अधिभार लागू किया है।
- एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने घरेलू टिकट पर 399 रुपये का ईंधन शुल्क लगाया है, विदेशी उड़ानों के लिए भी दरें बढ़ा दी गई हैं। इससे यात्रा महंगी हो गई है।
- इंडिगो 425 से 2,300 और अकासा एयर 199 से 1,300 रुपये तक का ईंधन शुल्क वसूल रही हैं। यह राशि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अलग-अलग तय की गई है।

## दुर्लभ खनिज के विनिर्माण बढ़ावा देने को बोलियां आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सरकार ने 7,280 करोड़ रुपये की सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएम) की विनिर्माण प्रोत्साहन योजना के तहत 6,000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) क्षमता के दुर्लभ खनिज (चुंबक) विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं।

भारी उद्योग मंत्रालय ने एकीकृत सिंटर्ड एनडीएफईबी (नियोडिमियम-आयरन-बोरोन) दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट) विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए लाभार्थियों के चयन के लिए प्रस्ताव आमंत्रण (आरएफपी) जारी किया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### द. कोरिया में फैक्ट्री में आग, 53 लोग घायल

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के मध्य शहर डेजॉन में एक कलपुर्जों की फैक्ट्री में शुक्रवार को लगी आग में कम से कम 53 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका जतायी है। शहर के डेडेओक जिले के अग्निशमन प्रमुख नाम ड्यूक-वू ने कहा कि उन लोगों में से 24 गंभीर रूप से घायल हो गए और अधिकारी कम से कम 14 अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं जिनके बारे में माना जाता है कि आग लगने के समय वे सुविधा केंद्र के अंदर मौजूद थे। अधिकारियों ने तत्काल इस बात की पुष्टि नहीं की कि घायलों में से किसी की हालत गंभीर है या नहीं। घटनास्थल से मिले वीडियो में परिसर से घना धुआं दिखाई दे रहा था।

### बेटी के साथ किम ने देखा सैन्य प्रशिक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और उनकी बेटी एक बार फिर सार्वजनिक रूप से साथ नजर आए और दोनों ने टैंक में सवार होकर सैन्य प्रशिक्षण की निगरानी की। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को कार्यक्रम की तस्वीरें प्रसारित कर यह जानकारी दी। इससे पहले किम और उनकी बेटी ने एक साथ रॉकेट प्रक्षेपण देखा था और पिस्तौल चलाई थीं। सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम ने बृहस्पतिवार को टैंक और पैदल सेना के जवानों से जुड़े गोलीबारी एवं अन्य सैन्य अभ्यासों की निगरानी की।

### वानुआतू द्वीप समूह में 6.1 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** दक्षिण-पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित वानुअतु द्वीप समूह में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सुबह 02:30 बजे 6.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र जीएफजेड ने दी। भूकंप का केंद्र गहराई में 10.0 किलोमीटर थी और शुरुआत में 19.47 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 168.19 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया।

### ट्रंप प्रशासन ने हॉर्वर्ड विवि पर किया मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने शुक्रवार को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के खिलाफ एक नया मुकदमा दायर किया। विभाग का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन यहूदी-विरोधी घटनाओं (एंटीसेमिटिज्म) को रोकने में विफल रहा, जिसके आधार पर सरकार मौजूदा अनुदान को रोक सकती है और पहले दिए गए अनुदान को भी वापस मांग सकती है।

# श्रीलंका ने अमेरिकी विमानों को नहीं दी लैंडिंग की मंजूरी

- राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके ने संसद को दी जानकारी

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका ने इस महीने की शुरुआत में अपने मत्तला अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो अमेरिकी युद्धक विमानों को उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शुक्रवार को संसद में यह जानकारी दी।

दिसानायके के अनुसार, जिबूती से आ रहे विमानों ने चार मार्च और आठ मार्च को उतरने का अनुरोध किया था, लेकिन दोनों अनुरोधों को खारिज कर दिया गया। एक स्थानीय अखबार ने संसद में उनके हवाले से कहा, हम कई दबावों के बावजूद अपनी तटस्थता बनाए रखना चाहते हैं। हम झुकेंगे नहीं। पश्चिम एशिया में हो रहे युद्ध से कई चुनौतियां है, लेकिन हम तटस्थ रहने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। वे आठ जहाज-रोधी मिसाइलों से लैस दो युद्धक विमान लाना चाहते थे, और हमने मना कर दिया। यह बयान दिसानायके द्वारा दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी विशेष दूत सर्जियो गोर के साथ मुलाकात के एक दिन बाद आया है। एक संयुक्त बयान के अनुसार, नेताओं ने महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा, बंदरगाहों को सुरक्षित करने, व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने, मुक्त और समृद्ध हिंद-प्रशांत को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

## प्रलय की दहलीज पर बैठी दुनिया

मानवता के इतिहास में परमाणु हथियारों का आविष्कार एक ऐसा मोड़ था, जिसने युद्ध की परिभाषा ही बदल दी। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हिरोशिमा और नागासाकी पर हुए हमलों ने दुनिया को इसकी विनाशकारी शक्ति से परिचित कराया था। आज, दशकों बाद, हम एक ऐसे दौर में खड़े हैं जहां परमाणु हथियारों का खतरा कम होने के बजाय और अधिक जटिल और व्यापक हो गया है। आज यह खतरा बहुध्रुवीय हो चुका है। यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद परमाणु धमकियों का दौर फिर से शुरू हो गया है। वहीं, मध्य-पूर्व में ईरान के बढ़ते कदम और उत्तर कोरिया के लगातार परीक्षणों ने वैश्विक सुरक्षा तंत्र को हिला कर रख दिया है। अब खतरा केवल घोषित परमाणु शक्तियों से ही नहीं, बल्कि उन देशों से भी है जो गुप्त रूप से परमाणु हथियारों को विकसित करने की होड़ में हैं।

## बढ़ता परमाणु खतरा



### यदि 'बटन' दब गया तो?

- एंड गेम : परमाणु युद्ध के परिणाम केवल सीमा तक सीमित नहीं रहेंगे; यह पूरी सभ्यता के लिए 'एंडगेम' साबित हो सकता है।
- परमाणु शीत : धमाके से निकलने वाली धूल और धुआं वायुमंडल की ऊपरी सतह को ढंक लेगा, जिससे सूरज की रोशनी सालों तक धरती पर नहीं पहुँच पाएगी। इससे वैश्विक तापमान गिर जाएगा और खेती पूरी तरह नष्ट हो जाएगी।
- रेडियोधर्मी प्रभाव : आने वाली कई पीढ़ियां अपंग और गंभीर बीमारियों के साथ पैदा होंगी। हवा, पानी और मिट्टी सदियों के लिए जहरीली हो जाएगी। ● आर्थिक और सामाजिक पतन : : वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और बिजली-संचार व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी।

### साये में पलती तबाही

- परमाणु संपन्न नौ देश : दुनिया में नौ देश (अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन, भारत, पाकिस्तान, इजरायल और उत्तर कोरिया) घोषित या स्वीकृत रूप से परमाणु संपन्न हैं। लेकिन कई ऐसे देश हैं जो अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों की परवाह किए बिना गुप्त रास्तों से परमाणु क्षमता हासिल करने में जुटे हैं।
- ईरान : ईरान का परमाणु कार्यक्रम सबसे अधिक चर्चा और विवाद में है। हालांकि ईरान इसे शांतिपूर्ण ऊर्जा कार्यों के लिए बताता है, लेकिन पश्चिमी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि वह यूरेनियम संवर्धन के उस स्तर के करीब है जहाँ हथियार बनाना संभव है।
- सऊदी अरब : मध्य-पूर्व के बदलते समीकरणों के बीच सऊदी अरब ने संकेत दिए हैं कि यदि ईरान परमाणु हथियार बनाता है, तो वह भी पीछे नहीं रहेगा। रिपोर्टों के अनुसार, सऊदी अरब ने चीन की मदद से यूरेनियम प्रोसेसिंग की तकनीक पर काम शुरू किया है। ● म्यांमार और सीरिया : समय-समय पर इन देशों में भी गुप्त परमाणु गतिविधियों की खबरें आती रही हैं।

### भारत के लिए पाकिस्तान सिरदर्द

- टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन्स : पाकिस्तान ने छोटे आकार के परमाणु हथियार विकसित किए हैं, जिन्हें वह युद्ध के मैदान में कम दूरी के लिए इस्तेमाल करने की धमकी देता है।
- अस्थिर शासन और सुरक्षा : पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता और कट्टरपंथी संगठनों का प्रभाव यह डर पैदा करता है कि कहीं ये हथियार आतंकियों के हाथ न लग जाएं।
- चीन-पाक गठजोड़ : चीन द्वारा पाकिस्तान को मिसाइल तकनीक और प्लूटोनियम रिएक्टरों में मदद करना भारत के लिए चुनौती है।

### भारत का सिद्धांत

- भारत किसी भी देश पर पहले परमाणु हमला नहीं करेगा। ● उतने ही हथियार रखेगा जो हमला रोकने के लिए पर्याप्त हों। ● यदि भारत पर परमाणु हमला होता है, तो भारत का जवाब इतना विनाशकारी होगा कि दुश्मन उसे सह नहीं पाएगा।

# भारत से जुड़ी कोई गुप्त गतिविधि अथवा कार्रवाई अब कनाडा में नहीं

## रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के आयुक्त ने एक सवाल के जवाब में की टिप्पणी

- दोनों देशों के कई महीने तक तल्ख संबंधों के बाद सकारात्मक रुख

**ओटावा, एजेंसी**

कनाडा के पुलिस प्रमुख ने कहा है कि उनके देश में अब भारत सरकार से जुड़ी कोई गुप्त गतिविधि या सीमा पार दमनकारी कार्रवाई नहीं हो रही है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के आयुक्त माइक डुहेम ने सीटीवी न्यूज से एक साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की। उनसे सवाल किया गया कि क्या भारत के एजेंटों द्वारा सीमा पार दमन अब भी चिंता का विषय है। डुहेम ने इसके जवाब में कहा कि वर्तमान में हमारे पास मौजूद आपराधिक जानकारी और जांच के आधार पर, हमें किसी भी विदेशी संस्था से कोई संबंध नजर नहीं आता।

डुहेम ने कहा कि मैं यह हमारे पास विदेशी हस्तक्षेप या सीमापार दमन से संबंधित सभी मामलों के समग्र आकलन के आधार पर कह रहा हूं। हमारे पास ऐसे लोग हैं जो लोगों को डरा रहे हैं, उन्हें परेशान कर रहे हैं लेकिन किसी विदेशी इकाई से, चाहे वह कोई भी देश हो, उनका संबंध जोड़ने के लिए हमारे पास कुछ नहीं है। उनकी यह टिप्पणी कनाडा और भारत के बीच कई महीनों तक बने रहे राजनयिक तनाव के बाद आई है।

भारत और कनाडा ने अपने संबंधों को सामान्य बनाने के लिए पिछले कुछ महीनों में कई कदम उठाए हैं। कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 2023 में आरोप लगाया था कि खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में संभवतः भारत की संलिप्तता है। ट्रूडो द्वारा ये आरोप लगाए जाने के बाद भारत एवं कनाडा के संबंध बेहद निचले स्तर पर चले गए थे। भारत ने ट्रूडो के आरोप को बेतुका करार दिया था।

ओटावा द्वारा अक्टूबर 2024 में निज्जर मामले से भारतीय उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को जोड़ने की कोशिश किए जाने के बाद भारत ने उन्हें वापस बुला लिया था। भारत ने इतनी ही संख्या में कनाडा के राजनयिकों को भी निष्कासित कर दिया था। हालांकि, पिछले साल अप्रैल में संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी के नेता मार्क कार्नी की जीत से संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की प्रक्रिया शुरू करने में मदद मिली। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की राजधानियों में अपने-अपने उच्चायुक्त तैनात कर दिए हैं। कार्नी इस महीने की शुरुआत में भारत आए थे।



### ट्रूडो के कार्यकाल में बिगड़े थे दोनों देशों के संबंध

जस्टिन ट्रूडो के कनाडाई प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान भारत-कनाडा संबंधों में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों के प्रति नरम रुख, 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बेबुनियाद आरोप, और 2018 की विवादित भारत यात्रा जैसे मुद्दों के कारण भीषण तल्खी आई। इसने राजनयिक निष्कासन, व्यापार वार्ता रुकने और राजनयिक संकट को जन्म दिया, जिससे रिश्ते अब तक के निचले स्तर पर पहुंच गए। संबंधों में तल्खी के कई कारण रहे। भारत ने लगातार कनाडा में खालिस्तान समर्थक चरमपंथी समूहों की सक्रियता पर चिंता जताई, लेकिन ट्रूडो सरकार ने नजरअंदाज किया।

### मार्क कार्नी के आने से संबंधों में हुआ सुधार

मार्च 2025 में मार्क कार्नी के कनाडा के प्रधानमंत्री बनने के बाद, भारत-कनाडा संबंधों में तनाव कम हुआ है और सुधार की दिशा में बढ़े हैं। उन्होंने पूर्व पीएम ट्रूडो के विपरीत, कूटनीतिक तरीकों को अपनाकर और बंद दरवाजों के पीछे बात करके, खालिस्तान मुद्दे के कारण उपजे मतभेदों को कम किया है। कार्नी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग और आर्थिक साझेदारी पर जोर दिया है। ट्रूडो की सार्वजनिक बयानबाजी के विपरीत, कार्नी ने कूटनीतिक रुख अपनाया है, जिससे दोनों देशों के संबंधों में काफी नरमी आई है।

## चीन ने जापान से कहा-गलत रास्ते पर जाने से बचें

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने जापान से अपने गलतियों पर विचार करने और उन्हें सुधारने, अपना रुख बदलने और गलत रास्ते पर आगे बढ़ने से बचने का आह्वान करता है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने गुरुवार को दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों द्वारा जारी एक रिपोर्ट के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये टिप्पणियां कीं। रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान पर जापान के पहले के रुख में काफी बदलाव आया है। हालांकि, जापानी सरकार ने कहा कि अस्तित्व खतरा को निर्धारित करने के उसके तरीके में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। लिन ने कहा कि जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के ताइवान पर गलत बयान ने चीन के अंतरिक मामलों में खुलेआम हस्तक्षेप किया है।

# पश्चिम एशिया से एलपीजी आपूर्ति स्थिति चिंताजनक

- सरकार ने कहा-देश में घरेलू खपत के लिए पर्याप्त भंडार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण क्षेत्र से एलपीजी आपूर्ति की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है लेकिन घरेलू उत्पादन 40 प्रतिशत पहुंच गया है और घरेलू खपत के लिए देश में अभी इसका पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

रसोई गैस के लिए एलपीजी छोड़कर पीएनजी लेने की सरकार की अपील के बाद देश के 15 बड़े क्षेत्रों में 13 हजार 700 से अधिक पीएनजी कनेक्शन दिये गये हैं और 7500 उपभोक्ताओं ने एलपीजी छोड़कर पीएनजी कनेक्शन लिया है। पिछले एक सप्ताह में राज्यों को उनकी जरूरत के आधार पर लगभग 11,300 टन वाणिज्यिक एलपीजी भी दी गई है। जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ अभियान के तहत देश भर में अलग अलग जगहों पर 4500 से अधिक छापे मारे गये हैं। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक लगभग तीन लाख भारतीय वहां से स्वदेश लौट चुके हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर शुक्रवार को अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि देश में सभी रिफाइनरियां अपनी उच्चतम क्षमता पर काम कर रही हैं। घरेलू एलपीजी उत्पादन 40 प्रतिशत पहुंच गया है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि 13,700 से अधिक पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं और लगभग 7,500 उपभोक्ताओं ने एलपीजी छोड़ पीएनजी कनेक्शन लिया है।

## चीन ने भारत के नए राजदूत की नियुक्ति का किया स्वागत

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को नए भारतीय राजदूत के रूप में वरिष्ठ राजनयिक विक्रम दुरईस्वामी की नियुक्ति का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि वह भारत-चीन संबंधों में निरंतर सुधार के लिए सकारात्मक योगदान देंगे। भारतीय विदेश सेवा के 1992 बैच के अधिकारी दुरईस्वामी वर्तमान में ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत हैं। चीन में उनके जल्द ही नया कार्यभार संभालने की उम्मीद है। 56 वर्षीय दुरईस्वामी चीन में प्रदीप कुमार रावत से यह जिम्मा लेंगे। दुरईस्वामी की नियुक्ति पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि राजनयिक राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण और सहकारी संबंधों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण सेतु होते हैं। लिन ने कहा कि चीन भारत के नए राजदूत का स्वागत करता है और यहां उनके पदभार ग्रहण करने के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी तथा भारत-चीन संबंधों को बेहतर बनाने में उनकी सकारात्मक भूमिका की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मैंने देखा कि राजदूत दुरईस्वामी ने अपना चीनी नाम चुना है: वेई जियामेंग।

## ऊर्जा संकट कम करने को आईईए ने दिए 10 सुझाव

- वैश्विक तेल आपूर्ति की बाधा को दूर करने में मिलेगी मदद

**पेरिस, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने शुक्रवार को कुछ ऐसे सुझाव पेश किये हैं, जिन्हें अपनाकर सरकारें, व्यवसाय और परिवार पश्चिमी एशिया में युद्ध से उत्पन्न तेल संकट के प्रभाव को कम कर सकते हैं। इस युद्ध ने वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ी आपूर्ति बाधा उत्पन्न कर दी है, क्योंकि हॉर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बेहद कम हो गई है।

आवाजाही का कम होना इसलिए तेल संकट का कारण बन गया है, क्योंकि आमतौर पर प्रतिदिन लगभग दो करोड़ बैरल कच्चा तेल और तेल उत्पाद इस जलडमरूमध्य से होकर गुजरते हैं। इस प्रवाह के रुकने से पेट्रोलियम बाजार इस कदर प्रभावित हुआ है कि कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं और डीजल, जेट ईंधन तथा तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) जैसे रिफाइंड उत्पादों की कीमतों में और भी भारी वृद्धि हुई है। इसलिए हॉर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से परिवहन को बहाल करना आवश्यक बना हुआ है। इस बीच, प्रभावित देश आपूर्ति और मांग दोनों पर कार्रवाई कर रहे हैं। 11 मार्च को आईईए के सदस्य देश आपातकालीन भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी करने पर सहमत हुए हैं जो एजेंसी के इतिहास में स्टॉक से की गई सबसे बड़ी निकासी है। केवल आपूर्ति-पक्ष के उपाय से इस बड़े व्यवधान की पूरी तरह भरपाई नहीं की जा सकती है। मांग को भी नियंत्रित करना जरूरी है ताकि उपभोक्ताओं पर पड़ने वाला दबाव कम किया जा सके।

## 10वीं कक्षा की रद्द परीक्षाओं के लिए नई योजना घोषित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में कक्षा 10वीं की परीक्षाओं के लिए एक विस्तृत मूल्यांकन योजना की घोषणा की है, जिन्हें बढ़ते संघर्ष के बीच रद्द कर दिया गया था। बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मौजूदा स्थिति की गहन समीक्षा के बाद परीक्षाएं रद्द कर दी गईं। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज के अनुसार, 17 से 28 फरवरी तक निर्धारित परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। इस दौरान गणित, अंग्रेजी और विज्ञान सहित छह शैक्षणिक विषयों की परीक्षाएं हुईं। इसके अतिरिक्त, 16 भाषा विषय और 22 कौशल विषय की परीक्षाएं भी आयोजित की गईं। भारद्वाज ने कहा कि सभी परीक्षाओं में शामिल हुए छात्रों के परिणाम परीक्षा में उनके प्रदर्शन के आधार पर घोषित किए जाएंगे।

## संरा प्रमुख बोले-अमेरिका और इजराइल खत्म करें युद्ध

- गुटेरेस ने वैश्विक परिणामों के प्रति भी किया आगाह

**ब्रुसेल्स, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को अमेरिका और इज़राइल से ईरान युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया और सैन्य कार्रवाई के स्थान पर कूटनीति अपनाने पर बल दिया।

यूरोपीय परिषद की बैठक के दौरान यहां गुटेरेस ने कहा कि इस युद्ध को समाप्त करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इज़राइल द्वारा शुरू किए गए इस संघर्ष का पूरी तरह से बेकाबू होने का खतरा है, साथ ही नागरिकों को भारी पीड़ा पहुंच रही है। गुटेरेस ने यह भी कहा कि युद्ध का प्रभाव युद्धक्षेत्र से कहीं अधिक दूर तक फैल रहा है। उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में हो रहे दुष्प्रभाव की चेतावनी दी, जिसके संभावित रूप से दुखद परिणाम हो सकते हैं, विशेष रूप से सबसे कम विकसित देशों के लिए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि युद्ध पर कूटनीति विजय प्राप्त करे। यूरोपीय संघ के सदस्य देशों ने गुरुवार को ब्रुसेल्स में बैठक की, जिसमें पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, विशेष रूप से यूरोपीय ऊर्जा कीमतों, ऊर्जा सुरक्षा एवं क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव पर चर्चा की गई। अमेरिका और इज़राइल ने 28 फरवरी को ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिससे वैश्विक नौवहन बाधित हुई, तेल की कीमतें आसमान छू गईं।



## प्रवासियों को लेकर ब्रिटेन- नाइजीरिया ने किया समझौता

**मॉस्को/लंदन।** ब्रिटेन और नाइजीरिया ने अवैध प्रवासियों की वापसी के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने जानकारी दी कि यह समझौता नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टिनूबू की ब्रिटेन यात्रा के दौरान हुआ, जो 37 वर्षों में किसी नाइजीरियाई नेता की लंदन की राजकीय यात्रा है। नए समझौते के तहत वीजा अवधि से अधिक रुकने वाले, विदेशी अपराधियों और विफल शरण चाहने वालों को ब्रिटेन से निकालना कहीं अधिक आसान हो जाएगा। समझौते के अनुसार, नाइजीरिया अब उन ब्रिटिश लेटर्स को मान्यता देगा, जो ब्रिटिश गृह मंत्रालय द्वारा उन व्यक्तियों को जारी किए जाते हैं जिनके पास वैध पासपोर्ट नहीं है। दोनों देश उन आपराधिक समूहों से निपटने के लिए एक मानकीकृत दस्तावेज सत्यापन प्रणाली लागू करेंगे जो वीजा का दुरुपयोग करते हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आप सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**वृष** – आज धैर्य के साथ अपना दिन बिताएं। धन को लेकर परेशानी हो सकती है। नकारात्मक खबर आपको मिल सकती है।

**मिथुन** – आज आपके आत्मबल में वृद्धि होगी। व्यापार में बड़ा अनुबंध होने की संभावना है। घर में मेहमानों का आगमन होता रहेगा।

**कर्क** – आज विदेश में व्यापार कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। परिवार में आनंद का वातावरण होगा। नई संपत्ति खरीद सकते हैं।

**सिंह** – आज विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आशा के विपरीत काम होने से आप थोड़े परेशान रहेंगे। दूसरों पर अधिक निर्भर न रहें।

**कन्या** – आज अपनी दिनचर्या को संयमित रखें। मन में नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध खराब न करें।

**तुला** – आज आपकी योजनाएं सफल होंगी। किसी मित्र के विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – आज आपका मन वर्जित कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकता है। अधिक धन कमाने के चक्कर में न रहें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं।

**धनु** – आज आपकी आर्थिक स्थिति शानदार रहने वाली है। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। बच्चों को पुरस्कार मिल सकता है।


**मकर** – आज नया काम शुरू करने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है। व्यर्थ के झगड़े मोल न लें। नजदीकी लोगों से विश्वासघात हो सकता है।

**कुंभ** – आज इंटरव्यू आदि में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। प्रेमीजन से अपने प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं।

**मीन** – आज संपत्ति को लेकर समस्या होने की संभावना है। आपके व्यवहार से लोग नाराज होंगे। धन अनावश्यक कार्यों में खर्च हो सकता है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 21 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया 23.56 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्विनी 22 मार्च 00.37 तक तत्पश्चात भरणी।

### सुडोकू - 94 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 7 |

### सुडोकू -95

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 2 | | | 6 |
| | | 7 | | | | 4 | | 1 |
| | 6 | | | | 5 | | 9 | |
| 6 | | | 4 | | | | | 5 |
| 9 | | | | | | | | 7 |
| | 3 | | | 7 | 9 | | | |
| 8 | | | 6 | | | | 7 | |
| | | 3 | | | | 2 | | |
| 4 | | | 9 | | | | 8 | |

## नाटो ने इराक से अपना सलाहकार मिशन हटाया

**दुबई।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने इराक से अपना सुरक्षा सलाहकार मिशन हटाकर सैकड़ों कर्मचारियों को यूरोप में स्थानांतरित कर दिया है। उत्तरी इराक में ब्रिटेन, फ्रांस और इटली के ठिकानों पर ईरान के सिलसिलेवार हमलों के बाद यह कदम उठाया गया है। नाटो के शीर्ष कमांडर जनरल एलेक्सस ग्रिनकविच ने पुष्टि की कि बचे हुए सैनिक शुक्रवार को वहां से रवाना हो गए। उन्होंने मिशन को सुरक्षित रूप से स्थानांतरित करने में मदद करने के लिए इराक सरकार का आभार जताया।

**महिलाओं को तरजीह** | पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए टीएमसी ने जारी किया घोषणा पत्र

# तृणमूल के वोटरों से 10 वादे, दुआरे चिकित्सा की शुरुआत

**कोलकाता, एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं के दायरे को व्यापक बनाने, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करने और बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित 10 वादे किए गए हैं।

पार्टी ने इस घोषणापत्र के माध्यम से अपने मजबूत महिला समर्थक आधार को अपने पाले में बनाए रखने का प्रयास भी किया है। पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने चुनावी घोषणापत्र जारी करते हुए जिन 10 प्रतिज्ञाओं की घोषणा की उनमें महिलाओं के लिए लक्ष्मीर भंडार योजना में 500 रुपये की वृद्धि और राज्य के हर प्रखंड में स्वास्थ्य शिविरों का आरंभ शामिल है। राज्य के मतदाताओं में लगभग आधी महिलाएं हैं और पिछले एक दशक से उन्हें तृणमूल कांग्रेस की चुनावी सफलता की रीढ़ माना जाता है। इस घोषणापत्र में सामाजिक कल्याण, स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता, युवाओं को सहयोग और कृषि पर भी विशेष जोर दिया गया है। ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस की सत्ता बरकरार रहने पर ये प्रतिबद्धताएं अगले पांच वर्षों के लिए शासन के खाका के रूप में काम करेंगी।



उन्होंने कहा कि घोषणापत्र में किए गए वादों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकास का पहिया बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ता रहे और खुशियों की रोशनी मेरे प्यारे बंगाल के हर घर तक पहुंचे। पार्टी द्वारा किए गए वादे के तहत मासिक वित्तीय सहायता में 500 रुपये की वृद्धि की जाएगी। सामान्य वर्ग की महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये मिलेंगे, जबकि एससी, एसटी से संबंधित महिलाओं को प्रति माह 1,700 रुपये प्राप्त होंगे।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को संकल्पित

ममता बनर्जी ने कहा कि मैं बंगाल की माताओं और बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने महिला मतदाताओं के बीच तृणमूल कांग्रेस के समर्थन आधार को मजबूत बनाने का श्रेय अक्सर लक्ष्मीर भंडार जैसी कल्याणकारी योजनाओं को दिया है। घोषणापत्र में दुआरे चिकित्सा के तहत हर घर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की शुरुआत का भी वादा किया गया है।



> हमारे कई प्रमुख खिलाड़ी नहीं खेल रहे हैं लेकिन हमारे पास अच्छे खिलाड़ियों की कमी नहीं है। पिच शुरू में थोड़ी मुश्किल लग रही थी। यह अच्छी बात थी कि दोनों खिलाड़ियों (कॉनवे और लैथम) ने इसे बखूबी संभाला।
> – मिशेल सैंटनर, न्यूजीलैंड के कप्तान


# स्टेडियम

कानपुर नगर, शनिवार, 21 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### आईएमएल के दूसरे सत्र में भाग लेंगे दिग्गज क्रिकेटर

**मुंबई।** सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, युवराज सिंह, शेन वाटसन, क्रिस गेल और कुमार संगकारा जैसे धुरंधर पूर्व क्रिकेटर 24 अक्टूबर से 14 नवंबर तक होने वाले इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) के दूसरे सत्र में भाग लेंगे। ये मैच मुंबई, वडोदरा और विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे। लीग के कमिश्नर सुनील गावस्कर ने कहा आईएमएल के पहले सत्र ने साबित कर दिया कि दिग्गज क्रिकेटरों का जादू अभी भी प्रशंसकों के सिर चढकर बोलता है । दूसरे सत्र में फोकस उस अनुभव को बेहतरीन प्रतिस्पर्धा, यादगार पलों और खेल के लिये उसी जुनून से जोड़ने पर रहेगा। दूसरे सत्र में छह फ्रेंचाइजी टीमें भारत, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका की होंगी।

### तन्वी ऑरलियन्स मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**ऑरलियन्स।** भारत की तन्वी शर्मा ने जापान की छठी वरीयता प्राप्त नात्सुकी निदैरा को सीधे गेम में हराकर शुक्रवार को यहां 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी ऑरलियन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता इस 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने महिला एकल क्वार्टर फाइनल में 43 मिनट में 21-14 21-14 से जीत दर्ज की। तन्वी का अगला मुकाबला जापान की पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा और वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### कजाखस्तान हॉकी टीम भारत में कर रही हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** कजाखस्तान की सीनियर पुरुष हॉकी टीम एशियाई खेलों के क्वालीफायर के लिये भारतीय खेल प्राधिकरण के सोनीपत स्थित उत्तर क्षेत्र केंद्र पर 10 से 21 मार्च तक हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कर रही है। भारत के प्रमुख हॉकी अभ्यास केंद्रों में से एक पर वल रहे इस शिविर में आधुनिक अनुकूलन सुविधायें, विश्व स्तरीय कृत्रिम टर्फ और बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल है जिससे कजाखस्तान को अच्छा अभ्यास मिल रहा है। अंतर्राष्ट्रीय टीमों की मेजबानी और मदद के जरिये भारत को खेलों में श्रेष्ठता का वैश्विक केंद्र बनाने के खेल मंत्रालय के विजन के तहत यह पहल की गई है।

### गोल्फर रिधिमा ने वर्ष 2026 का तीसरा खिताब जीता

**नोएडा।** रिधिमा दिलावरी ने खराब शुरुआत (बोगी –बोगी) के बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार तीसरा राउंड 71 के स्कोर के साथ पूरा किया और जेपी विशटाउन गोल्फ कोर्स में हीरो विमेंस प्रो गोल्फ टूर के छठे चरण में जैस्मिन शेखर को पीछे छोड़ दिया। पर –71 लेआउट पर खेलते हुए, रिधिमा, जो फाइनल राउंड की शुरुआत में जैस्मिन से तीन शॉट पीछे थीं, सिर्फ दो होल के बाद पांच शॉट पीछे हो गई थीं। इसके बाद रिधिमा ने शानदार वापसी करते हुए बाकी के 16 होल में दो बर्डी बनाईं और कोई बोगी नहीं की, जबकि जैस्मिन ने 4-ओवर 75 का स्कोर बनाया, जिसका अंत एक बोगी के साथ हुआ। जब जैस्मिन और रिधिमा 18वें टी पर पहुंचीं, तो वे इवन पार पर बराबरी पर थीं।

### अनाहत और तन्वी इंडियन ओपन स्क्वाश के सेमीफाइनल में

**मुंबई।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह और उनकी हमवतन गैर-वरीयता प्राप्त तन्वी खन्ना ने शुक्रवार को यहां अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मैच जीतकर जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अनाहत ने मलेशिया की सहवीत्रा कुमार पर 3-0 (11-2, 11-6, 11-4) की शानदार जीत दर्ज की जबकि तन्वी ने चौथी वरीयता प्राप्त आइना अमानी को 3-1 से हराया। हालांकि अनुभवी जोशना चिनप्पा मिस्र की नादिएन एल हम्मामी से 1-3 से हारने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। एक अन्य क्वार्टरफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त हाना मोआताज़ ने रोमांचक मुकाबले में मलेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त याश्मिता को 3-2 (11-8, 8-11, 7-11, 11-7, 11-8) से हराया।

# आईपीएल के जरिये वनडे विश्व कप संभावितों को तलाशेंगे चयनकर्ता

## चयन समिति के सदस्य अपने-अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे, बाकी टीवी पर देखेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वनडे विश्व कप में अभी एक साल का समय है, लेकिन भारत के 20 संभावित खिलाड़ियों का अनुमान लगाया जा चुका है। पांचों राष्ट्रीय चयनकर्ता 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शुक्रवार को पीटीआई को यह जानकारी दी।

अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति में एस एस दास, आर पी सिंह, अजय रात्रा और प्रज्ञान ओझा हैं। विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 अक्टूबर नवंबर में होगा।

चयन समिति के सदस्य अपने अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे जबकि बाकी मैच टीवी पर देखेंगे। आईपीएल के पहले मैच में गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। सीनियर अधिकारियों ने इन अटकलों को भी खारिज किया कि टी20 विश्व कप जीतने के बाद अगरकर ने अपना कार्यकाल 50 ओवरों के विश्व कप तक बढाने की मांग की है।

बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा चयन समिति बीसीसीआई की एक उप समिति है और चयनकर्ताओं का अनुबंध इस साल सितंबर तक है। अजित का करार सितंबर में खत्म हो रहा है जिसके बाद बीसीसीआई सचिव और अजित तय करेंगे कि वह अगले साल वनडे विश्व कप तक रहेंगे या नहीं। एक सीनियर चयनकर्ता चार साल तक पद पर रह सकता है और उसे करार बढ़ाने का अनुरोध करने की जरूरत नहीं है।

अगरकर जुलाई 2023 में चयन समिति के अध्यक्ष बने थे और उन्होंने विराट कोहली तथा रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद टेस्ट और टी20 में बदलाव का दौर देखा है। अगरकर मुंबई में रहते हैं जबकि दास कोलकाता के रहने वाले हैं। आर पी और रात्रा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हैं जबकि ओझा अपने हिस्से के आईपीएल मैच बेंगलुरू और हैदराबाद में देखेंगे। बीसीसीआई चाहता है कि हर चयनकर्ता कम से कम हर सप्ताह एक मैच देखे जिससे पांच मैच प्रति सप्ताह हो जाएंगे। इसके अलावा टीवी पर मैच देख सकते हैं। टी20 विश्व कप 2028 और उसी साल ओलंपिक को देखते हुए इस साल आईपीएल में उन 20 खिलाड़ियों को तलाशने पर नजर होगी जो 50 ओवरों का विश्व कप खेलेंगे। चयन समिति मुल्लांपुर में छह से 10 जून तक अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए भी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारेगी हालांकि इस मैच से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अंक नहीं मिलने हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर शुरुआती मैच नहीं खेलेंगे

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड समेत चार तेज गेंदबाज इस महीने के आखिर में शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के सत्र के शुरुआती मैच नहीं खेल सकेंगे, जिससे उनकी टीमों को करारा झटका लगा है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के अनुसार स्टार्क, कमिंस और हेजलवुड आईपीएल की शुरुआत में उपलब्ध नहीं होंगे, जबकि नाथन एलिस पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए काफी संभलकर अपने तेज गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन कर रहा है ।ऑस्ट्रेलिया को अगले एक साल में 21 टेस्ट खेले हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड का दौरा करेगी जबकि 2027 में वनडे विश्व कप होना है। रिपोर्ट में कहा गया ये तीनों तेज गेंदबाज अगले कुछ सप्ताह में लौटेंगे। टेस्ट कप्तान कमिंस ने कमर की चोट के कारण पिछले सत्र में एक ही टेस्ट खेला है जबकि हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए थे ।दोनों ने टी20 विश्व कप भी नहीं खेला। स्टार्क ने पांचों एशेज टेस्ट खेले और बिग बैश लीग में भी हिस्सा नहीं। टी20 क्रिकेट से संन्यास के कारण वह विश्व कप का हिस्सा नहीं थे। आस्ट्रेलियाई चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा कि कमिंस और हेजलवुड की उपलब्धता 'टाइमिंग' का मसला है।

### हमारी गेंदबाजी को काफी निखार रहे भरत सर : ऋषभ पंत

**लखनऊ।** आईपीएल के पिछले सत्र में गेंदबाजी लखनऊ सुपर किंग्स की कमजोर कड़ी थी, लेकिन कप्तान ऋषभ पंत का कहना है कि सहयोगी स्टाफ में भरत अरुण के आने से इस विभाग में टीम को मजबूत करने में काफी मदद मिल रही है। पंत ने जियोस्टार से बातचीत में लखनऊ टीम के चेन्नई में लगाये गए शिविर और भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच अरूण के जुड़ने से टीम के युवा तेज गेंदबाजों को मिल रही मदद के बारे में बताया। पंत ने कहा तेज गेंदबाजों के साथ शिविर बेहतरीन रहा। भरत अरुण सर के आने से काफी मदद मिल रही है । हमने इस पर काफी बात की है कि मैं गेंदबाजों से क्या चाहता हूं और वह इसमें क्या मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा वह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कोचों में से एक हैं और उनके साथ काम करने के अनुभव के कारण मुझे पूरा भरोसा है। वह अपने साथ अपार अनुभव लाये हैं । गेंदबाजों को उन पर भरोसा है और वे उनसे बात करते हैं ।आपको एक गेंदबाजी कोच से यही चाहिए होता है। पंत ने कहा पिछले सत्र का प्रदर्शन देखें तो हमें गेंदबाजी में सुधार की जरूरत थी ।इसमें अरुण सर हमारी मदद कर सकते हैं और मुझे खुशी है कि वह टीम के साथ हैं। ड्रेसिंग रूम में सबसे मजाकिया इंसान पंत ने कहा कि इससे तनाव के पलों में माहौल हल्का करने में मदद मिलती है।



कोलकाता नाइट राइडर्स के असिस्टेंट कोच शेन वॉटसन, हेड कोच अभिषेक नायर मेंटर ड्वेन ब्रावो और कप्तान अजिंक्य रहाणे (बाएं से क्रमश:)। एजेंसी

# हर्षित राणा आईपीएल के पूरे सत्र से बाहर

**कोलकाता, एजेंसी**



तेज गेंदबाज हर्षित राणा टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच के दौरान लगी चोट के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं जो कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए बड़ा झटका है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के टी20 विश्व कप अभ्यास मैच के दौरान इस तेज गेंदबाज के दाहिने घुटने के लिगामेंट में खिंचाव आ गया था। इसके बाद फरवरी में उनकी सर्जरी हुई और उन्हें लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन के लिए जाना पड़ा।

केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने कहा यह बड़ा झटका है क्योंकि हर्षित राणा पिछले कुछ सत्र से टीम के अभिन्न अंग रहे हैं। इनमें वह सत्र भी शामिल है जिसमें टीम चैंपियन बनी थी। पिछले एक साल में उन्होंने एक क्रिकेटर के रूप में काफी तरक्की की है। उन्होंने कहा हमें हर्षित राणा की कमी खलेगी। उनकी जगह भरना आसान नहीं है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में हमने कई गेंदबाजों को परखा है कि कौन इस भूमिका में फिट बैठता है और कौन अपनी पूरी क्षमता से यह काम कर सकता है। उम्मीद है कि हम कुछ दिनों में फैसला ले लेंगे।

### कप्तानी की चुनौती के लिए तैयार रहाणे

**कोलकाता।** पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन और टीम में कई बदलाव करने के बावजूद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कप्तान अजिंक्य रहाणे पर अपना भरोसा बरकरार रखा है, जिन्होंने शुक्रवार को यहां कहा कि वह शांति और सकारात्मकता के साथ जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हैं। रहाणे ने पिछले सत्र में 390 रन बनाए लेकिन उनकी टीम केवल पांच मैच ही जीत पाई और आखिर में आठवें स्थान पर रही। इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा कि उन पर किसी तरह का दबाव नहीं है और वह सही मानसिकता के साथ चुनौतियों का सामना करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर शृंखला में बढ़त बनाई

**ऑकलैंड (न्यूजीलैंड), एजेंसी**



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टॉम लैथम। एजेंसी

टॉम लैथम की 63 रन की नाबाद पारी और डेवोन कॉनवे के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां तीसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका पर आठ विकेट से आसान जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज फिर से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और उसकी टीम नौ विकेट पर 136 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 137 रन बनाकर 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर दिया और इस तरह से पांच मैच की शृंखला में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली।

कॉनवे ने 39 रन बनाए जबकि लैथम ने अपना चौथा टी20 अर्धशतक बनाया। टिम रॉबिंसन ने 17 रन का योगदान दिया। इस शृंखला में अभी तक बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं रही हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहले मैच में केवल 91 रन का लक्ष्य मिला था जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरे मैच में 107 रन पर आउट हो गई और न्यूजीलैंड ने 68 रन से जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका ने इस शृंखला में शुक्रवार को पहली बार 20 ओवर तक बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंद पर सर्वाधिक नाबाद 26 रन बनाए। लैथम और कॉनवे ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले दो ओवरों में पांच रन और पहले तीन ओवरों में 12 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने चौथे ओवर में मोकोएना पर 14 रन और लुथो सिपामला द्वारा किए गए पांचवें ओवर में 21 रन बनाकर न्यूजीलैंड को आसान जीत की राह पर अग्रसर किया। कॉनवे ने 11वें ओवर में केशव महाराज की गेंद पर सीमा रेखा पर कैच दिया। जब स्कोर बराबर था तब रॉबिंसन भी आउट हो गए। निक केली ने विजयी रन बनाया। चौथा मैच रविवार को वेलिंगटन में खेला जाएगा।

### महिला क्रिकेट टीम दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका जाएगी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम 20 से 23 दिसंबर तक गकेबेरहा में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार है। इस दौरे में तीन मैचों की वनडे सीरीज भी शामिल है। आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा ये वनडे मैच 9 से 15 दिसंबर तक पोचेफ्स्ट्रूम, ब्लूमफोंटेन और केपटाउन में खेले जायेंगे। यह टेस्ट मैच इस फ़ॉर्मेट में दोनों टीमों के बीच सिर्फ़ चौथी भिड़ंत होगी, और सेंट जॉर्ज पार्क में खेला जाने वाला सिर्फ़ दूसरा महिला टेस्ट मैच होगा। इस दौरे की शुरुआत 6 दिसंबर को बेनोनी में साउथ अफ्रीका इमर्जिंग टीम के खिलाफ एक वार्म-अप मैच से होगी। भारत का यह दौरा दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के लिए एक हाई-प्रोफ़ाइल घरेलू सीजन का पहला हिस्सा होगा<bha>;</bha> इसके बाद नए साल में 18 मार्च से 11 अप्रैल, 2027 तक ऑस्ट्रेलिया की टीम एक पूरे मल्टी-फ़ॉर्मेट दौरे के लिए आएगी। ऑस्ट्रेलिया के इस दौरे में तीन टी20, तीन वनडे और एक टेस्ट मैच शामिल होंगे। टी20 सीरीज़ किम्बर्ली, बेनोनी और ईस्ट लंदन में खेली जाएगी।

# भारत की अंडर-20 महिला टीम एशियाई कप खेलने थाईलैंड पहुंची

**बैंकॉक, एजेंसी**



भारत की 24 सदस्यीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड में अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप से पहले 15 दिन के शिविर में भाग लेने शुक्रवार को यहां पहुंच गई।

भारतीय टीम ने दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। यह टीम दो अप्रैल को जापान के खिलाफ ग्रुप सी के पहले मुकाबले से पूर्व13 दिन अनुकूलन शिविर में भाग लेगी। भारत को पांच अप्रैल को आस्ट्रेलिया से और आठ अप्रैल को चीनी ताइपै से खेलना है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी। क्वार्टर फाइनल जीतने वाली टीमें पोलैंड में इस साल होने वाले फीफा अंडर 20 विश्व कप में जगह बनाएंगी। भारतीय टीम ने इंडियन वुमेंस लीग के पहले चरण के बाद बेंगलुरु में स्वीडिश कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में अभ्यास किया है । इसके अलावा स्वीडन में एक महीने का अभ्यास शिविर भी लगा था।

- **दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के लिए भारत ने किया क्वालीफाई**

**टीम**

गोलकीपर : मोनालिसा देवी एम, नंदिनी, रिबांसी जामू, डिफेंडर : अलका इंदवार, सिंडी आर कोलनी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रुचि यादव, सहीना टीएच, शुभांगी सिंह, टी चानू तोइजाम, मिडफील्डर : अंजू चानू कायेनपेइबाम, अरिना देवी एन, भूमिका देवी, मोनिशा सिंघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी, फॉरवर्ड : बबीता कुमारी, दीपिका पाल, लिंगदेइकिम, शिलजी शाजी, सिबानी देवी एन, सुलांजना राउल।

### ईरान की महिला फुटबॉल टीम का तेहरान पहुंचने पर भव्य स्वागत

**तेहरान।** ईरान की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम का यहां लौटने के बाद भव्य स्वागत किया गया जबकि कई खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी। मिडफील्डर फातिमा शबान ने कहा सबसे पहले तो मैं ईरान आकर बहुत खुश हूं क्योंकि यह हमारा देश है। दर्शकों ने झंडे लहराये और कुछ खिलाड़ियों के हाथ में गुलदस्ते भी थे ।शबान ने अनुवादित बयान में कहा मैंने सोचा नहीं था कि इतने लोग हमारा स्वागत करने आयेंगे ।मुझे ईरान की बेटी होने की खुशी है।

**तैयारी**

**बोले- आपसी संबंधों को मजबूत करने पर दे रहे ध्यान**

# श्रेयस अय्यर का लक्ष्य पंजाब किंग्स को ट्रॉफी दिलाना

**मोहाली, एजेंसी**



पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने शुक्रवार को कहा कि उनकी नज़र ट्रॉफी पर है और उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले मैदान के बाहर आपसी संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

अय्यर ने मोहाली में फ्रेंचाइजी की जर्सी के अनावरण समारोह में कहा यह वह समय है जब हम दो महीने तक एक परिवार की तरह रहते हैं। जितना अधिक समय हम साथ बिताते हैं, उतना ही हम एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जान पाते हैं। यही वह समय है जब हम अपने बीच सौहार्दपूर्ण संबंध मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा हम अपना अधिकतर समय गेम रूम में फीफा और अन्य गेम खेलते हुए बिताते हैं। मैचों के लिए रणनीति आमतौर पर मैच से एक या दो दिन पहले बनती है, लेकिन मैदान के बाहर यह मजबूत रिश्ता हमें आखिर में बेहतर परिणाम हासिल करने में मदद करता है। पंजाब किंग्स अपने अभियान की शुरुआत 31 मार्च को घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ करेगा। अय्यर को उनके प्रशंसकों ने ''सरपंच साहब'' का उपनाम दिया है और वह जानते हैं कि उनसे काफी उम्मीद की जा रही है। उन्होंने कहा हमसे काफी उम्मीद की जा रही है जो अच्छा भी है। मुझे चुनौती पसंद है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि जब भी हम मैदान में उतरें, हमें जीतना होगा। मेरी नज़र ट्रॉफी पर है। अय्यर को हाल के दिनों में चोटों से भी जूझना पड़ा लेकिन अब वह पूरी तरह से फिट हैं।

उन्होंने कहा चोट के बाद वापसी करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। मेरा वजन लगभग सात किलो कम हो गया था और उसे वापस पाने में काफी मेहनत लगी। लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं। मुझे खुशी है कि मैंने अपने जीवन के उस दौर को पार कर लिया है और मैं पूरी तरह फिट होकर टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए यहां वापस आया हूं।

### राजस्थान रॉयल्स के लिए नहीं खेल सकेंगे चोटिल सैम करेन

**जयपुर।** इंग्लैंड के करिश्माई हरफनमौला सैम करेन ग्रोइन की चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सत्र नहीं खेल सकेंगे जबकि टीम विकल्प पर विचार कर रही है। भारत से टी20 विश्व कप सेमीफाइनल हारने वाली इंग्लैंड टीम के सदस्य रहे करेन को राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स से खरीदा था। उनके बदले में संजू सैमसन अब चेन्नई टीम के लिये खेलेंगे। पंजाब किंग्स और चेन्नई के लिए खेल चुके 27 वर्ष के कुरेन को आईपीएल 2023 सत्र के पहले 18 .5 करोड़ रुपये में खरीदा गया था लेकिन चोट के कारण वह बाहर ही रहे।